निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स





बिहार में सीओ और एसआई गिरफ्तार


• बोकारो, बुधवार, 10 सितम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 115 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


# सीपी राधाकृष्णन बने देश के 15वें उपराष्ट्रपति



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** एनडीए उम्मीदवार और झारखंड-महाराष्ट्र के राज्यपाल रह चुके चंद्रपुरम पोन्नुसामी (सीपी) राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति चुन लिए गए हैं। मंगलवार को संपन्न चुनाव में उन्होंने विपक्षी इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवार न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बी. सुदर्शन रेड्डी को 152 वोटों से शिकस्त दी। राधाकृष्णन को कुल 452 प्रथम वरीयता वोट मिले, जबकि रेड्डी को 300 वोट प्राप्त हुए। राज्यसभा महासचिव एवं रिटर्निंग ऑफिसर पीसी मोदी ने परिणामों की घोषणा करते हुए बताया कि चुनाव में 98.2 प्रतिशत मतदान हुआ। 788 योग्य सांसदों में से 767 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें से 752 वोट वैध और 15 अमान्य पाए गए। मतगणना की प्रक्रिया नए संसद भवन में संपन्न हुई। उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 13 सांसदों ने मतदान नहीं किया। इनमें बीजू जनता दल के सात, भारत राष्ट्र समिति के चार, शिरोमणि अकाली दल का एक और एक निर्दलीय सांसद शामिल रहे। परिणाम घोषित होते ही एनडीए खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के आवास के बाहर जश्न शुरू हो गया। राधाकृष्णन का राजनीति में लंबा अनुभव रहा है। वे झारखंड और तेलंगाना के राज्यपाल के साथ-साथ पुडुचेरी के उपराज्यपाल भी रहे। कोयंबटूर से दो बार सांसद चुने गए राधाकृष्णन का जन्म 20 अक्टूबर 1957 को तमिलनाडु के तिरुपुर में हुआ। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से भी जुड़े रहे हैं। गौरतलब है कि पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके स्थान पर अब सीपी राधाकृष्णन देश के नए उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे।

# सीसीएल वाहनों में आगजनी कांड का पुलिस ने किया खुलासा, सात अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** चरही थाना क्षेत्र में सीसीएल की आउटसोर्सिंग कंपनी आरकेएस सीपीएल के वाहनों में आगजनी की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें गिरोह का सरगना इमदाद रजा भी शामिल है। पुलिस ने इनके पास से हथियार, जिंदा गोली, चाकू, मोबाइल फोन और नक्सली संगठन से जुड़ी आपत्तिजनक सामग्रियां बरामद की हैं। ज्ञात हो कि 24 अगस्त 2025 की रात आठ से दस की संख्या में अपराधियों ने पेट्रोल छिड़ककर कंपनी के तीन हाइवा और तीन पोकलेन वाहनों में आग लगा दी थी। इस मामले में सीसीएल सुरक्षा प्रभारी निलेश कुमार के आवेदन पर चरही थाना कांड संख्या 85/25 दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ (सदर एवं विष्णुगढ़) के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया था। 9 सितंबर को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अपराधी तापिन नॉर्थ 44 नंबर जंगल में किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे हैं। इसके बाद एसआईटी ने छापेमारी कर सातों अपराधियों को दबोच लिया। पुलिस कप्तान अंजनी अंजन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में 24 अगस्त की आगजनी घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। जांच में सामने आया कि मास्टरमाइंड इमदाद रजा ने ही पूरे घटनाक्रम की योजना बनाई थी। उसने दो चचेरे भाइयों की मदद से रेकी करवाई और फिर कंपनी प्रबंधन से लेवी वसूलने के दबाव में वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इमदाद रजा पूर्व में सीसीएल में वाहन चालक के रूप में कार्यरत रहा है और लगातार कंपनी प्रबंधन पर लेवी के लिए दबाव बना रहा था। गिरफ्तार अपराधियों से पुलिस ने छह जिंदा कारतूस, तीन चाकू, सात नक्सली पर्चे, बोलेरो नियो वाहन (जिससे 22 लेटरपैड बरामद हुए) और छह मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।



## दिनदहाड़े फायरिंग : ट्रैक्टर चालक को पांच गोलियां लगीं, हालत नाजुक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** जिले में मंगलवार को दिनदहाड़े हुई फायरिंग की वारदात से सनसनी फैल गई। चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बांधडीह रेलवे साइडिंग पर दो बाइक सवार अपराधियों ने ट्रैक्टर चालक जादू कुमार पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। हमलावरों ने गोली चलाने से पहले उसे एक पर्चा भी थमाया। लगातार पांच राउंड फायरिंग में जादू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली उसके पेट, पैर और जांघ में लगी है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल बोकारो जनरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम उसका इलाज कर रही है। बीजीएच कैजुअल्टी इंचार्ज डॉ. अवध कुमार ने बताया कि घायल की स्थिति नाजुक बनी हुई है और उस पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। फायरिंग की वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों बाइक सवार अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने अपराधियों की तलाश में सघन छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बताया कि अपराधियों ने पांच राउंड फायर किए और एक पर्चा भी छोड़ा है। इसमें रंगदारी, व्यवसायिक विवाद या किसी और मामले की आशंका है। इसकी जांच एसआईटी करेगी। एसपी ने कहा कि घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन कर दिया गया है, जो यह पता लगाएगा कि हमलावर कहां से आए थे और वारदात के पीछे किसका हाथ है। पुलिस जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करेगी। परिजनों का कहना है कि जादू कुमार पेशे से ट्रैक्टर चालक है। उन्हें पहले एक्सीडेंट की सूचना दी गई थी, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि उसे गोली मारी गई है। परिजन हमले के पीछे की वजह से

# सदर अस्पतालों में मिलेगी एमआरआइ और सीटी स्कैन की सुविधा, 91 डॉक्टर अनुबंध पर बहाल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने घोषणा की है कि राज्य के सभी जिलों के सदर अस्पतालों में जल्द ही एमआरआइ और सीटी स्कैन जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए शीघ्र ही मशीनों की खरीद की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मंत्री मंगलवार को नामकोम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान के सभागार में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के तहत अनुबंध पर नियुक्त 91 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों (सीएचओ) को नियुक्ति पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को नौकरी देने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगी। उन्होंने बताया कि रांची में मेडिको सिटी और 2,100 बेड वाले सुपर स्पेशियलिटी किडनी अस्पताल की स्थापना की जाएगी। साथ ही छह जिलों में नए मेडिकल कॉलेज भी खोले जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने अपने हालिया बोकारो दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों ने सरकारी अस्पतालों में एमआरआइ और सीटी स्कैन मशीनों की कमी की शिकायत की थी। इसी के बाद सरकार ने सभी सदर अस्पतालों में इन सुविधाओं को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने के लिए सख्त फैसले लिए जा रहे हैं। विरोध और अफवाहों के बावजूद घोषणाओं का असर अगले एक-दो वर्षों में धरातल पर दिखेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव, राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान के निदेशक शशि प्रकाश झा, झारखंड मेडिकल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक अबु इमरान और निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. सिद्धार्थ सान्याल समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### भाई ने बहन को मारी गोली, मौत

**पूर्णिया (नबिटा ब्यूरो)।** मधुबनी थाना क्षेत्र के मधुबनी बाजार में सोमवार देर रात एक लड़की की गोली मारकर हत्या कर दी गई। लड़की को 3 गोली मारी गई है। लड़की की पहचान 27 साल की छोटी कुमारी केसरी के रूप में हुई है। गोली लगने के बाद परिवार लड़की को लेकर पूर्णिया पहुंचा जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार प्रेम प्रसंग में ये हत्या की गई है। लड़की के भाई ने ही गोली मारकर हत्या की है। बहन का अफेयर चल रहा था, जिसका भाई विरोध करता था।

### किशनगंज में भारत- नेपाल बॉर्डर सील

**किशनगंज (नबिटा ब्यूरो)।** नेपाल के भद्रपुर नगरपालिका में आंदोलनकारियों की आगजनी के बाद किशनगंज में भारत-नेपाल सीमा को सील कर दिया गया है। गलगलिया थाना क्षेत्र से तीन किलोमीटर दूर भद्रपुर में हिंसक प्रदर्शनों के कारण सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एसपी सागर कुमार स्वयं स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने सीमावर्ती थानों के थानाध्यक्षों को विशेष निर्देश दिए हैं। भारत-नेपाल और भारत-बांग्लादेश सीमा मार्गों पर चौकसी बढ़ाई गई है। चेक पोस्टों पर सभी गाड़ियों की जांच की जा रही है।


### हथियार साफ करते समय चली गोली

**जहानाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** परस विगहा थाना क्षेत्र के लच्छु बीघा गांव निवासी बिजली मिस्त्री मनोज कुमार गोली लगने से घायल हो गए। मनोज एक घर में बिजली का काम कर रहे थे। घर के मालिक संतोष कुमार हथियार की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान अचानक हथियार से गोली चल गई। गोली मनोज कुमार के सीने में लग गई। घटना के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घायल मनोज को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

### रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल, दारोगा निलंबित

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** रिश्वत मांगने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद धनरूआ थाना में पदस्थापित दारोगा प्रवेश कुमार को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। सिटी पूर्वी एसपी परिचय कुमार ने यह कार्रवाई की है। वीडियो में दावा किया गया है कि धनरुआ थाना के सब इंस्पेक्टर प्रवेश कुमार ने एक केस में नाम हटाने के बदले महिला दुकानदार से 30 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। वीडियो के मुताबिक सब इंस्पेक्टर सुपरविजन के बहाने बांसबिगहा गांव स्थित किराना दुकान पर पहुंचा और नाम हटाने के लिए 30 हजार रुपए की डिमांड की थी जबकि महिला हाथ जोड़कर कहती रही कि साहब गरीब लोग हैं, झूठे केस में इसे फंसाया गया है, दया करिए।

### प्रधानमंत्री 17 सितंबर को 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का करेंगे शुभारंभ




**नयी दिल्ली (नबिटा ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 17 सितंबर को 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ करेंगे। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि इसी दिन से आठवें राष्ट्रीय पोषण माह की भी शुरुआत की जा रही है जो 16 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। उन्होंने समस्त देशवासियों से आग्रह किया कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में इस जागरूकता अभियान का हिस्सा अवश्य बनें। मंत्री ने बताया कि अभियान के तहत मोटापा घटाने पर जोर देते हुए चीनी और तेल का सीमित सेवन, प्रारंभिक बचपन की देखभाल एवं शिक्षा के साथ पोषण भी, शिशु एवं छोटे बच्चों की आहार पद्धतियां, पोषण और बच्चों की देखभाल में पुरुषों की भागीदारी एवं स्थानीय पौष्टिक खाद्य संसाधनों को बढ़ावा आदि पर लोगों को जागरूक किया जायेगा। इसके साथ-साथ, देशभर में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में आवेदन हेतु विशेष पंजीकरण मुहिम तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सीएचसी आदि में 75 हजार हेल्थ कैंप आयोजित किए जाएंगे, जहां विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# बेगूसराय के सीओ और मधेपुरा के एसआइ रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बिहार में निगरानी विभाग की बड़ी कार्रवाई**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग ने मंगलवार को दो बड़ी कार्रवाइयों को अंजाम देते हुए बेगूसराय और मधेपुरा जिले के अधिकारियों को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। बेगूसराय जिले के डंडारी अंचल अधिकारी (सीओ) राजीव कुमार और मधेपुरा जिले के मिठाही पुलिस शिविर प्रभारी (एसआइ) मितेंद्र प्रसाद मंडल को निगरानी की टीम ने धर दबोचा। बेगूसराय में यह कार्रवाई विनय कुमार चौरसिया की शिकायत पर हुई थी। आरोप था कि अंचल अधिकारी राजीव कुमार ने सरकारी कार्य के बदले दो लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। शिकायत संख्या 625/825 की जांच और सत्यापन के बाद निगरानी विभाग की विशेष टीम ने डंडारी अंचल कार्यालय में छापेमारी कर राजीव कुमार को रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया। उनके दो सहयोगी डाटा ऑपरेटर कर्मियों को भी हिरासत में लिया गया है। वहीं, मधेपुरा के मिठाही पुलिस शिविर प्रभारी मितेंद्र प्रसाद मंडल को मंगलवार सुबह उनके कार्यालय से ही पकड़ा गया। शिकायतकर्ता वकील कुमार यादव ने बताया कि जमीन विवाद से जुड़े मामले में मंडल लगातार पैसे की मांग कर रहे थे और धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। अंततः उन्होंने पटना स्थित निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई। सत्यापन के बाद निगरानी की टीम ने 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते ही मंडल को गिरफ्तार कर लिया। निगरानी विभाग के पुलिस उपाधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत की गई है। दोनों मामलों में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भ्रष्टाचार से जुड़े अन्य मामलों पर भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। इन गिरफ्तारियों से प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है और अन्य अधिकारियों को भी स्पष्ट चेतावनी मिल गई है।

# झारखंड में तीसी उत्पादन बढ़ाने की अपार संभावनाएं : डॉ. डीके यादव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में मंगलवार से दो दिवसीय वार्षिक रबी तेलहन समूह बैठक–2025 की शुरुआत हुई। इस मौके पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) के उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) डॉ. डीके यादव ने कहा कि भारत खाद्यान्न, नकदी और चारा फसल उत्पादन में आत्मनिर्भर हो चुका है, लेकिन अब भी 55% खाद्य तेल आयात करना पड़ता है। झारखंड में तीसी फसल का क्षेत्र, उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि 1962 में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष खाद्य तेल की खपत 4 किलो थी, जो 2024 में बढ़कर 20 किलो हो गई, लेकिन उत्पादकता में खास सुधार नहीं हुआ। रबी मौसम में गेहूं, चना और सरसों जैसी फसलों से प्रतिस्पर्धा के कारण किसान तीसी की ओर आकर्षित नहीं हो रहे हैं। जब तक उत्पादन और लाभांश अन्य रबी फसलों के बराबर नहीं होगा, तब तक इसका विस्तार संभव नहीं है। बीएयू के कुलपति डॉ. एससी दुबे ने कहा कि बायो-फोर्टीफाइड प्रभेदों की सीमित उपलब्धता, बीज प्रतिस्थापन दर की कमी और प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन न होना तीसी विस्तार में प्रमुख बाधाएं हैं। आईसीएआर के सहायक महानिदेशक (तेलहन एवं दलहन) डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि पिछले एक दशक में तीसी के क्षेत्र में 20% की कमी आई है। उन्होंने कहा कि तेलहन फसलों पर भी गेहूं जैसी सफलता पाने के लिए ठोस प्रयास जरूरी हैं। भारतीय तेलहन अनुसंधान संस्थान हैदराबाद के निदेशक डॉ. आरके माथुर ने तीसी और कुसुम संबंधी अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत 2024–25 में हुई उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल में विकसित कुसुम की एक प्रजाति में 42% से अधिक तेल की मात्रा पाई गई है। बैठक में बिहार कृषि विश्वविद्यालय भागलपुर और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर को तीसी के सर्वोत्तम शोध केंद्र तथा वसंत राव नाइक मराठवाड़ा कृषि विद्यापीठ, परभनी (महाराष्ट्र) को कुसुम फसल के सर्वोत्तम शोध केंद्र का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. पीके सिंह, डॉ. मणिगोपा चक्रवर्ती, डॉ. एएल रत्नाकुमार, डॉ. पी. भूपति, डॉ. अभिजीत कर, डॉ. सुजय रक्षित, डॉ. विशाल नाथ, डॉ. एनबी चौधरी, डॉ. अवनी कुमार सिंह, डॉ. एसआर भट्ट, डॉ. डीएम हेगड़े और डॉ. अनंत विश्वकर्मा समेत देशभर के कई कृषि वैज्ञानिकों ने अपने विचार रखे।

# 8053 ग्राम पंचायतों में बनेगा विवाह मंडप, सेविका-सहायिका के मानदेय में बढ़ोतरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित बिहार कैबिनेट की बैठक में 25 एजेंडों पर मुहर लगी। इस बैठक में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका को लेकर बड़ा फैसला लिया गया। आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय 7000 से 9000 और सहायिका का 4000 से 4500 रुपए बढ़ाने की कैबिनेट में स्वीकृति मिली है। इसके लिए 345 करोड़ 19 लाख 20 हजार की राशि भी स्वीकृत हुई है। सीएम ने सोमवार को ही इसकी घोषणा की थी।

**छह शहरों में बनेगा एलपीजी शवदाह गृह**

कोयंबटूर स्थित ईशा फाउंडेशन को छह शहरों पटना, गयाजी, छपरा, सहरसा, भागलपुर और बेगूसराय में गैस (एलपीजी) आधारित शवदाह गृह की स्थापना एवं संचालन के लिए इन शहरों में एक-एक एकड़ भूमि एक रुपये के टोकन पर इस फाउंडेशन को लीज पर दी गई है। नगर निगम स्तर पर योजना प्रभाग के गठन की मंजूरी दी गई है। इसके अंतर्गत सहायक नगरपालिका योजना पदाधिकारी का पद सृजित किया गया है। नगरपालिकाओं को सौंपे गए दायित्वों एवं कार्यों के निर्वहन में सुगमता के उदेश्य से इन पदों पर नियमित नियुक्ति जरूरी है। नगर निकायों में लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके मद्देनजर नगरपालिका विधि सेवा नियमावली, 2025 की स्वीकृति प्रदान की गई है।

**पटना में बनेगा जीविका का मुख्यालय**

इसके अलावा कैबिनेट में अन्य कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर भी सहमति बनी है। इसके तहत बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) के राज्य स्तरीय कार्यालय यानी जीविका मुख्यालय का निर्माण पटना में करने के लिए 73 करोड़ 66 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत लोक उदेश्य के कार्यों तथा विभिन्न तरह की आधारभूत संरचना मसलन नाला, सड़क, प्रशासनिक भवन, सम्राट अशोक भवन, मोक्षधाम या शवदाह गृह, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत कंपोस्ट प्लांट, तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सीवरेज या सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट समेत अन्य के निर्माण के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। इससे शहरों का सौंदर्यीकरण, आधारभूत संरचना का निर्माण एवं नागरिक सुविधा का विकास हो सकेगा।

**मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना को मिली स्वीकृति**

मंत्रिपरिषद की बैठक में मुख्यमंत्री फ़ेलोशिप योजना की स्वीकृति दी गई है। इसके लिए 121 फ़ेलो का चयन करने और दो वर्ष के लिए इस योजना के संचालन पर 31 करोड़ 85 लाख 88 हजार 900 रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके तहत चयनित विशेषज्ञों को बोधगया स्थित आईआईएम से अनुबंध किया गया है। चयनित फ़ेलो को प्रति महीने एक निश्चित राशि 1.50 लाख, 1.25 लाख, 1 लाख और 80 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय के तौर पर दी जाएगी। इन्हें अलग-अलग विभागों में रखा जाएगा। मुख्यमंत्री सचिवालय में 4 पद, डिप्टी सीएम कार्यालय में 2, मुख्य सचिव कार्यालय एवं विकास आयुक्त कार्यालय में 2-2 पद के अलावा अन्य विभागों में एक-एक पद और प्रमंडलीय आयुक्त, जिलाधिकारी और नगरपालिका आयुक्त कार्यालय में भी एक पद रखा गया है।

**8053 ग्राम पंचायतों में बनेगा विवाह मंडप**

मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना के तहत राज्य के सभी 8053 ग्राम पंचायत में चरणबद्ध तरीके से विवाह मंडप का निर्माण कराने के लिए बिहार आकस्मिकता निधि से 50 करोड़ रुपए देने की स्वीकृति दी है। यह नई योजना है, इस वजह से आकस्मिक निधि से अग्रिम राशि मंजूर की गई है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूर्ण करने के लिए 100 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। यह राशि राज्य योजना मद में बिहार आकस्मिक निधि से जारी की गई है।

**गांव में लगेगी सोलर स्ट्रीट लाइट**

पंचायती राज विभाग अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय और मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के बकाया विद्युत विपत्रों के भुगतान के लिए बिहार आकस्मिकता निधि से 5 अरब 94 करोड़ 56 लाख रुपए देने का निर्देश दिया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत बिहार आकस्मिकता निधि से एक अरब रुपए की राशि की स्वीकृति दी है।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

# चरही में सीसीएल आउटसोर्सिंग कंपनी पर हमला, पुलिस ने 7 अपराधियों को किया गिरफ्तार, हथियार व मोबाइल बरामद

## पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चरही थाना क्षेत्र में 24 अगस्त 2025 को सीसीएल की आउटसोर्सिंग कंपनी अरविंद कोलियरिज लिमिटेड के व्यू प्वाइंट पर लगभग 8 से 10 अपराधियों ने अचानक धावा बोल दिया। अपराधियों ने ट्रकों और वाहनों को आग के हवाले करने का प्रयास किया, जिसमें 3 हाइवा और 3 पिकअप वाहन जलकर खाक हो गए। इस घटना में कंपनी के एक कर्मचारी भी घायल हुए। घटना से कंपनी को भारी नुकसान पहुंचा।

इस मामले में चरही थाना कांड संख्या 191/25 दर्ज की गई थी, जिसमें कई गंभीर धाराएँ लगाई गईं। घटना के बाद हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसआईटी टीम का गठन कर विशेष अभियान शुरू किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर 9 सितम्बर 2025 को पुलिस ने छापेमारी कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सभी ने अपराध में शामिल होने की बात कबूल की। गिरफ्तार अपराधियों के पास से 6 जिन्दा गोली, 7 सीसीएल पर्चे, एक बोलेरो वाहन और 6 मोबाइल फोन बरामद किए गए।



**गिरफ्तार अपराधियों के नाम**

1. इमदाद रजा (21 वर्ष), ग्राम मालीपुर, थाना चरही, हजारीबाग।

2. सचिन कुमार रविदास (24 वर्ष), ग्राम कोसमा, थाना चौपारण, हजारीबाग।

3. अफसर आलम (21 वर्ष), ग्राम पिपरा, थाना चरही, हजारीबाग।

4. अजमत अंसारी (22 वर्ष), ग्राम बुधुआडीह, थाना तिलैया, कोडरमा।

5. साहिल रजा (18 वर्ष), ग्राम बुधुआडीह, थाना तिलैया, कोडरमा।

6. रामप्रवेश यादव (30 वर्ष), ग्राम कोसमा, थाना चौपारण, हजारीबाग।

7. सुनील कुमार दास (29 वर्ष), ग्राम कांको, थाना तिलैया, कोडरमा।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस सफल अभियान से क्षेत्र में अपराधियों के मनोबल को तोड़ा गया है और शांति-व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया गया है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुई मदरसा तहफूज-ए-इस्लाम बरही में कदाचार मुक्त परीक्षा

## मौलवी व मैट्रिक प्रशिक्षित पद पर नियुक्ति हेतु हुआ साक्षात्कार



**बरही/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरही के कोनरा स्थित मदरसा तहफूज-ए-इस्लाम में मंगलवार को मौलवी (प्रशिक्षित) व मैट्रिक (प्रशिक्षित) पदों पर नियुक्ति के लिए कदाचार मुक्त परीक्षा एवं साक्षात्कार पूरी पारदर्शिता के साथ साथ संपन्न हुआ झारखंड सरकार जैक प्रतिनिधि विमल किशोर । मौलवी (प्रशिक्षित) पद के लिए आवेदनकताओं में से एक अभ्यर्थी और मैट्रिक (प्रशिक्षित) पद के लिए नौ में से एक अभ्यर्थी अनुपस्थित रहा। परीक्षा के बीच बरही के पदेन सदस्य एवं एसडीओ जोहन टुडू ने औचक निरीक्षण के उपरांत कहा कि परीक्षा व साक्षात्कार प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में ली जा रही है जो संतोषजनक है। नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए झारखंड अधिविध परिषद, रांची की ओर से विषय विशेषज्ञ भी नियुक्त किए गए हैं। मौलवी (प्रशिक्षित) पद की प्रक्रिया के लिए मदरसा जामिया हुसैनिया गिरिडीह के सगीर अहमद को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं मैट्रिक (प्रशिक्षित) पद के लिए मदरसा फरिदुल उलूम चालकुसा के बिस्मिल्लाह कौसर को विषय विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया गया है। परिषद ने निर्देश दिया है कि साक्षात्कार उपरांत तीन दिनों के भीतर गोपनीय प्रतिवेदन तैयार कर रांची स्थित मुख्यालय को भेजा जाए। कमेटी द्वारा साक्षात्कार बोर्ड में मदरसा अजीजुल उलूम जोहरगंज दादपुर हजारीबाग के कफील अहमद, मदरसा अहयाउल उलूम कोनहरा खुर्द के मो. मुमताज राजा, मदरसा अर्शदुल उलूम नवादा विष्णुगढ़ के मो. जुबैर आलम, मदरसा अजिया जियाउल उलूम रसोईया धमना के मो. अख्तर, मदरसा फरिदुल उलूम चालकुसा के मो. सलीम अंसारी व मदरसा जामिया हुसैनिया गिरिडीह के अबु जफर अदिल शामिल रहे। चयनित अभ्यर्थियों को वेतनमान का भुगतान राज्य सरकार द्वारा अनुदान स्वीकृति के उपरांत ही किया जाएगा। साक्षात्कार को शांतिपूर्ण व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने में मदरसा तहफूज-ए-इस्लाम बरही के सचिव सेराज अली, अध्यक्ष दानिश आलम, बरही कोनरा उप मुखिया प्रतिनिधि मो अजहर बरही कोनरा पंचायत समिति मो यूसुफ और मो सागीर प्रभारी हेड मौलवी मो. शाहबाज आलम, शिक्षण कारी अब्दुल कैयूम और मो. फिरोज की अहम भूमिका रही। इधर परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई ताकि किसी प्रकार के कदाचार की संभावना न रहे। इस प्रकार, कड़ी निगरानी और निष्पक्ष माहौल में नियुक्ति प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हुई।

# जिला प्रशासन द्वारा समस्याओं के त्वरित समाधान व सुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंगलवार व शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत यथोचित कारवाई का मिला आश्वा जनता दरबार के प्रति आमजनों का बढ़ रहा है भरोसा, हर मंगलवार और शुक्रवार को सौ से ज्यादा लोग जनता दरबार में पहुंच रहे हैं, अपनी शिकायत से उपायुक्त को अवगत करा रहे हैं जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों को जन समाधान पोर्टल के माध्यम से संबंधित विभाग को भेज कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराया जाता है जिला प्रशासन द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और सुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन जिसका मुख्य उद्देश्य जनता की शिकायतों और समस्याओं को सुनना, उनका त्वरित निवारण करना और प्रशासनिक सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाना है। इसी क्रम में आज जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाकर आमजनों की शिकायतों को सुना और उसके त्वरित निराकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए करीब सैकड़ों से ज्यादा लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित



अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में उपस्थित फरियादियों ने जमीन विवाद, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पेंशन, राशन, शिक्षा एवं अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों पर अंचलाधिकारियों को तत्काल समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रत्येक मामले में फोन पर संबंधित अधिकारी से अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और पारदर्शी ढंग से निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को राहत मिल सके। जनता दरबार के प्रति आमजनों का बढ़ रहा है भरोसा, हर मंगलवार और शुक्रवार को सौ से ज्यादा लोग जनता दरबार में पहुंच रहे हैं, अपनी शिकायत से उपायुक्त को अवगत करा रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा। आगे उपायुक्त ने बताया कि जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों/आवेदनों के त्वरित निराकरण को लेकर जिला स्तर पर जन समाधान पोर्टल बनाया गया है, ताकि पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ आमजनों की शिकायतों का निष्पादन किया जा सकें। जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने कहा कि जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है। हमारा प्रयास है कि जिला प्रशासन हर नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुँचे और विश्वास का वातावरण बने।

# अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त, चालक फरार

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन पर रोक के बावजूद इसका धंधा लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर को अवैध बालू लदे हुए जब्त किया मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना पर बेंगाबाद थाना के एएसआई बुद्धेश्वर सरदार पुलिस बल के साथ महदईया-बघरा मुख्य मार्ग पर पहुंचे। वहां छापेमारी कर अवैध बालू से भरे ट्रैक्टर को जब्त किया गया।

हालांकि, मौके का फायदा उठाकर चालक पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा। जब्त ट्रैक्टर को पुलिस थाने लाया गया। इसके बाद थाना प्रभारी ने मामले की जानकारी जिला खनन पदाधिकारी को दी, ताकि जांच की प्रक्रिया पूरी की जा सके स्थानीय लोगों का कहना है कि एनजीटी द्वारा बालू खनन और परिवहन पर कड़ी रोक के बावजूद बेंगाबाद और आसपास के क्षेत्रों में धड़ल्ले से बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि सरकारी राजस्व की भी भारी हानि हो रही है।बताया जाता है कि एक सप्ताह पूर्व बेंगाबाद अंचल अधिकारी (सीओ) ने भी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर को अवैध खनन करते पकड़ा था। इसके बावजूद धंधेबाजों के हौसले बुलंद हैं और लगातार बालू की अवैध ढुलाई हो रही है ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस और खनन विभाग द्वारा नियमित छापेमारी की आवश्यकता है, तभी इस गैरकानूनी कारोबार पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सकता है।

# शिवम फैक्ट्री में मजदूर की हुई मौत, अधिकारी लापरवाह

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आये दिन शिवम आयरन फैक्ट्री में घटना घटते रहती है यह घटना साल का चौथा है,कोई मजदूर की मौत होती है तो आठ घंटा क्यों इंतजार करता है,फैक्ट्री प्रबंधन या मालिक और अधिकारी तुरंत मुआवजा क्यों नहीं देते है।

माले नेता राजेश सिन्हा और माले नेता कन्हाई पांडेय की अगुवाई में माले और ग्रामीण के साथ जेएमएम के अजीत कुमार कई अधिकारी, बीजेपी के कई प्रतिनिधि के अलावे कई सामाजिक कार्यकर्ता उड़नाबाद का मुखिया ओर ग्रामीणों का साथ मिला सब मीडिया बयान लिए है माले नेता ने कहा कि गिरिडीह में लगातार हादसा होता है, भीड़ लगती है, नेता आते है, प्रशासन आती है किंतु सुधार नाम का चीज नहीं है,माले के साथ सभी राजनीतिक और सामाजिक नेतृत्व ने कहा कि एक ऐसा कमिटी बने कि एक घंटे में मुआवजा का समाधान हो,कारखाने में मजदूर की सेफ्टी,अफसर का मजदूरों के प्रति कार्य का



लिस्ट आदि आदि पर तत्काल चर्चा हो,राज्य सरकार 70% लोकल मजदूर का नौकरी की बात करती है,फैक्ट्री के अंदर का मजदूरों का लिस्ट कौन देगा,इस विषय पर भी चर्चा करना होगा माले के उपस्थिति थे गुलाब कोल,मसूदन कोल,असंगठित मजदूर मोर्चा के दर्जनों साथी,किशोर राय सुनील ठाकुर, दानीनाथ पांडेय,भीम कोल आदि 25 लाख मुआवजा मिला 50,000 दाह संस्कार के लिए दिया गया।

# चौबीस घंटे के भीतर पुलिस ने हत्या की सुलझा ली गुत्थी

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** तीर्थ स्थल झारखंड धाम बाबा मंदिर से महज ढाई सौ गज दूरी पर ईरा गा नदी के बहाव जल में विगत सोमवार को पानी के भीतर मुंह के बल में पड़ा शव को हीरोडीह पुलिस ने संदेहास्पद स्थिति में बरामद किया था जिस हत्या की गुत्थी पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर सुलझा ली बता दें कि बिहार के लखीसराय जिले के गेरूआ पुरसंडा गांव निवासी सुरेश कुमार वर्मा पिता राजेंद्र कुशवाहा अपने पड़ोसी गांव बहरवा के कुछ साथी शशि कुमार सिंह , राम रस सिंह और दिल खुश कुमार के साथ स्कार्पियो से बाबा धाम झारखंडी महादेव मंदिर बीते रविवार पुजा अर्चना के लिए पहुंचे हुए थे और इन साथियों ने साजिश कर रात में बाबा मंदिर समीप ईर गा नदी ले जाकर सुरेश कुमार वर्मा को नशे के हालत में लाकर शशि कुमार




सिंह राम रस सिंह और दिल खुश कुमार इन सभी लोगों ने पानी की और मुंह दबाकर हत्या कर दी थी हत्या के बाद लाश को ठिकाने लगाने की कोशिश की गई लेकिन हुआ नहीं इधर यह अपराध को शशि कुमार सिंह राम रस सिंह ने पुलिस के साथ कबूल किए बता दें कि मृतक।सुरेश कुमार वर्मा पूर्व में दो बार गेरूआ पुरसंडा पंचायत से मुखिया भी रह चुके है तथा इनके हत्या में शामिल शशि कुमार सिंह मृतक सुरेश का लगभग पंद्रह वर्षों से वाहन चालक भी रहा है मंगलवार सुबह हीरोडीह पुलिस हत्या के अभियुक्त शशि कुमार को लेकर घटना स्थल ईर गा नदी पहुंची और हर पहलुओं से घटना की जानकारी आरोपी ड्राइवर से ली गई बताया जा रहा था कि इन सबों के बीच राजनीतिक दुश्मनी पहले से थी जिससे शराब खिलाकर सुरेश की हत्या की गई पुलिस ने दो आरोपी शशि कुमार सिंह और रामरस सिंह को गिरफ्तार कर अनुमंडल कार्यालय में पुलिस कॉन्फ्रेंस किया गया इधर हत्या में प्रयुक्त मोबाइल को भी जप्त किया गया पुलिस मृतक के पुत्र राज आनंद के आवेदन के आधार से कांड अंकित कर लिए है इधर पुलिस अन्य आरोपी की तलाश में जुटी है कॉन्फ्रेंस में शामिल एस डी पी ओ राजेंद्र प्रसाद , हीरोडीह प्रभारी महेश चंद्रा, बसंत टु पो ,रितेश गौरव, मंटू वर्मा,शामिल थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामनिवास ने इवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव के द्वारा प्रखंड कार्यालय गिरिडीह स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने ईवीएम वेयर हाउस की विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

उपायुक्त ने सीसीटीवी व अन्य उपकरणों की स्थिति और रखरखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा निरीक्षण दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा परिसर का अवलोकन के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, बीयू हॉल, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, जनरेटर रूम, तैनात सुरक्षा बलों के लॉग बुक, अग्निशमन यंत्र आदि सहित अन्य व्यवस्थाओं तथा कमरों के सीलिंग आदि का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में




तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने के निर्देश दिए। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बड़कागांव में अदाणी फाउंडेशन द्वारा रोजगार मेले का आयोजन, 200 से अधिक युवाओं ने लिया हिस्सा

**बड़कागांव (हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अदाणी फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को बड़कागांव में भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने किया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने भविष्य को मजबूत बनाने में पहल करें। उन्होंने बताया कि अदाणी के प्रत्येक प्रोजेक्ट में स्थानीय युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार संभावनाएं मौजूद हैं।

इस मौके पर गोंदुलपारा खनन परियोजना प्रमुख पुंडरीक मिश्रा ने उपस्थित रैयतों को आरएनआर पॉलिसी और एलए एंड आरआर एक्ट 2013 के तहत मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अदाणी फाउंडेशन जल्द ही इलाके में स्कूल, हॉस्पिटल और स्किल ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना करेगा, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के क्षेत्र में नई संभावनाएं पैदा होंगी।

रोजगार मेले में 200 से अधिक युवाओं ने अपने सीवी जमा किए, जिनकी शॉर्टलिस्टिंग की प्रक्रिया जारी है। अदाणी फाउंडेशन की ओर से बताया गया कि युवाओं को उनकी




योग्यता, अनुभव और कौशल के आधार पर नौकरी के अवसर दिए जाएंगे। मेले के बाद भी एक सप्ताह तक सीवी ड्रॉप बॉक्स सक्रिय रहेगा। प्राथमिकता विस्थापित परिवारों, परियोजना प्रभावित और आसपास के ग्रामीण परिवारों को दी जाएगी। रोजगार के ये अवसर अहमदाबाद (मुंद्रा), मध्यप्रदेश (सिंगरौली), पटना, आंध्रप्रदेश और पुणे समेत विभिन्न परियोजनाओं के लिए उपलब्ध होंगे।

युवाओं के लिए उपलब्ध पदों में कंटेनर मोबिलिटी ऑपरेटर, एचएमवी ड्राइवर और सोलर ऑपरेटर शामिल हैं। चयनित उम्मीदवारों को वेतन के साथ-साथ कर्मचारी भविष्य निधि (एढत्र्), वार्षिक मेडिकल जांच, सस्ते दर पर भोजन, आवास सुविधा तथा इंसेंटिव जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। मेले में उपस्थित युवाओं और ग्रामीणों को अदाणी फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे अन्य सीएसआर कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। इनमें फ्री एम्बुलेंस सेवा, टीबी मरीजों के लिए पोषण किट, नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर, शैक्षणिक सहयोग और छात्रवृत्ति योजनाएं प्रमुख रूप से शामिल हैं।

कार्यक्रम में सुरक्षा प्रमुख अमित कोले, डीजीएम राजेश वर्मा, सीएसआर विभाग प्रभारी मोहित गुप्ता, सेवानिवृत डीएसपी जीतेन्द्र दुबे, डिप्टी मैनेजर संतोष तिवारी, एचआर लीड लक्ष्मीकांत, एडमिन अधिकारी मिथिलेश कुमार सिन्हा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# मौका मिला तो गांधी, नेहरू व अंबेडकर जी के सपने साकार करने में जी जान लगा देंगे : गणेश रवि

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी गणेश रवि ने पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए दावेदारी की है।

श्री रवि ने चुनाव पर्यवेक्षक डॉक्टर यामी याग्निक और केदार पासवान से मिलकर अपनी बायोडाटा सहित आवेदन पत्र जमा किया है। श्री रवि ने दावा किया है कि वह पिछले 30 सालों से सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में है। कांग्रेस में पिछले 20 सालों से सामाजिक राजनीतिक रूप से लगे हुए हैं। पलामू लोकसभा क्षेत्र के सामाजिक राजनीतिक आर्थिक और सांस्कृतिक भौगोलिक जानकारी है। वह एक सांप छवि के राजनीतिक कार्यकर्ता हैं जिन्हें पलामू के सभी समुदाय के लोग और खास करके बुद्धिजीवी तथ्य के लोग उन्हें जानते और पहचानते हैं। सामाजिक संगठन चलाने का 30 सालों से तजुर्बा है। राजनीति में जिन पुंजियों की जरूरत होती है उनमें सामाजिक पूंजी राजनीतिक पूंजी नेटवर्क पूंजी नैतिक और आर्थिक पूंजी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आर्थिक पूंजी को छोड़कर वह सभी तरह से सशक्त हैं। अगर उन्हें जिला अध्यक्ष की जवाब दे ही मिलती है तो कांग्रेस पार्टी को एक दिशा देकर आगे ले जा सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि अगर वह जिला अध्यक्ष बनते हैं तो पलामू जिले के पांचो विधानसभा सहित पलामू लोकसभा चुनाव को जीतने के लिए सामाजिक राजनीतिक जोड़-तोड़ करके कांग्रेस पार्टी को आगे बढ़ा सकते हैं।

# बइरबी-सायरंग रेल परियोजना : पूर्वोत्तर भारत को प्रगति से जोड़ती ऐतिहासिक पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भारतीय रेल ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए, आजादी के बाद पहली बार मिजोरम की राजधानी आइजोल को देश के रेल मानचित्र से जोड़ा है। बइरबी-सायरंग रेल परियोजना के पूरा होने से पूर्वोत्तर भारत की चौथी राजधानी को रेल संपर्क प्राप्त हुआ है। यह परियोजना न केवल भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण मानी जाती है, बल्कि इंजीनियरिंग और निर्माण की दृष्टि से भी भारतीय रेल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।





**पूर्वोत्तर में नई रेल क्रांति**

अब तक पूर्वोत्तर क्षेत्र की तीन राजधानियाँ—गुवाहाटी (असम), ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) और अगरतला (त्रिपुरा)- सीधे रेल नेटवर्क से जुड़ी थीं। मई 2025 में सायरंग तक सफल ट्रायल रन के साथ आइजोल इस सूची में चौथी राजधानी बन गई। यह ऐतिहासिक कदम न केवल मिजोरम के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है, बल्कि क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

**परियोजना का स्वरूप और लागत**

बइरबी-सायरंग रेल परियोजना की कुल लंबाई 51.38 किलोमीटर है। यह बइरबी से शुरू होकर आइजोल के निकट स्थित सायरंग तक जाती है। परियोजना को चार प्रमुख सेक्शनों में बांटा गया है :-

- बइरबी-हरतकी सेक्शन- 16.72 किमी
- हरतकी-कावनपुई सेक्शन- 9.71 किमी
- कावनपुई-मुअलखांग सेक्शन- 12.11 किमी
- मुअलखांग-सायरंग सेक्शन- 12.84 किमी

पूरे प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत लगभग 8071 करोड़ रुपये से अधिक है। इस परियोजना के तहत चार नए स्टेशन- हरतकी, कावनपुई, मुअलखांग और सायरंग का निर्माण किया गया है।

**इंजीनियरिंग और निर्माण की चुनौतियाँ**

मिजोरम का भौगोलिक स्वरूप कठिन और पहाड़ियों वाला है। यहाँ रेलवे ट्रैक बिछाने के लिए अनेक पुलों और सुरंगों की आवश्यकता थी। इस परियोजना में कुल 55 बड़े पुल और 87 छोटे पुल बनाए गए हैं। इसके अलावा 48 सुरंगों का निर्माण किया गया है, जिनकी कुल लंबाई 12.8 किलोमीटर से अधिक है।

परियोजना का सबसे उल्लेखनीय इंजीनियरिंग चमत्कार है पुल संख्या 196 का पियर ढ-4, जिसकी ऊँचाई 114 मीटर है। यह कुतुब मीनार से भी 42 मीटर ऊँचा है। इसके अतिरिक्त, यात्रियों और माल ढुलाई की सुगमता के लिए 5 रोड ओवरब्रिज (ROB) और 6 रोड अंडरब्रिज (RUB) का भी निर्माण किया गया है।

**निर्माण कार्य की उपलब्धियाँ**

रेलवे इंजीनियरों ने अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में इस परियोजना को पूरा किया। नरम मिट्टी, बरसात से भरे मौसम और दुर्गम पहाड़ियों पर काम करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। इसके बावजूद, ऑटोमैटिक टनलिंग मेथड जैसी आधुनिक तकनीकों, सुरक्षा उपायों और सटीक निर्माण योजना की मदद से सुरंगों की ड्रिलिंग, पुलों की नींव डालने तथा ऊँचाई पर विशाल संरचनाएँ खड़ी करने जैसे जटिल कार्य सफलतापूर्वक पूरे किए गए, ताकि यात्रियों की रेल यात्रा न केवल तेज और आरामदायक हो, बल्कि सुरक्षित भी हो।

**मिजोरम को मिलने वाले लाभ**

बइरबी-सायरंग रेल परियोजना मिजोरम की आर्थिक और सामाजिक प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

- **कृषि और स्थानीय उद्योग के लिए नए बाजार :** मिजोरम के किसान, बुनकर और स्थानीय उद्योग अब अपने उत्पादों को आसानी से देश के अन्य हिस्सों तक पहुँचा पाएंगे।
- **माल ढुलाई की दक्षता :** रेल मार्ग से माल परिवहन तेज और सस्ता होगा, जिससे व्यापार और उद्योग को बल मिलेगा।
- **समय की बचत :** सड़क मार्ग पर ज्यादा समय लेने वाली यात्रा अब ट्रेनों के जरिए कम समय में पूरी होगी।
- **पर्यटन को बढ़ावा :** मिजोरम की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर तक पहुँच आसान होगी, जिससे पर्यटन उद्योग को गति मिलेगी।

**पूर्वोत्तर का भविष्य और रेल संपर्क**

भारतीय रेल की यह परियोजना केवल मिजोरम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूर्वोत्तर भारत के लिए एक नई विकास गाथा लिखती है। बेहतर रेल संपर्क से इस क्षेत्र में निवेश की संभावनाएँ बढ़ेंगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यह परियोजना 'कनेक्टिंग नॉर्थईस्ट टू द नेशन' के संकल्प को मजबूत करती है।

बइरबी-सायरंग रेल परियोजना भारतीय रेल की इंजीनियरिंग दक्षता, दूरदर्शी योजना और विकास के प्रति प्रतिबद्धता का जीवंत उदाहरण है। कठिन पहाड़ियों और चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों को पार करते हुए यह परियोजना पूर्वोत्तर भारत की जीवनधारा को नई गति देती है। आइजोल का रेल मानचित्र से जुड़ना मिजोरम के साथ पूरे देश के लिए गर्व का विषय है।

# उपायुक्त के जनता दरबार में सुनी गई आमजनों की समस्याएं, दिये त्वरित समाधान के निर्देश

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने आवेदन एवं शिकायतों के साथ उपस्थित हुए।



उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित पदाधिकारियों को मामलों के त्वरित एवं संवेदनशील निपटारे का निर्देश दिया।

जनता दरबार में मुख्य रूप से पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड त्रुटि सुधार, आवास, आपूर्ति व्यवस्था, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, रोजगार एवं विभिन्न योजनाओं से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदन निर्धारित समयसीमा में निष्पादित किए जाएं।

**आज आए प्रमुख मामले एवं दिए गए निर्देश**

**जमीन अधिग्रहण से जुड़ा मामला (केरेडारी):** नसीम अंसारी ने एनटीपीसी द्वारा अधिग्रहित भूमि के बाद विस्थापन मुआवजा दिलाने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने एनटीपीसी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

**भूमि विवाद एवं अतिक्रमण (बरही):** सलीम खां ने पैतृक भूमि पर जबरन अतिक्रमण और दबंगई की शिकायत दर्ज कराई। उपायुक्त ने एसडीओ, बरही को मामले की जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने का आदेश दिया।

**कृषि में सौर ऊर्जा सुविधा (बरकट्ठा):** शिवलाल महतो ने पीएम-कुसुम योजना के तहत सोलर पंप उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इस पर उपायुक्त ने पीडी आत्मा एवं कृषि विभाग को आवश्यक सहयोग करने का निर्देश दिया।

**रोजगार व विस्थापन से जुड़ा अनुरोध (बड़कागांव):** प्रवीण कुमार ने गरीबी और बेरोजगारी से निजात दिलाने तथा एनटीपीसी द्वारा अधिग्रहित भूमि के बाद बाहरी स्रोत से रोजगार की मांग की। उपायुक्त ने इस पर डीएएलओ एवं एसडीओ को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।

**खाशमहल भूमि लीज नवीकरण (सदर प्रखंड):** एक आवेदक ने खाशमहल भूमि का लीज नवीकरण न होने की शिकायत की। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि—प्रशासन का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना है। सभी अधिकारी जनता की शिकायतों को प्राथमिकता पर लेकर निर्धारित समयसीमा में निष्पादित करें।

## हजारीबाग में अपराधियों का तांडव जारी, दिनदहाड़े लूट की बड़ी घटना

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामले में दो अज्ञात लुटेरों ने स्टेट बैंक की सीपीएससी (उढरउ) संचालिका से ?2 लाख 52 हजार रुपए लूट लिए और फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।

जानकारी के अनुसार संचालिका बैंक से रुपये निकालकर लौट रही थीं, तभी घात लगाए बैठे दो बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाया। हथियार के बल पर उन्होंने रुपए से भरा बैग छीन लिया और तेजी से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और अपराधियों की पहचान में जुटी है। इस वारदात ने हजारीबाग में बढ़ते अपराध को लेकर आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। बैंकिंग कामकाज से जुड़े लोगों में दहशत का माहौल है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा और लूटी गई राशि बरामद की जाएगी।

## वृद्ध आश्रम में किया गया पौधारोपण

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाजसेवी संध्या मिश्रा व उनके साथियों के द्वारा बस स्टैंड के समीप स्थित स्नेहदीप वृद्धआश्रम में सुगंधित फूलों के पौधे का रोपण किया गया। पौधारोपण करने के बाद संध्या मिश्रा ने कहा की पौधे लगाना आपको प्रकृति से जोड़ता है और प्रकृति का हिस्सा बनने का अहसास कराता है, जो एक आनंददायक अनुभव है।

## चौपारण में बिरहोर परिवारों को जन मन पीएम योजना से मिला पक्का आवास का लाभ

**चौपारण (हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत चौपारण के ग्राम बिगहा में आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के दो परिवारों का चयन जन मन प्रधानमंत्री योजना के तहत किया गया है। इन परिवारों को अब पक्का आवास उपलब्ध कराया जाएगा।



मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह ने बताया कि गांव का सर्वेक्षण कर सुकांति देवी (पति लखन बिरहोर) और राजू बिरहोर (पिता डोमन बिरहोर) का चयन किया गया है। दोनों परिवार लंबे समय से कच्चे मकान में रह रहे थे और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पक्का मकान बनाने में असमर्थ थे। उन्होंने कहा कि यह योजना विशेष रूप से आदिम जनजाति परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। पक्का घर मिलने से न सिर्फ उनके जीवन स्तर में सुधार होगा, बल्कि बरसात और ठंड जैसी कठिनाइयों से भी उन्हें राहत मिलेगी।

ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब बिरहोर परिवार निश्चिंत होकर सुरक्षित जीवन जी पाएंगे। लोगों ने सरकार और पंचायत प्रतिनिधियों के इस प्रयास की सराहना की और उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में अन्य जरूरतमंद आदिम जनजाति परिवारों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा।

## एक ही आम बागवानी योजना पर निकासी का आरोप

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमुआ प्रखण्ड के धोथो पंचायत अंतर्गत कवईटांड़ में बिरसामुंडा आम बागवानी योजना के तहत गम्भीर वितीय अनियमितता का मामला सामने आया है।

इस बाबत मिंटू वर्मा पिता जयनारायण महतो ने उपायुक्त गिरिडीह को पत्र लिखकर अवगत कराया है .इसकी प्रतिलिपि जमुआ बीडीओ को भी दी गयी है जिसमें एक ही भूमि पर पहले से स्वीकृत और पूर्ण कराई गई योजना को अनेकों बार दिखाकर सरकारी खजाने से निकासी की गई है। आवेदन में बताया खाता नम्बर 3 प्लॉट नम्बर 238,239,240पर लगभग 2 एकड़ जमीन पर 2024 -2025 में वृक्षारोपण कराया गया था . 2025-2026 में भी स्वीकृत कराकर अवैध निकासी की गयी है। ग्रामीणों ने भी कहा वितीय गड़बड़ी है इसमें शामिल लोगों से अवैध निकासी की गई राशि की वसूली और कार्रवाई की मांग की है। योजना संख्या 3419008014/ आईएफ जीआईएस/ 102067 पिंटू कुमार वर्मा की जमीन पर 1,37,088 रुपए की निकासी। योजना संख्या 3419008014/ आईएफ जीआईएस 102065 अंजनि देवी की जमीन पर 1,27,296 रुपए की निकासी। योजना संख्या 3419008014 आईएफ 7080903982687 प्रियंका वर्मा की जमीन पर 1,01,802 रुपए की निकासी। योजना संख्या 3419008014। आईएफ 7080903982698- सालू प्र० वर्मा की जमीन पर 93,060 रुपए की निकासी। इस तमाम विषयों के बारे में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमलजी से जब बातचीत किया गया उनका कहना है जानकारी प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी

## जीटी रोड जाम करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी: डीएसपी अजीत कुमार बिमल

**चौपारण (हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के चतरा मोड़ और पिपरा में कुछ दिन पूर्व सड़क दुर्घटना के विरोध में ग्रामीणों द्वारा जीटी रोड जाम किए जाने की घटना को पुलिस प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर घंटों तक जाम लगा रहा, जिससे एंबुलेंस, यात्री वाहन, स्कूली बच्चों सहित आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है। डीएसपी अजीत कुमार बिमल ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग को बाधित करना गंभीर अपराध है और ऐसी हरकत किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जाम लगाने वालों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

डीएसपी ने आम लोगों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं और मांगों को सड़क जाम कर व्यक्त करने के बजाय प्रशासन के समक्ष उचित माध्यम से रखें। उन्होंने साफ कहा कि आगे से यदि कोई भी जीटी रोड जाम करेगा तो उस पर अनिवार्य रूप से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पलामू डीडीसी जावेद हुसैन को मिला नगर निगम के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार

**निगम कर्मियों के 3 महीने का बकाया वेतन का हो जाएगा भुगतान**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मेदिनीनगर नगर निगम के कर्मियों के 3 महीने के वेतन भुगतान नहीं होने से स्थिति चरमरा गई थी। सभी कर्मी आंदोलनरत थे। इस बीच प्रथम महापौर अरुणा शंकर व चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से बात कर निगम कर्मियों के बकाया वेतन भुगतान करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया।

इस मामले को वित्त मंत्री किशोर ने गंभीरता से लिया। वे प्रथम वेयर अरुणा शंकर के साथ स्वयं निगम कार्यालय परिसर में पहुंचे व निगम कर्मियों से बात की। फिर राज्य के आला अधिकारियों से फोन पर बात कर निगम कर्मियों के बकाया वेतन भुगतान करने के लिए किसी भी पदाधिकारी को वित्तीय अधिकार सौंपने का निर्देश दिया। इसके बाद मंगलवार को सरकार ने वर्तमान पलामू के उपविकास आयुक्त जावेद हुसैन को डीडीसी के अलावा निगम के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। प्रथम मेयर अरुण शंकर चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर के प्रयास से वित्त मंत्री किशोर ने निगम का वित्तीय प्रभार वर्तमान डीडीसी को दिलाया तो निगम कर्मियों में खुशी छा गई। अब उन्हें वेतन मिलेगा व आने वाले त्योहार का उत्सव परिवार के साथ खुशी से मना पाएंगे । सभी निगम कर्मियों ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, प्रथम महापौर अरुणा शंकर व चेंबर अध्यक्ष



**■ वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, प्रथम मेयर अरुणा शंकर व आनंद शंकर का प्रयास लाया रंग**

आनंद शंकर की प्रशंसा की। कहा है कि इन लोगों के कारण अब उनका बकाया वेतन का भुगतान हो जाएगा। बताते चलें कि पहले मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन हुआ करते थे। लेकिन इनका प्रमोशन पलामू के उप विकास आयुक्त के पद पर राज्य सरकार ने पिछले 4 महीना पहले कर दिया था। इसके बाद से मंगलवार तक नगर निगम आयुक्त का पद रिक्त था। इस कारण निगम कर्मियों का पिछले 3 महीना का वेतन बकाया था। वेतन बकाया होने के कारण निगम कर्मियों के समक्ष भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई थी। अपने वेतन भुगतान के लिए निगम कर्मियों ने बीते दिन आंदोलन की शुरूआत की थी।

# बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के लकी ड्रॉ स्टॉल का उद्घाटन, समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने किया शुभारंभ

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति द्वारा आयोजित लकी ड्रॉ स्टॉल का भव्य उद्घाटन रविवार को किया गया। उद्घाटन युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने फीता काटकर विधिवत रूप से किया। इस अवसर पर महासमिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।





उद्घाटन के बाद हर्ष अजमेरा ने कहा कि महासमिति का हर आयोजन हजारीबाग की आस्था और संस्कृति को नई पहचान देता है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा न सिर्फ धार्मिक पर्व है बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक उत्सव का प्रतीक है। ऐसे आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना मजबूत होती है।इस दौरान महासमिति के अध्यक्ष, सचिव समेत कई पदाधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा गया। महासमिति के पदाधिकारियों ने बताया कि लकी ड्रॉ स्टॉल से प्राप्त आय का उपयोग पूजा आयोजन की भव्यता बढ़ाने और सामाजिक कार्यों में किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार भी दुर्गा पूजा महासमिति का आयोजन हजारीबाग के लिए यादगार साबित होगा।

# बरही अस्पताल के मुख्य द्वार से हटाया गया अतिक्रमण, मरीजों को मिली राहत

**खबर का असर**

**बरही (हजारीबाग)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नव बिहार टाइम्स में प्रकाशित खबर का बड़ा असर हुआ है। बरही अनुमंडलीय अस्पताल के मुख्य प्रवेश एवं निकासी द्वार पर लंबे समय से जमे गुमटी और अतिक्रमण को आखिरकार प्रशासन ने हटा दिया।




अस्पताल परिसर के बाहर गुमटी और दुकानों के कारण मरीजों व उनके परिजनों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। एंबुलेंस और आपातकालीन वाहनों को भी अस्पताल गेट से निकलने में कठिनाई हो रही थी।

नव बिहार टाइम्स में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और सोमवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अब अस्पताल का मुख्य द्वार साफ-सुथरा नजर आ रहा है।

स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली और कहा कि मीडिया की ताकत से ही यह संभव हो पाया। उन्होंने नव बिहार टाइम्स को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस पहल से मरीजों और उनके परिजनों को सीधी सुविधा मिली है।

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 09-09-2025 21:55 Page 1



# नेपाल की घटना को ले सुरक्षा बल अलर्ट

## आंदोलनकारियों ने भंसार क्षेत्र में की आगजनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** नेपाल में 26 इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के विरोध में जेन-जी के बैनर तले युवाओं के उग्र आंदोलन के आगे आखिरकार नेपाल की ओली सरकार ने घुटने टेक दिए हैं।

सरकार ने सोशल मीडिया पर लगे प्रतिबंध को हटा लिया है, लेकिन युवाओं ने काठमांडू में पुलिस द्वारा प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर गोली चलाये जाने एवं भ्रष्टाचार को लेकर ओली सरकार के इस्तीफे की मांग को लेकर दूसरे दिन मंगलवार को भी आन्दोलन जारी रखा है।

आंदोलनकारियों ने जोगबनी में भारतीय सीमा से सटे नेपाल भंसार क्षेत्र को आग के हवाले कर दिया है। इससे पूर्व मधेशी आंदोलन की आग सीमा तक नहीं आई थी, लेकिन इस बार जेन-जी आंदोलन की आग सीमा पर पहुंच कर भंसार क्षेत्र के अधिकांश कार्यालय में आग लगा दिया।

नेपाल में जारी उग्र प्रदर्शन को लेकर सीमा पर तैनात एसएसबी काफी सतर्क है। जोगबनी सीमा पर सुरक्षा की दृष्टि से भारतीय वाहनों को नेपाल जाने से रोका जा रहा है।

इस संबंध में सहायक सेनानायक ने बताया कि सीमा पर जवान हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं, ताकि हमारे नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। इसके लिए फिलहाल भारतीय वाहनों को नेपाल जाने से रोक दिया जा रहा है। इधर सिकटी में एसएसबी और थाना पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। सिकटी थाना पुलिस और एसएसबी के साथ बैठक हुई है।

जिसमें नेपाल में जारी प्रदर्शन के बीच सीमा पर चौकसी बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई। सीमा पर आने जाने वालों की संघन जांच की जा रही है।

# श्री हरिमंदिर साहिब गुरुद्वारा को बम से उड़ाने की मिली धमकी

## सुरक्षा एजेंसियां चौकस, बढ़ाई गयी सुरक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना सिटी।** पटना के तख्त श्री हरिमंदिर साहिब गुरुद्वारा को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ई-मेल के जरिए बदमाशों गुरुद्वारा प्रबंधन को धमकी भेजी। इसमें लिखा था कि गुरु लंगर कक्षों में आईईडी लगे हुए हैं। जल्द ही विस्फोट होने वाला है। इस सूचना के बाद गुरुद्वारे में हड़कंप मच गया। फौरन पटना पुलिस की टीम बम निरोधक दस्ते के साथ पहुंची और जांच में जुट गई। टीम ने गुरुद्वारे के चप्पे-चप्पे को खंगाला लेकिन बम या कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। इसके बाद पटना पुलिस टीम हाई अलर्ट पर है।

धमकी देने वाले ने मेल में कई सनसनीखेज बातें लिखी हैं। मेल में कहा गया है कि आईईडी विस्फोट से पहले तुरंत गुरुद्वारा के सभी



कर्मचारियों और श्रद्धालुओं को बाहर निकाल लिया जाए। पत्र में न सिर्फ पटना साहिब को उड़ाने की बात कही गई है बल्कि उसने पाकिस्तान और खुफिया एजेंसी आइएसआइ जिंदाबाद के नारे भी लिखे। धमकी भरे मेल में कई नेताओं, संगठनों और विदेशी ताकतों से जुड़े विवादित और आपत्तिजनक जिक्र भी किया गया है। मेल में राजीव गांधी, एम करुणानिधि, एमके स्टालिन समेत कई नेताओं का जिक्र किया गयाा है।

प्रबंधन के अनुसार, धमकी मिलने के बाद गुरुद्वारा प्रबंधन ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को दी। सुरक्षा एजेंसियां मेल की जांच में जुट गई हैं और साइबर सेल भी इस धमकी भरे मेल के स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस और प्रशासन ने फिलहाल गुरुद्वारा परिसर और उसके आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी है। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड की मदद से पूरे इलाके की तलाशी ली जा रही है।

इससे पहले पंजाब में भी श्री हरिमंदिर साहिब को आरडीएक्स से उड़ाने की 20 बार धमकियां मिल चुकी हैं। हालांकि, इस मामले में पंजाब पुलिस ने आरोपियों का पता लगाकार जल्द उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस ने इस मेल कंपनी से मेल से संबंधित सारा डाटा मंगवाया है। जो एक माह तक पुलिस को उपलब्ध होगा। पुलिस ने धमकियों को लेकर हरिमंदिर साहिब के आसपास की सुरक्षा बढा दी है। हालांकि अब तक पुलिस आरोपियों को काबू नहीं कर सकी है।

# एसएसबी कैंप परिसर में गिरा ड्रोन, खलबली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** अहियापुर स्थित एसएसबी कैंप परिसर में सोमवार को ड्रोन गिरा। इसके कारण कई तरह की आशंकाएं होने लगी थी। जवानों में अफरातफरी मच गई थी। कैंप परिसर में मौजूद जवान तुरंत अलर्ट मोड में आ गए। अपना-अपना पोजिशन लेने लगे। जवानों ने मामले की जानकारी हेडक्वार्टर को दी। हेडक्वार्टर से मिले आदेश के बाद गिरे ड्रोन वाले स्थल की जवानों ने घेराबंदी कर उसकी निगरानी शुरू कर दी। इसके बाद एसएसबी हेडक्वार्टर की ओर से अहियापुर थाने की पुलिस को सूचना दी गई। अहियापुर पुलिस एसएसबी कैंप पहुंचकर इसकी जांच की। इसके बाद ड्रोन को जब्त किया गया।

जांच में यह बात सामने आई कि एसकेएमसीएच के छात्रों ने तस्वीर के लिए ड्रोन उड़ाया था। बैट्री डाउन होने से यह एसएसबी कैंप में गिर गया। मामले को लेकर एसएसबी के एएसआई ओमवीर सिंह ने थाने में आवेदन दिया है।

थानाध्यक्ष रोहन कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पूरे मामले की तहकीकात की गई। ड्रोन कैमरे के मिले लोकेशन के आधार पर जांच की गई। इसमें एसकेएमसीएच का लोकेशन आया। इसके बाद एसकेएमसीएच ओपी पुलिस के नेतृत्व मे मेडिकल छात्रों से संपर्क किया गया।

जांच के दौरान मेडिकल छात्रों से पूछताछ की गई। छात्रों से एसकेएमसीएच की फोटोग्राफी के लिए ड्रोन कैमरा उड़ाने के बारे में पता चला।

मेडिकल छात्रों ने बताया कि ड्रोन कैमरा का बैट्री डिस्चार्ज हो जाने के कारण वह गिर गया था। थानाध्यक्ष ने बताया है कि जांच के बाद ड्रोन को मेडिकल छात्रों के हवाले कर दिया गया है। एसएसबी कैंप लोकेशन की ओर ड्रोन उड़ाने पर पावंदी लगा दी गई है।

# गांधी स्मृति यात्रा का भागलपुर में हुआ समापन समारोह



## समारोह में शामिल लोगों का हुआ भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**पटना।** बिहार में गांधी की स्मृतियों तथा गांधीजी से जुड़े स्थानीय इतिहास और संस्मरणों को संकलित करने की दृष्टि से गांधी स्मृति यात्रा महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्रो. (डॉ.)मनोज कुमार के संयोजन में 5 सितंबर को मुजफ्फरपुर से शुरू हुए होकर दरभंगा, मधेपुरा, रूपौली, पूर्णिया, अररिया, कुसेर्ला (कटिहार) होते हुए मंगलवार को तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के गांधी विचार विभाग पहुंचा। जहां विभाग द्वारा आयोजित गांधी स्मृति यात्रा समापन समारोह में यात्रियों का स्वागत किया गया। विभागीय परिसर स्थित गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि किया गया, तत्पश्चात विभाग के शिक्षक कक्ष में समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में स्मृति यात्रा कर रहे प्रो. डॉ. मनोज कुमार के साथ-साथ सर्व सेवा संघ और सर्वोदय समाज के मंत्री विजय कुमार, महिला गांधीवादी सीमा कुमारी और बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चंद्रभूषण मौजूद थे, जिनका विभागाध्यक्ष डॉ. अमित रंजन सिंह, डॉ. उमेश प्रसाद नीरज, डॉ. देशराज वर्मा एवं डॉ. सीमा कुमारी द्वारा क्रमशः अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। डॉ. अमित रंजन सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में इस यात्रा की भूरी भूरी प्रशंसा की और कहा कि सादा जीवन एवं उच्च विचार ही सच्चा गांधीवाद है। वहीं कार्यक्रम के संचालन के क्रम में विषय प्रवेश करते हुए विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. उमेश प्रसाद नीरज ने पिछले 5 दिनों से मुजफ्फरपुर से शुरू होकर तिलकामांझी भागलपुर विवि के गांधी विचार विभाग पहुंचने पर गांधी स्मृति यात्रा के सभी यात्रियों का स्वागत किया। यात्रा के क्रम में विभिन्न स्थानों पर भूदान किसान, युवा मजदूर और महिलाओं से इन लोगों द्वारा किए गए संवाद और स्मृति को विस्तार से बताया। इस यात्रा के उद्देश्य को पटल पर रखते हुए उन्होंने कहा कि गांधी विचार के स्मृतियों को सहेजना और जनता के विचारों को जानना तथा उनके साथ संवाद करना आज आवश्यक हो गया है। इस यात्रा के दौरान इस तरह का कार्य एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। गांधी आश्रम शोभानपुर के मनोज मीता ने आज के कठिन परिस्थितियों में इस तरह की यात्रा की सराहना की। सर्व सेवा संघ के विजय भाई ने बताया कि सर्वोदय विचार का समन्वय समाज के साथ होना जरूरी है।

उन्होंने यात्रा के संस्मरणों को भी विस्तार से साझा किया। बिहार भूदान यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष चंद्रभूषण ने गांधी के भारत आगमन को भारत की आजादी के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि गांधी 24 बार बिहार आए एवं 400 दिन बिहार में रहे। इस संदर्भ में बड़े लोगों का उल्लेख तो होता है, लेकिन उस समय जो सामान्य लोग गांधी के साथ थे और गांधी के विचारों के अनुरूप समाज में सक्रिय थे।

इस यात्रा का उद्देश्य उन छिपी हुई बातों को जानना एवं समझना भी है। यात्रा के संयोजक प्रो. डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि गांधी को आज भी जानने की आवश्यकता है। गांधी नाम है वीरता का, साहस का, क्रांति एवं संघर्ष का। गांधी विचारों को लेकर लोग पक्ष-विपक्ष में बंट गए हैं, आज जरूरत है निष्पक्ष होकर जनता के आवाजों को उठाने की। आज भी जनता के बीच गांधी की जितनी पहुंच है, उतना किसी का नहीं है। भूदान किसानों की समस्याएं दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। इन समस्याओं के संकलन और निवारण के लिए संघर्ष करने और आवाज उठाने की जरूरत है।

डॉ. देशराज वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इसके पश्चात समारोह की समाप्ति की घोषणा की गई। मौके पर विभाग के शोधार्थी जेआरएफ गौरव मिश्रा नीरज कुमार, राजीव कुमार, चंदन कर्ण, सागर शर्मा, बी. जीनत सुल्ताना, सुजीत कुमार, प्रिंस कुमार एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और सामाजिक कर्मी मौजूद रहे।

# धड़ाम से गिरे पूर्व मंत्री अश्विनी चौबे



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** जिले के शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में एक अजीबो-गरीब घटना घट गई। कार्यक्रम के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अश्विनी चौबे मंच पर गिर पड़े। मंच पर स्वागत के बाद जब वह कुर्सी पर बैठने का प्रयास कर रहे थे, तभी पीछे खड़े एक व्यक्ति ने कुर्सी हटा ली। इस कारण वह संतुलन खो बैठे और मंच पर ही गिर गए। घटना का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिस पर लोग जमकर चर्चा कर रहे हैं। वीडियो में गिरने के बाद मंच पर बैठे कुछ नेताओं को हंसते हुए भी देखा गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए अश्विनी चौबे ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि रेलवे की जमीन हड़पने वाला और जानवरों का चारा खाने वाला आज पप्पू (तेजस्वी) के साथ मिलकर मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहा है। यह सपना कभी पूरा नहीं होगा। बिहार की जनता इन दोनों को अच्छी तरह पहचान चुकी है। जमीन का फजीर्वाड़ा करने वाले को चोर नहीं कहेंगे तो क्या कहेंगे? उनके इस बयान पर सभा में मौजूद कार्यकर्ताओं ने तालियां बजाईं, वहीं विपक्षी खेमे में इस टिप्पणी को लेकर नाराजगी भी देखने को मिली।

## रेलवे ट्रैक से शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बगहा।** लौकरिया थाना क्षेत्र के अगडना टोला के पास स्थित भपसा पुल के पास रेल लाइन के किनारे से मंगलवार को लौकरिया थाना के द्वारा एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। जिसकी पहचान पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे स्वजन ने किया है। मृतक की पहचान पठखौली थाने के चिरानटोला निवासी रामअवध गोड का 20 वर्षीय पुत्र राजा गोड के रूप में हुई है। वह सिद्धार्थनगर के बढ़नी में मजदूरी करने गया था। तीन दिन पहले वह घर आने के लिए ट्रेन पकड़ कर आ रहा था, लेकिन घर नहीं पहुंचा तो स्वजन उसकी खोजबीन कर रहे थे। लौकरिया थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सूचना दी गई थी कि अगड़ना टोला के पास भपसा रेल पुल के पास एक युवक का पड़ा हुआ है, जिससे बदबू उठ रही है। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर जांच की तो पाया कि युवक का बांया पैर कटा हुआ और चेहरे भी थोड़ा कटा हुआ है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि मृतक किसी ट्रेन से गिरा हुआ है।

# मनायी गयी राम लखन सिंह की पुण्यतिथि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर के कर्म योगी सह शिल्पकार राम लखन सिंह की पुण्यतिथि मंगलवार को मनाई गई। इस अवसर पर गणमान्य लोगों,जन प्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं समाजसेवियों ने उनके प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवाजीनगर प्रांगण स्थित समाधी स्थल पर आदम कद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गजेंद्र प्रसाद सिंह की पत्नी सह नेत्री उर्मिला सिंहा ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा राम लखन बाबू की व्यक्तित्व एवं कृतित्व शिवाजीनगर प्रखंड के लोगों को हमेशा याद रहेगा। वे शिवाजीनगर प्रखंड में समाजवादी नेता के रूप में उभरे और इस क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा वह कृत संकल्पित रहे।

उन्होंने कहा राम लखन बाबू दलित शोषित, पिछड़ा वर्ग एवं अन्य वर्गों के उत्थान के लिए हमेशा अपनी आवाज बुलंद करते रहे। वे अपनी घर बार से अलग रहकर लोगों की भलाई के लिए हमेशा सोचते रहे इस सोच की उपज उनके पुत्र पूर्व मंत्री गजेंद्र प्रसाद सिंह के रूप में निकले और समाज की उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहे। मौके पर नेत्री उर्मिला सिंहा, समाजसेवी संतोष कुमार सिंह ,पूर्व मुखिया दिलीप कुमार सिंहा, बच्चे लाल यादव, घूरन यादव, खोखाय मंडल सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

## अनियंत्रित वाहन ने बाइक सवार को रौंदा

**आरा।** भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत आरा-सहार पथ पर देवरिया गांव के समीप अज्ञात अनियंत्रित वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को रौंद दिया। जिसमें एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

मृतक 20 वर्षीय सुनील बिंद धरहरा निवासी शत्रुघ्न बिंद के पुत्र थे। हादसे में जय किशोर मांझी के पुत्र मंजय मांझी को गंभीर चोटें आई हैं। हादसे का कारण अनियंत्रित परिचालन बताया जा रहा है।

हादसा रात दस बजे के आसपास का बताया जा रहा है। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल, आरा में कराया गया। उदवंतनगर थाना क्षेत्र के बेलाउर गांव निवासी घायल मंजय मांझी अपने सुसराल धनुपरा में पिछले दो महीने से रहते हैं। सोमवार की रात मंजय और सुनील दोनों बिना किसी को बताए बाइक लेकर बेलाउर की ओर गए थे।

इस दौरान अज्ञात अनियंत्रित वाहन ने बाइक सवार दोनों को रौंद दिया। जिसमें सुनील बिंद की मौत हो गई, जबकि मंजय गंभीर रूप से घायल हो गए।


# दुर्योधन पहुंचे गयाजी, किया पिण्डदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** पितृपक्ष मेला महासंगम के अवसर पर सिनेमा जगत और टीवी धारावाहिक महाभारत में दुर्योधन का किरदार निभाकर प्रसिद्ध हुए अभिनेता पुनीत इस्सर सोमवार को गयाजी पहुंचे। उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष की कामना करते हुए विष्णुपद मंदिर स्थित फल्गु घाट पर पिंडदान व श्राद्धकर्म किया। इस दौरान उन्होंने भगवान विष्णु के चरणचिह्न पर विशेष पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद भी लिया।

पूजा-पाठ के बाद मीडिया से बातचीत में पुनीत इस्सर ने कहा कि गयाजी आकर उनका मन प्रसन्न हो गया। उन्होंने बिहार की तारीफ करते हुए कहा कि आज का बिहार पहले जैसा नहीं रहा, बल्कि यह एक विकसित और बदलता हुआ राज्य बन चुका है। उन्होंने राज्य सरकार और जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं को भी सराहा।

बता दें कि पुनीत इस्सर ने टीवी



सीरियल महाभारत में दुर्योधन बनकर अपार लोकप्रियता हासिल की थी। वे न सिर्फ. दमदार अभिनेता हैं बल्कि निर्देशक भी रह चुके हैं। उन्होंने सलमान खान अभिनीत एक लोकप्रिय फिल्म का निर्देशन भी किया था। इंडस्ट्री में विलेन कैटेगरी को उन्होंने अपने अभिनय से एक अलग ऊंचाई दी। अमिताभ बच्चन की आइकॉनिक फिल्म कुली से अपने करियर की शुरूआत करने वाले पुनीत आज भी सिनेमा जगत में अपने योगदान के लिए याद किए जाते हैं।

## लाखों का डीजल-पेट्रोल गबन

**मुजफ्फरपुर।** जिले से एक बड़ा फजीर्वाड़े का मामला सामने आया है। मनियारी थानेदार के फर्जी हस्ताक्षर कर पेट्रोल पंप से लाखों रुपये का डीजल और पेट्रोल गबन कर लिया गया। यह मामला सदर थाना क्षेत्र के दिघरा स्थित पेट्रोल पंप का है। जानकारी के मुताबिक, पेट्रोल पंप के मालिक अविनाश चंद्र ने सदर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने अपने ही पंप के एक स्टाफ अंकित कुमार उर्फ धीरज कुमार, निवासी महमदपुर आलम, मनियारी थाना, पर गबन का आरोप लगाया है। आरोप है कि अंकित ने मनियारी थानेदार के फर्जी हस्ताक्षर कर कूपन जारी किया और उसके आधार पर 11 लाख 53 हजार रुपये का इंधन गबन कर लिया। अविनाश चंद्र ने बताया कि सितंबर 2024 से अगस्त 2025 तक मनियारी थाना के वाहनों में उनके पंप से इंधन की आपूर्ति की गई थी। कुल बकाया 26 लाख 59 हजार 649 रुपये में से थाने की ओर से 14 लाख 72 हजार 640 रुपये चेक और 33 हजार 616 रुपये नकद दिए गए थे। शेष 11.53 लाख रुपये का हिसाब जब मांगा गया तो पुलिस ने बताया कि कूपन फर्जी हैं।

# 2.75 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** डुमरांव पुलिस ने 48 घंटे के भीतर नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की है। लगातार दो छापेमारियों में पुलिस ने दो किलो 540.6 ग्राम हेरोइन जब्त की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 2.75 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। इस कार्रवाई में पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें पिता-पुत्र और पति-पत्नी तक शामिल हैं।

हालांकि इस सफलता के बीच यह सवाल भी उठ खड़ा हुआ है कि इतनी बड़ी खेप यहां तक पहुंची कैसे, जबकि सीमावर्ती चौकियों पर चौकसी और नियमित जांच का दावा किया जाता है। जानकार सूत्रों का मजबूत दावा है कि अनुमंडल क्षेत्र के डुमरांव और कोरान सराय में हेरोइन तस्करों की पैठ काफी गहरी है। यहां कई ऐसे गिरोह सक्रिय हैं जो सीमाई इलाकों से नशीले पदार्थों की खेप लाकर स्थानीय स्तर पर फैला रहे हैं। और यही कारण है कि लगातार गिरफ्तारी और ड्रग्स बरामदगी होने के बावजूद बड़े नेटवर्क का पूरी तरह से सफाया नहीं हो पा रहा है।

छापेमारी की शुरूआत नगर के दक्षिण टोला से हुई। यहां पुलिस ने राजेश राय उर्फ गोलू राय और उसके पिता उमेश राय को हिरासत में लिया। तलाशी में इनके पास से 5.5 ग्राम हेरोइन और 8,500 रुपए नकद मिले। पूछताछ में दोनों ने एकौनी निवासी नारायण उपाध्याय का नाम लिया। जब पुलिस ने नारायण उपाध्याय के घर छापा मारा, तो मामला और बड़ा हो गया।

वहां से 2.256 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। नारायण उपाध्याय और उसकी पत्नी कंचन देवी इस धंधे में सक्रिय पाए गए। पुलिस रिकॉर्ड बताता है कि नारायण पर पहले से ही एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं। इस खुलासे ने साफ कर दिया कि नशे का कारोबार अब घरों की चारदीवारी में भी पल रहा है और साधारण दिखने वाले परिवार करोड़ों के अवैध धंधे में लिप्त हो सकते हैं।

# गंगा का जलस्तर डेंजर लेवल के करीब पहुंचा

## हालात चुनौतीपूर्ण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** भागलपुर में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और स्थिति गंभीर होती जा रही है। बाढ़ नियंत्रण विभाग ने आशंका जताई है कि इस बार नदी का स्तर अब तक के सभी रिकॉर्ड को तोड़ सकता है। विभाग के आंकड़ों के अनुसार, गंगा का उच्चतम जलस्तर 34.86 मीटर दर्ज हुआ था, जबकि डेंजर लेवल 33.68 मीटर है।

अनुमान है कि आने वाले दिनों में यह स्तर 35 मीटर से ऊपर जा सकता है। सोमवार को जलस्तर में हल्की गिरावट जरूर दर्ज की गई, लेकिन पहाड़ी इलाकों में हो रही मूसलाधार बारिश और प्रयागराज में यमुना के उफान ने हालात को और चुनौतीपूर्ण बना दिया है।



उत्तराखंड और नेपाल की पहाड़ियों पर हो रही लगातार बारिश से गंगा की सहायक नदियां उफान पर हैं। दूसरी ओर, प्रयागराज में यमुना का पानी गंगा में मिलने से धारा और तेज हो गई है। प्रयागराज और वाराणसी में जलस्तर बढ़ने का सीधा असर बिहार के जिलों पर, विशेष रूप से भागलपुर में देखा जा रहा है।

बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, भागलपुर के कार्यपालक अभियंता आदित्य प्रकाश ने बताया कि तेजी से बढ़ते जलस्तर को देखते हुए अनुमान है कि भागलपुर में बाढ़ का संकट गहरा सकता है। गंगा का जलस्तर पिछले रिकॉर्ड को पार कर सकता है और नवनिर्मित एनएच-80 जैसी ऊंची सड़क भी धारा में आ सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगले सात दिनों में स्थिति और विकट हो सकती है। विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। प्रशासन ने निगरानी तेज कर दी है और लगातार जलस्तर पर नजर रखी जा रही है।

# राज्य का विकास दर हुआ 8.64 प्रतिशत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में बिहार की विकास दर 8.64 प्रतिशत रही है। इस एक वर्ष में अर्थव्यवस्था 4.89 लाख करोड़ से बढ़कर 5.31 लाख करोड़ रुपये हो गई है। इसके उल्लेख के साथ ही उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने दावा किया कि निकट के वर्षों में बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 10 लाख करोड़ रुपये का हो सकता है।

उन्होंने कहा कि बिहार अब मात्र कृषि आधारित राज्य नहीं रहा। निर्माण और मैन्युफैक्चरिंग में 11 प्रतिशत, सेवा क्षेत्र में 8.9 प्रतिशत तथा परिवहन व संचार में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्तीय अनुशासन भी बना हुआ है। राजकोषीय घाटा जहां पहले 6.2 प्रतिशत हुआ करता था, वह घटकर अब 2.9 प्रतिशत रह गया है। हाल के सम्मेलनों से 2.3 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

आइटी और एथनाल नीति के अंतर्गत नए उद्योगों से हजारों युवाओं को रोजगार मिल रहा है। ह्यबिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज-2025ह्न के अंतर्गत यदि कोई उद्यमी 100 करोड़ से अधिक निवेश करता है और 1,000 से अधिक सीधे रोजगार सृजित करता है, तो उसे 10 एकड़ भूखंड निःशुल्क दिया जाएगा। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार की एक महिला को रोजगार शुरू करने हेतु प्रारंभिक सहायता के रूप में 10,000 रुपये दिए जाएंगे।

छह माह बाद व्यवसाय की प्रगति को देखते हुए दो लाख तक अतिरिक्त सहायता दी जाएगी। ये दोनों मात्र योजनाएं नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बिहार की यात्रा में एक सशक्त कदम है। मक्का, मखाना, लीची, भिंडी और मशरूम उत्पादन में बिहार आज नंबर एक है ।शाही लीची, भागलपुरी सिल्क और मिथिला मखाना सहित 16 उत्पादों को जीआइ टैग मिल चुका है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो रही है।

# जदयू के सलाहकार परिषद के सदस्यों का हुआ स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** प्रदेश अध्यक्ष द्वारा मनोनीत जदयू के राजनीतिक सलाहकार परिषद के सदस्यों का अररिया जिला के अतिथि गृह में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया । पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जिले के अधिवक्ता सुनील राय और रितेश कुमार उर्फ रितेश सरदार को प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत किए हैं। पार्टी के दोनों पुराने साथियों के मनोनयन पर जिले के कार्यकर्ताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल था। दर्जनों कार्यकर्ताओं ने दोनों नवमनोनित राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य का पुष्पगुच्छ, फूल माला और अंगवस्त्र से सम्मानित किया।

सुनील राय ने बताया कि हमारे चाचा अररिया से विधायक रह चुके हैं विस चुनाव में कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श कर मैं भी अपनी दावेदरी देंगे।




स्वागत करने वालों में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पिपरा विधानसभा प्रभारी सीताराम मंडल, प्रदेश सचिव रमेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष रेशम लाल पासवान, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश राय, प्रदेश महासचिव अति पिछड़ा प्रकोष्ठ उपेंद्र मंडल, तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बृजेश राय,अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बिरेंद्र राय, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रमेश राय, तकनीकी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संजय राय, मिडिया सेल के जिला अध्यक्ष शाद आलम, शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रणविजय कुशवाहा, अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष उमेश पासवान, नगर अध्यक्ष गुड्डू अलि,वानेश्वर वर्मा, अनुसूचित जाति के प्रदेश सचिव मिथिलेश ऋषिदेव, अमृता कुमारी, अनंत राय , उमेश मंडल, चन्दन राय के अलावे दर्जनों लोग शामिल हुए।

CMYK

# सहकारी बैंक प्रणाली को किया जा रहा और सशक्त : डॉ प्रेम कुमार

## बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के बीच हुआ समझौता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के बीच मंगलवार को एक औपचारिक एग्रीमेंट हुआ। इस साझेदारी के तहत अब बैंक के ग्राहक बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य, दुर्घटना, कृषि और अन्य सामान्य बीमा योजनाओं का लाभ एक ही छत के नीचे उठा सकेंगे। पटना में आयोजित इस कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह पहल सहकारी बैंकिंग प्रणाली की साख को और मजबूत करेगी। किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों को अब बैंक शाखा पर ही बीमा सेवाएं सहज और पारदर्शी तरीके से मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यह कदम ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा की नई राह दिखाएगा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक बीमा सुविधाएं पहुंचाने में सहायक होगा। बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक की यह पहल ग्राहकों को 'सुरक्षा कवच' प्रदान करने के साथ-साथ बैंक और ग्राहक के बीच विश्वास व संबंधों को और मजबूत बनाएगी। बैंक लंबे समय से किसानों, कर्मचारियों, छोटे व्यवसायियों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहा है। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के साथ यह साझेदारी इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक के अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे ने की। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह, निबंधक सहयोग समितियां अंशुल अग्रवाल, बैंक के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस की कार्यकारी उपाध्यक्ष एवं बिजनेस हेड प्रिया कुमार और हेड-रूरल, एग्रीकल्चर एंड माइक्रो इंश्योरेंस पियूष कुमार सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही गोपालगंज, पाटलिपुत्रा और वैशाली जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के अध्यक्ष भी कार्यक्रम में शामिल हुए। यह समझौता आने वाले समय में लाखों ग्राहकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की उम्मीद जगाता है। बैंक और बीमा कंपनी का लक्ष्य है कि हर वर्ग को वित्तीय सुरक्षा और सामाजिक-आर्थिक मजबूती प्रदान की जा सके।

## संपति कर में छूट को मंजूरी देने के लिए मंत्री प्रेम कुमार ने दी सीएम को बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मंगलवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में नगर विकास एवं आवास विभाग की कई योजनाओं को स्वीकृति दी गई जिनमें प्रमुख योजनाओं को स्वीकृति दी गई उनमें बिहार नगरपालिका सम्पत्ति कर (निर्धारण, संग्रहण और वसूली) नियमावली 2013 के नियम 4 में संशोधन प्रमुख है। इस संशोधन के बाद राज्य के नगर निकायों को व्यवसायियों एवं दुकानदारों को संपति कर में काफी राहत मिलेगी। बिहार नगरपालिका संपत्ति कर (निर्धारण, संग्रहण और वसूली) नियमावली 2013 के नियम 4 में संशोधन के तहत गैर-आवासीय संपत्ति कर के गुणक में छूट दी गई है। राज्य के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संपत्ति कर 2013 से प्रभावी था जिसे 2023 में तेजस्वी यादव के समय में 3 गुणा किया गया। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि मुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा के प्रयास से कई संपत्तियों पर इस दर को तर्कसंगत करते हुये आधा तक कर दिया। मंत्री ने संपत्ति कर के गुणक में कमी लाने के लिए पूरे मगधवासियों की ओर से उपमुख्यमंत्री को भी धन्यवाद दिया।

## बीस वर्षों में बिहार ने लगायी ऐतिहासिक छलांग : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बीते 20 वर्षों में बिहार ने जो ऐतिहासिक छलांग लगाई है, वह केवल सरकार की नहीं, बल्कि हर बिहारवासी की मेहनत और विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि 2024-25 में बिहार की विकास दर 8.64% है, जो कई राज्यों से अधिक है। राज्य की अर्थव्यवस्था एक वर्ष में 4.89 लाख करोड़ से बढ़कर 5.31 लाख करोड़ रुपये हो गई है और जीडीपी जल्द ही 10 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने जा रही है, लेकिन यह सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं है - आज यह बिहार की माताएं, बहनें, किसान, व्यापारी, उद्यमी, युवा महसूस कर रहे हैं जिन्होंने बिहार को नई उड़ान दी है। उन्होंने कहा कि बिहार अब केवल कृषि आधारित राज्य नहीं रहा। निर्माण और मैन्युफैक्चरिंग में 11%, सेवा क्षेत्र में 8.9% तथा परिवहन व संचार में 13% वृद्धि हुई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 'बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025' के तहत यदि कोई उद्योग 100 करोड़ से अधिक निवेश करता है और 1,000 से अधिक सीधे रोजगार सृजित करता है तो उसे 10 एकड़ जमीन मुफ्त दी जाएगी।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का 1 लाख करोड़ का ग्रॉस लोन बुक पाने का रोडमैप तैयार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक (उज्जीवन एसएफबी) ने वित्त वर्ष 2030 तक 1 लाख करोड़ रूपए की ग्रॉस लोन बुक हासिल करने के लिए अपनी रणनीतिक योजना तैयार की है। बैंक की यह योजना 2017 में स्मॉल फाइनेंस बैंक के रूप में परिचालन शुरू करने के बाद से हुई प्रगति पर आधारित है। बैंक का यह विकास लायबिलिटी फ्रेंचाइजी के निरंतर विस्तार, एसेट प्रोडक्ट सूट की पहुंच को गहरा करने और लागत-अनुकूल परिचालन के निर्माण पर केंद्रित है जिससे उच्च और स्थायी लाभप्रदता मिल सके। उज्जीवन अपने लोन पोर्टफोलियो में धीरे-धीरे विविधता लाया है जहां वित्त वर्ष 2019 में सिक्योर्ड लेंडिंग 16% थी, वहीं वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही तक यह बढ़कर 46% हो गई है। बैंक का लक्ष्य किफायती आवास, माइक्रो मॉर्गेज, एमएसएमई लेंडिंग, वाहन वित्त, गोल्ड लोन और कृषि ऋणों में वृद्धि के साथ अपने सिक्योर्ड लोन बुक की हिस्सेदारी को लगभग 65%-70% तक बढ़ाना है। बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ संजीव नौटियाल ने कहा कि वित्त वर्ष 2030 तक 1 लाख करोड़ रुपए की ग्रॉस लोन बुक का हमारा रोडमैप स्मॉल फाइनेंस बैंक बनने के बाद से स्थापित नींव पर आधारित है। इस अवधि में हमने वित्त वर्ष 2017 में अपने ग्रॉस लोन बुक को 7,560 करोड़ रुपए से बढ़ाकर वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में 33,287 करोड़ रुपए कर दिया है।

## बंधन लाइफ के आई-रिटायर से रिटायरमेंट के सपने होंगे सच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बंधन ग्रुप की जीवन बीमा कंपनी, बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने आज बंधन लाइफ आई-रिटायर के लॉन्च की घोषणा की। यह एक रिटायरमेंट प्लान है। आई-रिटायर के साथ, बंधन लाइफ जीवन भर के लिए गारंटीड आय का वादा लेकर आया है और यह सुनिश्चित करता है कि रिटायरमेंट का मतलब समझौता करना नहीं, बल्कि वर्षों की कड़ी मेहनत से बनाए गए जीवन का आनंद लेना है। यह प्लान स्थिर आय की सुविधा प्रदान करता है जिसका लाभ एन्युटीधारक को जीवन भर मिलता रहता है। आई-रिटायर के लॉन्च के अवसर पर, बंधन लाइफ के एमडी और सीईओ, सतीश्वर बी. ने कहा बंधन लाइफ में, हम मानते हैं कि रिटायरमेंट नई संभावनाओं का समय होता है न कि आर्थिक चिंताओं का। आई-रिटायर के साथ, हम अपने ग्राहकों को स्थिर आय की सुविधा और अपनी इच्छानुसार जीवन जीने का आत्मविश्वास प्रदान कर रहे हैं। इसका उद्देश्य आज का जश्न मनाते हुए अपने लिए और अपने प्रियजनों के लिए भविष्य को सुरक्षित करना है। ग्राहक दो आसान एन्युटी विकल्पों में से एक चुन सकते हैं। लाइफ एन्युटी विकल्प के तहत, ग्राहक को तब तक स्थिर आय प्राप्त होती है जब तक एन्युटीधारक (पॉलिसीधारक) जीवित हैं। रिटर्न ऑफ परचेज प्राइस के साथ लाइफ एन्युटी विकल्प के साथ, एन्युइटीधारक को जीवन भर आय प्राप्त होती है और एन्युइटीधारक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु की स्थिति में, निवेश की गई मूल राशि उनके नॉमिनी को वापस कर दी जाती है।

## बी.डी. कॉलेज बना यूनिवर्सिटी चैम्पियन

### छात्राओं ने वेट लिफ्टिंग और पावर लिफ्टिंग में दिखाया दमखम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** श्री गुरु गोविंद सिंह कॉलेज, पटना में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज वेट लिफ्टिंग एवं पावर लिफ्टिंग टूर्नामेंट में बी.डी. कॉलेज, पटना की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूनिवर्सिटी चैम्पियन का खिताब हासिल किया। टीम की छात्राओं ने बेहतरीन खेल कौशल और अद्भुत संकल्पशक्ति का परिचय दिया जिससे कॉलेज का नाम पूरे विश्वविद्यालय में रोशन हुआ। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली बी.डी. कॉलेज की छात्राओं ने विभिन्न वर्गों में शानदार प्रदर्शन कर कई पदक जीते। उनकी मेहनत, अनुशासन और टीम भावना ने उन्हें अन्य सभी कॉलेजों से आगे पहुंचाया। निर्णायक मंडल ने भी छात्राओं के प्रदर्शन की खुलकर सराहना की। कॉलेज प्रशासन और शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि छात्राओं ने साबित किया है कि कठिन परिश्रम और लगन से किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद जताई। बी.डी. कॉलेज की प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि कॉलेज ही नहीं, बल्कि पूरे पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी संतुलन बनाए रखने की सलाह दी। इस जीत के साथ बी.डी. कॉलेज ने विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी खेल पहचान को और मजबूत किया है। कॉलेज परिसर में इस सफलता की खबर के बाद उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।


## राज्य में होगा बिहार खाद्यान्न भंडारण प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान का गठन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में जल्द ही बिहार खाद्यान्न भंडारण प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान, पटना नाम से एक नये प्रशिक्षण संस्थान का गठन किया जाएगा। इस संस्थान में बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम और खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग पटना के पदाधिकारियों-कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उनकी दक्षता उन्मुखीकरण के लिए यहां विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संस्थान के गठन को राज्य मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दे दी है। मंगलवार को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस संस्थान की स्थापना और प्रशासनिक संरचना के गठन के लिए 4,64,94,396 रूपये के वार्षिक व्यय पर पदों की स्वीकृति दी गई। साथ ही इस बैठक में एनएबीएल मानक वाली राज्य स्तरीय प्रयोगशाला की स्थापना को भी मंजूरी दी गई है। बिहार खाद्यान्न भंडारण प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान, पटना, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम की एक इकाई के रूप में काम करेगा। इसका निर्माण पूरा होने के बाद खाद्य आपूर्ति से जुड़े पदाधिकारियों-कर्मियों को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण मिल सकेगा। इससे खाद्य आपूर्ति से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं को लागू करने और उन्हें सफल बनाने में बड़ी मदद मिलेगी। इस प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, कल्याणकारी संस्थान एवं छात्रावास योजना, डब्ल्यूबीएनपी इत्यादि योजनाओं के खाद्यान्नों की गुणवत्ता की जांच के लिए एक अत्याधुनिक प्रयोगशाला रहेगी। इसमें उच्च स्तरीय खाद्यान्न जैसे- फोर्टिफायड राईस कर्नेल (एफआरके) इत्यादि पर शोध एवं अनुसंधान भी होगा। यहां बनने वाली प्रयोगशाला एनएबीएल मानक वाली इस तरह की पहली राज्य स्तरीय प्रयोगशाला होगी। इसके बनने से राज्य में शोध को भी बढ़ावा मिलेगा।

## बिहार में 50 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं पर काम शुरू : डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज कहा कि विकसित बिहार का सपना अब सिर्फ नारा नहीं, बल्कि धरातल पर उतरती हुई हकीकत बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा घोषित 50 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली 430 योजनाओं पर तेजी से कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य के हर कोने में बदलाव की बयार चल रही है और लोग खुद महसूस कर रहे हैं कि बिहार अब जंगलराज के अंधेरे से निकलकर विकास के हाइवे पर रफ्तार भर रहा है। बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, पर्यटन, ऊर्जा, खेल और औद्योगिक विकास जैसे क्षेत्रों में बिहार एक नए युग की ओर बढ़ रहा है। डॉ. जायसवाल ने कहा राज्य में 16 नए मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। 14 खेल स्टेडियम, 8 ऑडिटोरियम और 43 धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों को विकसित किया जा रहा है। 129 सड़कों, 24 पुलों और 14 रेल ओवरब्रिजों पर काम जारी है जबकि 7 अंतर्राज्यीय बस अड्डों का निर्माण भी तेजी से हो रहा है। पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन शीघ्र होने वाला है और अन्य छह हवाई अड्डों को विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में 6 पावर सब-स्टेशन, 10 ग्रिड उपकेंद्र और 8 शक्ति उपकेंद्रों का निर्माण प्रगति पर है जबकि पटना में बिजली के तारों को अंडरग्राउंड किया जा रहा है। विभिन्न शहरों में 9 नए डिग्री कॉलेजों की स्थापना की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिससे युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सके। औद्योगिक क्रांति की दिशा में बिहार के बढ़ते कदम की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार 17 नए औद्योगिक पार्क विकसित कर रही है जिसमें गया में 1,700 एकड़ और वैशाली के राजापाकर में 1,100 एकड़ में औद्योगिक हब की योजना शामिल है। वहीं, 40 योजनाएं जलाशयों, तटबंधों, चेकडेमों और नहरों के सुदृढ़ीकरण पर केंद्रित हैं जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। नागरिक सुविधाओं के विस्तार में भी कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो कभी अराजकता, भ्रष्टाचार और पलायन के प्रतीक रहे वही बिहार आज विकास की नई मिसाल बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को सिर्फ कुर्सी से मतलब है, लेकिन एनडीए सरकार का मकसद बिहार का भविष्य संवारना है।

## बाजार में अस्थिरता के दौरान एसआईपी रोकना पड़ सकता है महंगा: एसबीआई म्यूचुअल फंड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एसबीआई म्यूचुअल फंड ने निवेशक शिक्षा और जागरूकता पहल के तहत यह संदेश दिया है कि बाजार की अस्थिरता के समय सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान को रोकना दीर्घकालिक वित्तीय नुकसान का कारण बन सकता है। फंड हाउस के अनुसार अस्थिरता के समय एसआईपी रोकना कंपाउंडिंग और रूपी कॉस्ट एवरेजिंग जैसे फायदों से निवेशकों को वंचित कर देता है। बाजार गिरने पर एसआईपी के जरिए कम दाम पर ज्यादा यूनिट्स खरीदने का मौका मिलता है जिससे दीर्घकाल में बेहतर रिटर्न संभव होता है। एसबीआई म्यूचुअल फंड के प्रवक्ता ने कहा बाजार की अस्थिरता अस्थायी होती है, लेकिन एसआईपी में रुकावट से निवेश की गति को स्थायी नुकसान हो सकता है। अनुशासित निवेशक ही लंबी दौड़ में जीतते हैं। फंड हाउस ने एसआईपी को एक वित्तीय फिटनेस रूटीन बताया है और निवेशकों को सलाह दी है कि वे गिरावट के समय घबराने की बजाय अनुशासन बनाए रखें, डाइवर्सिफिकेशन पर ध्यान दें ।

## मछली-चारा उत्पादक सरकार से ले सकते हैं विद्युत सहायता का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मछली का चारा उत्पादन करने वाले फीड मिलों को सरकार विद्युत सहायता देने जा रही है। इसके लिए पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने फिश फीड मिल विद्युत सहायता योजना-2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगा है। इस योजना का लाभ लेने के लिए मछली के चारा उत्पादक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सरकार की इस पहल से न सिर्फ मछली के चारा उत्पादकों को लाभ होगा बल्कि इससे मछली उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना के तहत फिश फीड उत्पादन में मासिक विद्युत खपत के आधार पर फीड मिलों को 3 रूपये प्रति यूनिट की दर से विद्युत वित्तीय सहायता अनुदान राशि की अनुमान्यता होगी। 100 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता के फिड मिलों को 3 रुपये प्रति यूनिट (अधिकतम 2 लाख रुपये प्रति माह तथा अधिकतम 24 लाख रूपये प्रति वर्ष) की दर से विद्युत वित्तीय सहायता अनुदान राशि की अनुमान्यता होगी। बिजली बिल में वित्तीय सहायता-मासिक विद्युत खपत यूनिट के आधार पर व्यवसायिक दर से आकलित बिजली बिल पर दी जाएगी जिसमें फिक्सड चार्ज एवं अन्य अतिरिक्त चार्ज शामिल नहीं होगा। इस योजना के सफल क्रियान्वयन से राज्य में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अंतर्गत अधिष्ठापित कुल 53 फिश फीड में से कार्यरत फीड मिल संचालकों को लाभान्वित किया जायेगा। राज्य में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत अधिष्ठापित 02 टन, 08 टन, 20 टन एवं 100 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता के फीड मीलरों को मासिक खपत विद्युत यूनिट के आधार पर वित्तीय राहत मिलेगा। राज्य में पीएमएमएसवाइ योजनान्तर्गत निजी क्षेत्र में 31 मार्च, 2025 तक अधिष्ठापित 02, 08, 20 एवं 100 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता के फिश फीड मील संचालक जो लाभान्वित हो चुके हो इसके लाभुक होंगे। आवेदक फिश फीड मील विद्युत सहायता योजना का लाभ लेने के लिए अपना फिश फिड मील का फोटोग्राफ (पोस्टकार्ड साइज में) आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र में आवेदक के द्वारा अपना मोबाइल नंबर तथा बैंक शाखा का नाम, बैंक खाता संख्या, आइएफसी कोड अंकित किया जायेगा। आवेदन उपरांत लाभुकों का चयन, उप मत्स्य निदेशक की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा की जायेगी।

## बिहार में तकनीकी शिक्षा को नई दिशा, एनबीए प्रत्यायन पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विज्ञान, प्राविधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा 8 और 9 सितम्बर को तारामंडल सभागार, पटना में दो दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) के मानकों और प्रक्रियाओं पर केंद्रित थी जिसका उद्देश्य राज्य के इंजीनियरिंग और तकनीकी संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाना है। कार्यशाला में बिहार इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.के. वर्मा, विभाग के अपर सचिव सह निदेशक अहमद महमूद, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार, बिहार परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के परियोजना निदेशक डॉ. अनंत कुमार तथा राज्य बोर्ड तकनीकी शिक्षा के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षाविद् उपस्थित रहे। विशेषज्ञ सत्रों का संचालन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान दुर्गापुर के प्रोफेसर डॉ. परिमल आचार्य और एसजीपीसी पटियाला के डीन डॉ. भूपिंदर सिंह भुल्लर ने किया। उन्होंने एनबीए प्रत्यायन की बारीकियों, अंतरराष्ट्रीय मानकों और संस्थानों की तैयारी से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। राज्यभर के इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के प्रतिनिधि, नोडल अधिकारी, विभागाध्यक्ष और अध्यापक इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में शामिल हुए। राजकीय पॉलिटेक्निक पटना-13 के व्याख्याताओं ने भी सक्रिय भागीदारी की। इस संस्थान को हाल ही में यांत्रिक, सिविल और इलेक्ट्रॉनिकस शाखाओं में एनबीए प्रत्यायन प्राप्त हुआ है। इन व्याख्याताओं ने अपने अनुभव और संस्थागत प्रयास प्रतिभागियों के साथ साझा किए। इसी प्रकार एमआईटी मुजफ्फरपुर और एनसीई चंडी के प्राध्यापकों ने भी अपने अनुभव बताए।कार्यशाला के समापन सत्र में प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विभाग की कई प्रमुख पहलें भी रेखांकित की गईं, जिनमें प्रत्येक प्रमंडल में उद्योग-शिक्षा संवाद, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना, स्वाध्याय आधारित पाठ्यक्रम और ऑनलाइन कौशल विकास, शिक्षक प्रशिक्षण, प्रशिक्षकों व छात्रों की इंटर्नशिप तथा बोले गए ट्यूटोरियल कार्यक्रम के लिए हाल ही में मिला राष्ट्रीय पुरस्कार शामिल है।विभाग का संकल्प स्पष्ट है–बिहार की तकनीकी शिक्षा को न केवल राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाना, बल्कि इसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार करना।

## किसानों को बेहतर सुविधा देने हेतु कृषि बाजार प्रांगणों का आधुनिकीकरण जारी : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को सशक्त बनाने और कृषि विपणन संरचना को आधुनिक स्वरूप देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में राज्य योजना अंतर्गत राज्य के 09 बाजार प्रांगणों के आधुनिकीकरण एवं समुचित विकास के लिए कुल 5 अरब 40 करोड़ 61 लाख 47 हजार 600 रुपये की लागत से एक महत्वाकांक्षी योजना स्वीकृत की गई है। इस योजना के अंतर्गत नाबार्ड से 95 प्रतिशत राशि ऋण के रूप में तथा राज्यांश से 05 प्रतिशत राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में बाजार प्रांगणवार योजनाओं पर पृथक-पृथक प्रशासनिक स्वीकृति के अधीन कुल 38 करोड़ 21 लाख 5 हजार 264 रुपये की निकासी एवं व्यय को मंजूरी दी गई है। इसमें नाबार्ड से 36 करोड़ 30 लाख रुपये और राज्यांश से 1 करोड़ 91 लाख 5 हजार 264 रुपये सम्मिलित हैं। उन्होंने कहा कि इस राशि का उपयोग बाजार प्रांगणों के कायाकल्प और सुविधाओं के विस्तार के लिए किया जा रहा है जिससे किसानों को अपनी उपज के विपणन में और अधिक सहूलियत मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री ने निदेश दिया कि इस वित्तीय वर्ष में संचालित कार्य को पूर्ण कर लिया जाये। उक्त कार्य का क्रियान्वयन बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

श्री सिन्हा ने बताया कि इस योजना के कार्यान्वयन से वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुमानित 10 लाख 67 हजार 136 मानव दिवस का रोजगार सृजन होगा। इससे ग्रामीण युवाओं और स्थानीय श्रमिकों को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध होगा और राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। रोजगार के साथ-साथ किसानों को भी आधुनिक और पारदर्शी बाजार प्रणाली से लाभ मिलेगा, जिससे उन्हें अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत जिन 09 बाजार प्रांगणों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, उनमें कृषि उत्पादन बाजार समिति सासाराम, बेगूसराय, कटिहार, फारबिसगंज, जहानाबाद, दरभंगा, किशनगंज, छपरा और बिहटा शामिल हैं। इससे बाजार प्रांगणों में अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी तथा आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उप मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बाजार प्रांगणों में चल रहे कार्यों का नियमित अनुश्रवण कृषि विपणन निदेशालय द्वारा किया जा रहा है, ताकि कार्य समय पर पूर्ण हो जाये।

## पर्यूषण महापर्व पर निर्मला जैन गंगवाल का सोलहकारण व्रत सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जैन समाज की साधिका निर्मला जैन गंगवाल ने पर्यूषण महापर्व के पावन अवसर पर सोलहकारण व्रत धारण किया था। पूरे 16 दिनों तक उन्होंने केवल संध्या समय एक गिलास हल्का गुनगुना पानी ग्रहण किया। आज प्रातः उनके पति पीयूष जैन गंगवाल ने ओकाली पिलाकर इस कठिन व्रत का मंगलपूर्वक समापन कराया। इस अवसर पर पटना जैन समाज के सभी सदस्यों ने निर्मला जैन गंगवाल के इस तप की भूरि-भूरि अनुमोदना की और उन्हें साधुवाद दिया। निर्मला जैन ने बताया कि इससे पूर्व भी वे पर्यूषण पर्व के पावन अवसर पर दो बार दस-दस दिनों का एवं एक बार आठ दिनों का व्रत कर चुकी हैं।

## पल्लवी साहू ने माता जी की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को खिलाया खाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्रभु आहार सेवा समिति की समाजसेवी पल्लवी साहू ने अपनी माता जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सेवा और परोपकार का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उन्होंने पटना स्थित एक वृद्धाश्रम में जरूरतमंद वृद्धजनों को भोजन कराया एवं आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया। पल्लवी साहू ने बताया कि यह सेवा उनकी माता जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उनका मानना है कि माता-पिता का सच्चा सम्मान तभी है जब हम उनके जीवन मूल्यों को अपनाते हुए समाज के कमजोर वर्ग की सहायता करें। वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने उनके इस कार्य से भावविभोर होकर आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार, महामंत्री मुकेश जैन, प्रभा साहु, मनीषा साहु, परेश नारायण, आदित्य राज, प्रियंका नारायण तथा सदस्यों एवं साहू परिवार ने सहयोग किया और सभी को निःस्वार्थ सेवा की प्रेरणा दी। इस मौके पर प्रभु आहार सेवा समिति ने यह संकल्प भी लिया कि आगे भी समय-समय पर इस प्रकार की सेवा गतिविधियां जारी रहेंगी ताकि समाज में सहयोग और करुणा का भाव मजबूत हो।

# संपादकीय

## मणिपुर-क्या अब होगी शांति की सुबह?

करीब सवा दो साल के बीच मणिपुर में यह अहम मौका है जब सरकार और कुकी समुदाय के बीच स्थायी समाधान की खोज के लिए एक सहमति बनी है और राज्य में शांति की उम्मीद जगी है। इससे पहले राज्य में जारी संघर्ष के बीच संबंधित पक्षों की अपनी शर्तों की वजह से किसी समझौते तक पहुंचना मुश्किल बना रहा और यही वजह है कि जब कुकी-जो के दो प्रमुख संगठनों और सरकार के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं, तब भी इसके जमीन पर उतरने और स्थायी हल को लेकर एक आशंका बनी हुई है।हालांकि अब तक सबसे बड़ी समस्या यही रही कि संघर्षरत समूहों के बीच संवाद कायम होना ही एक बड़ी चुनौती थी और इसी वजह से समाधान के किसी प्रारूप पर आगे बढ़ना संभव नहीं हो सका। अब गुरुवार को केंद्र और मणिपुर की सरकार के साथ कुकी-जो के दो समूहों के बीच एक नए समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिसके तहत राज्य की क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने, राष्ट्रीय राजमार्ग-2 को मुक्त आवाजाही के लिए खोलने और उग्रवादी शिविरों को स्थानांतरित करने पर सहमति बनी है।इसमें कोई दोराय नहीं कि मई 2023 में शुरू हुए टकराव और हिंसा के जटिल हो चुके स्वरूप के बाद अब कुछ अहम बिंदुओं पर हुए समझौते को अंतिम और सबके लिए स्वीकार्य समाधान के तौर पर देखना जल्दबाजी होगी, लेकिन इस बातचीत में सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि राज्य में हिंसा और संघर्ष से प्रभावित एक मुख्य समूह की नुमाइंगी कर रहे कुकी-जो संगठनों ने भागीदारी की और फिलहाल मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता बरकरार रखने पर सहमति बनी है।इससे पहले कुकी संगठनों की ओर से यह कई बार कहा गया कि जब तक 'अलग पहाड़ी राज्य' या संघ राज्य क्षेत्र की उनकी मांग पूरी नहीं होगी, तब तक वे किसी समझौते को स्वीकार नहीं करेंगे। यही स्थिति सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई थी। इस लिहाज से देखें, तो अगर कुकी-जो के दो समूहों और केंद्र तथा राज्य सरकार के बीच क्षेत्रीय अखंडता बरकरार रखने पर सहमति बनी है, तो इसे मणिपुर में जारी टकराव या संघर्ष की स्थिति को खत्म करके स्थायी समाधान की ओर बढ़ने की कोशिश के तौर पर देखा जा सकता है।हालांकि इस समझौते के समांतर एक बाधा यह खड़ी हुई है कि मणिपुर में नगाओं की शीर्ष संस्था ने मुक्त आवागमन व्यवस्था को समाप्त करने और भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने के विरोध में 'व्यापार प्रतिबंध' लागू करने की घोषणा कर दी है।वहीं कुकी-जो परिषद ने कहा कि समझौते को मैतेई आबादी और कुकी जो के इलाकों के बीच के 'बफर जोन' में किसी तरह की आवाजाही के रूप में नहीं समझा जाए; लोगों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। जाहिर है, कुकी-जो समूहों के साथ बनी सहमति के बावजूद राज्य में स्थायी समाधान और पूर्ण शांति की फिलहाल सिर्फ उम्मीद की जा सकती है।गौरतलब है कि राज्य में मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के सवाल पर उभरा संघर्ष वहां कुकी और मैतेई समुदायों के बीच ऐसी दूरी पैदा कर चुका है, जिसका हल निकालना अब तक संभव नहीं हो सका है।

**नेपाल में सरकार द्वारा प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स पर लगाए गए प्रतिबंध ने देश के राजनीतिक, सामाजिक और कूटनीतिक परिदृश्य को गहराई से प्रभावित किया है। यह केवल डिजिटल नीति का सवाल नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और युवा चेतना के लिए एक गंभीर चुनौती है। फेसबुक, यूट्यूब, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और स्नैपचैट जैसे प्लेटफ़ॉर्म्स, जिन्हें युवा पीढ़ी अपने विचार व्यक्त करने, दोस्तों से जुड़ने और वैश्विक घटनाओं से अपडेट रहने के लिए इस्तेमाल करती है, उन पर बैन लगाने से युवाओं में गहरी नाराजगी और असंतोष पैदा हुआ है। युवा पीढ़ी पहले ही देश की कमजोर स्वास्थ्य और शिक्षा प्रणाली, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद से तंग आ चुकी है। ऐसे समय में सोशल मीडिया पर पाबंदी ने उनकी निराशा को और बढ़ा दिया है।**

## सोशल मीडिया को शांत करने से नेपाल हुआ अशांत, जेन-जेड पर चलवा कर गोली बड़ी गलती कर बैठे ओली

(नीरज कुमार दुबे)

इस घटनाक्रम का भारत और दक्षिण एशिया के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश है। नेपाल भारत का निकटतम पड़ोसी और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण देश है। वहां की अस्थिरता न केवल सीमा सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकती है, बल्कि चीन जैसे बाहरी प्रभावों को बढ़ावा देने का अवसर भी दे सकती है।

नेपाल में सरकार द्वारा प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स पर लगाए गए प्रतिबंध ने देश के राजनीतिक, सामाजिक और कूटनीतिक परिदृश्य को गहराई से प्रभावित किया है। यह केवल डिजिटल नीति का सवाल नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और युवा चेतना के लिए एक गंभीर चुनौती है। फेसबुक, यूट्यूब, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और स्नैपचैट जैसे प्लेटफ़ॉर्म्स, जिन्हें युवा पीढ़ी अपने विचार व्यक्त करने, दोस्तों से जुड़ने और वैश्विक घटनाओं से अपडेट रहने के लिए इस्तेमाल करती है, उन पर बैन लगाने से युवाओं में गहरी नाराजगी और असंतोष पैदा हुआ है।

युवा पीढ़ी पहले ही देश की कमजोर स्वास्थ्य और शिक्षा प्रणाली, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद से तंग आ चुकी है। ऐसे समय में सोशल मीडिया पर पाबंदी ने उनकी निराशा को और बढ़ा दिया है। हाल ही में 'नेपो किड्स' यानि राजनीतिक परिवारों के बच्चों के विरुद्ध उभरे गुस्से और काठमांडू में जेनरेशन ज़ेड के युवाओं का प्रदर्शन यह दर्शाता है कि वह अब अन्याय को चुपचाप सहन नहीं करेंगे। यह चेतावनी है कि यदि सरकार युवा वर्ग की भावनाओं को समझने में विफल रही, तो राजनीतिक अस्थिरता और बढ़ सकती है।

देखा जाये तो इस घटनाक्रम का भारत और दक्षिण एशिया के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश है। नेपाल भारत का निकटतम पड़ोसी और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण देश है। वहां की अस्थिरता न केवल सीमा सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकती है, बल्कि चीन जैसे बाहरी प्रभावों को बढ़ावा देने का अवसर भी दे सकती है। हाल ही में ओली सरकार का चीन के प्रति झुकाव, पश्चिम और जापान से दूरी और सीमा विवादों में आक्रामक रुख ने यह संकेत दिया है कि नेपाल अपनी रणनीतिक स्वतंत्रता के बावजूद विदेशी प्रभावों के जाल में फंसता जा रहा है।



### सही कदम गलत तरीके से उठाया

यह ठीक है कि सोशल मीडिया को कानूनी और सामाजिक वास्तविकताओं के अनुरूप नियंत्रित करना आवश्यक था, लेकिन इसे कैबिनेट निर्णय के माध्यम से लागू करना और विवादास्पद प्रावधान लागू करना– जैसे 'समस्याग्रस्त सामग्री' को 24 घंटे में हटाना, जैसी नीति को थोपना गलत था। पहले ही दक्षिण एशिया में लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। श्रीलंका, पाकिस्तान और अब नेपाल के हालात यह संदेश देते हैं कि लोकतंत्र केवल चुनाव तक सीमित नहीं रह सकता; इसे जीवित बनाए रखने के लिए नागरिकों की स्वतंत्रता, उनके अधिकार, शासन में पारदर्शिता और संवेदनशील कूटनीति की रक्षा आवश्यक है।

नेपाल की सरकार को अब यह समझना होगा कि विदेशी ऐप्स को कानूनी दायरे में लाना उचित है, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण है कि वह अपने युवाओं और नागरिकों की भावनाओं का सम्मान करें। युवा पीढ़ी देश के भविष्य के निर्माता हैं; उनकी आवाज़ को दबाना, उन्हें अपमानित करना और डिजिटल माध्यमों पर नियंत्रण लगाना केवल अस्थायी समाधान होगा, जबकि अस्थिरता और सामाजिक तनाव स्थायी रूप से बढ़ सकते हैं।

### भारत के लिए चिंता की बात

इसमें भी कोई दो राय नहीं कि नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता, सोशल मीडिया पर पाबंदी और युवा विरोध प्रदर्शन न केवल वहां की आंतरिक राजनीति को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि यह भारत के लिए भी चिंता का विषय बन गए हैं। नेपाल भारत का सबसे नजदीकी पड़ोसी और रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण देश है। दोनों देशों के बीच खुले सीमावर्ती संबंध, सामाजिक-सांस्कृतिक मेलजोल और आर्थिक संबंध गहरे हैं। ऐसे में नेपाल में बढ़ती अस्थिरता का सीधे प्रभाव भारत की सीमा सुरक्षा, सीमावर्ती इलाकों की स्थिरता और वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों पर पड़ सकता है।

नेपाल में युवाओं का आक्रोश और विरोध प्रदर्शन यह संकेत देते हैं कि सरकार और जनता के बीच विश्वास का संकट गहरा रहा है। अगर यह स्थिति और बिगड़ी तो चीन अपना प्रभाव वहां और बढ़ाने का प्रयास कर सकता है। चीन पहले से ही नेपाल में अपनी पकड़ बनाये हुए है। ऐसे में नेपाल के लोकतांत्रिक संस्थानों में अविश्वास और अशांति बढ़ी तो यह भारत के लिए रणनीतिक चुनौती बन सकती है।

इसके अलावा, नेपाल में सामाजिक असंतोष और राजनीतिक अशांति सीमा पार अपराध, तस्करी और अवैध गतिविधियों को भी बढ़ावा दे सकते हैं। नेपाल में मीडिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगना युवाओं में निराशा और विद्रोह की भावना को और बढ़ाता है, जो लंबे समय में भारत के लिए सुरक्षा और राजनीतिक स्थिरता की दृष्टि से जोखिम बन सकता है।

इसलिए भारत को नेपाल के हालात पर सतर्क नजर रखनी चाहिए। यह सतर्कता केवल सीमा सुरक्षा तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसमें कूटनीतिक संवाद, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक संपर्क के माध्यम से नेपाल के लोकतांत्रिक ढांचे और सामाजिक स्थिरता को बनाए रखने का प्रयास शामिल होना चाहिए। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि नेपाल के अंदरूनी संकट भारत-नेपाल संबंधों को प्रभावित न करें और क्षेत्रीय संतुलन बना रहे। देखा जाये तो नेपाल में बिगड़ते हालात भारत के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा, सामरिक संतुलन और क्षेत्रीय स्थिरता से जुड़ा मामला भी है। इसलिए भारत को सक्रिय, सतर्क और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाना अनिवार्य है।

### नेपाल सरकार के लिए आगे की राह

नेपाल सरकार को इस स्थिति को संभालने के लिए संतुलित और पारदर्शी रुख अपनाना होगा। सबसे पहले, युवा नेताओं और प्रदर्शनकारियों के साथ खुले संवाद की आवश्यकता है। सोशल मीडिया एप्स पर प्रतिबंध का उद्देश्य और कानूनी आधार स्पष्ट करना जरूरी है ताकि जनता को यह विश्वास हो कि यह कदम सिर्फ डिजिटल सुरक्षा और कानूनी संगति के लिए उठाया गया है, न कि युवाओं की आवाज़ दबाने के लिए। इसके साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्मों को नियंत्रित करने के लिए एक समग्र और न्यायसंगत कानून तैयार किया जाना चाहिए, न कि केवल कैबिनेट निर्णय या तात्कालिक आदेश पर जोर देना चाहिए। विवादास्पद प्रावधानों की समीक्षा और विशेषज्ञ सलाह से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि कानून निष्पक्ष और संतुलित हो।

इसके अलावा, युवाओं की भागीदारी और उनके सुझावों को नीति निर्माण प्रक्रिया में शामिल करना भी आवश्यक है। उनके दृष्टिकोण को गंभीरता से लेने से यह संदेश जाएगा कि सरकार उनकी आवाज़ को महत्व देती है। साथ ही, प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई से बचना चाहिए और शांतिपूर्ण संवाद के माध्यम से समाधान खोजा जाना चाहिए। डिजिटल शिक्षा और जागरूकता बढ़ाने के कार्यक्रमों के जरिए युवा समाज को जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग की ओर प्रेरित किया जा सकता है।

बहरहाल, देखा जाये तो नेपाल सरकार के सामने यह चुनौती केवल सोशल मीडिया नियंत्रण की नहीं है, बल्कि लोकतंत्र और युवा चेतना को बनाए रखने की भी है। संतुलित, पारदर्शी और संवादात्मक रुख अपनाकर ही सरकार युवा नाराजगी को शांत कर सकती है और देश में राजनीतिक और सामाजिक स्थिरता सुनिश्चित कर सकती है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## सिंहासन खाली करो... चीन-बांग्लादेश और अब नेपाल.. संसद तक छात्रों ने हिला दी हुकूमत

(दिनेश मिश्र)

नेपाल में युवाओं का आंदोलन हिंसक हो गया है। छात्र सड़क से लेकर संसद तक प्रदर्शन कर रहे हैं। इस आंदोलन ने चीन के उस नरसंहार और बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार की चूलें हिलाने की याद ताजा कर दी हैं। इन तीनों देशों में एक बात कॉमन है। इसे समझते हैं।

काठमांडू- आपने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की ये कविता तो गाहे-बेगाहे जरूर सुनी होगी-सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। नेपाल की राजधानी काठमांडू की सड़कों पर सोमवार को कुछ ऐसा ही दिखा, जब जनरेशन जेड के युवा प्रदर्शन के लिए उतर आए। उनके हाथों में बैनर है, जिस पर लिखा है- भ्रष्टाचार के लिए युवाओं का भविष्य बेचने नहीं देंगे। दरअसल, नेपाल में सोशल मीडिया पर बैन को लेकर जनरेशन जेड का रिवोल्यूशन अब खूनी क्रांति में बदल गई है। काठमांडू पोस्ट की खबर के अनुसार, कई छात्रों की मौत हो गई। कहा जा रहा है कि सड़क से शुरू हुआ यह आंदोलन अब देश की संसद तक जा पहुंचा। देश में सेना तैनात की दी गई है। कई जगहों पर कर्फ्यू लगा दिए गए हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ उग्र हुए इस प्रदर्शन के दौरान गोली लगने से कम से कम 100 लोग घायल हो गए हैं। इन आंदोलनों से चीन और बांग्लादेश में हुए छात्रों के आंदोलन की यादें एक बार फिर ताजा हो गई हैं।

**क्यों हो रहा है भारत के पड़ोस में ये आंदोलन:** दरअसल, नेपाल ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स समेत 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हाल ही में पाबंदी लगा दी थी।, जिससे युवाओं का आंदोलन भड़क गया। इन प्लेटफॉर्म्स को सात दिनों के भीतर नेपाल के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय में पंजीकरण कराना था, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए। केपी शर्मा ओली सरकार ने कंपनियों के लिए पंजीकरण पूरा करने के लिए 28 अगस्त से सात दिनों की समय सीमा तय की थी। इसके अलावा, सरकार के भ्रष्टाचार को लेकर भी युवा सड़कों पर उतरे हैं। युवाओं का कहना है कि भले ही उन पर गोली चलाई जाए, मगर वो फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स जरूर चलाएंगे।

**नेपाल में नेपो किड कैंपेन क्या है :** नेपाल में 'नेपो किड' अभियान एक ऑनलाइन आंदोलन है जो राजनेताओं और शक्तिशाली हस्तियों के बच्चों पर योग्यता के बजाय पारिवारिक संबंधों से प्राप्त धन और अवसरों का आनंद लेने का आरोप लगाता है। टिक टाक और रेडिड पर पोस्ट राजनेताओं के बच्चों की भव्य जीवनशैली की तुलना आम नेपाली युवाओं के संघर्षों से करते हैं, जिनमें से कई कम वेतन वाली नौकरियों के लिए विदेश चले जाते हैं।

**नेपो किड शब्द की उत्पत्ति क्या है?:** नेपो किड शब्द भाई-भतीजावाद से आया है। इसका इस्तेमाल सबसे पहले हॉलीवुड और बॉलीवुड में फिल्मी सितारों के बच्चों के लिए किया गया था, बाद में फिलीपींस में राजनेताओं के परिवारों के लिए लागू किया गया। अब नेपाल में इसका इस्तेमाल होता है। पोलिटियशन नेपोबाडी नेपाल जैसे हैशटैग के तहत यूजर्स इसके वीडियो साझा कर रहे हैं, यह सवाल करते हुए कि क्या राजनेताओं के बच्चों की सफलता का कारण विशेषाधिकार है या व्यक्तिगत प्रयास। कुछ लोग सड़क पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान कर रहे हैं।

**जब चीन में छात्रों पर चढ़ा दिए गए थे टैंक:** चीन में थियानमेन चौक नरसंहार को आज भी दुनिया याद करके सिहर उठती है। 3 और 4 जून की रात, 1989 को चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने टैंकों के साथ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर थियानमेन चौक पर धावा बोल दिया और विरोध प्रदर्शनों को कुचल दिया, जिसमें भारी जनहानि हुई। मृतकों की संख्या का अनुमान अलग-अलग है। चीनी सरकार ने दावा किया है कि उस रात 3,000 से ज्यादा लोग घायल हुए और 36 विश्वविद्यालय के छात्रों सहित 200 से ज़्यादा लोग मारे गए। माना जाता है उस वक्त चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने लोकतांत्रिक मांग कर रहे छात्रों पर टैंक चढ़वा दिए थे। इस दर्दनाक घटना में करीब 10 हजार छात्रों की जान गंवानी पड़ी थी। दरअसल, चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए 1980 के दशक में निजी कंपनियों और विदेशी निवेश को बढ़ावा देने का फैसला लिया। चीन की कम्युनिस्ट सरकार का मानना था कि जब रोजगार और उद्योग धंधे आगे बढ़ेंगे तो चीन के लोगों का लिविंग स्टैंडर्ड भी बेहतर होगा। लेकिन हुआ इसके उलट। लोगों का जीव तो बेहतर नहीं हुआ, लेकिन चीन की सरकार में भ्रष्टाचार के मामले काफी ज्यादा बढ़ गए।

**बांग्लादेश में भी हुआ था हिंसक छात्र आंदोलन:** बांग्लादेश में हिसंक छात्र आंदोलन के चलते पांच अगस्त, 2024 को शेख हसीना की अगुआई वाली अवामी लीग की शेख हसीना सरकार अपदस्थ कर दी गई थी। बांग्लादेश में भी भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन भड़क उठे थे, जब सड़कों पर हजारों छात्र उतर आए थे। बांग्लादेश में अब मोहम्मद यूनुस सरकार है, जिस पर आर्मी की तलवार लटकी रहती है।

## बेटियों को शिक्षा दिलाइए, वे अपनी दुनिया संवार लेंगी

**आज से करीब 54 साल पहले दिल्ली में पैदा हुईं सफीना की जिंदगी आम हिन्दुस्तानी लड़कियों से बिल्कुल मुख्तलिफ थी, क्योंकि उनकी मां का नाम उषा और पिता का यूसुफ हुसैन है। दरअसल, उषा और यूसुफ लखनऊ में यूनिवर्सिटी की पढ़ाई के दिनों में मिले। उनमें प्यार हुआ और वे शादी करके एक हो गए। सोचिए, 21वीं सदी के तीसरे दशक में खड़े भारतीय समाजों को जब अंतरजातीय विवाह भी गवारा नहीं, तो साढ़े पांच दशक पहले के हिन्दुस्तान में अंतरधार्मिक विवाह के लिए कैसे हालात रहे होंगे।**

(चंद्रकांत सिंह)

किसी मुल्क का सर्वश्रेष्ठ निवेश क्या है? बकौल विश्व बैंक, लड़कियों की शिक्षा में किया जाने वाला उसका निवेश! क्यों? क्योंकि दुनिया के दिग्गज अर्थशास्त्रियों और रणनीतिकारों ने जो 17 सतत विकास लक्ष्य तय किए हैं, उनमें से नौ पर इसका सीधा व सकारात्मक असर पड़ता है। वैसे, इन लक्ष्यों के तय होने से भी बहुत पहले से हमारे समाज में कहा जाता रहा है कि जिस परिवार की औरतें सुशिक्षित होती हैं, उनको तरक्की करने से कोई रोक नहीं सकता। विडंबना यह है कि तथाकथित विकसित मुल्कों और तरक्कीपसंद खानदानों में भी भेदभाव की पहली शिकार औरतें व बेटियां ही होती हैं। ऐसे में, सफीना हुसैन जो कुछ कर रही हैं, वह श्रेष्ठतम देशसेवा है।

आज से करीब 54 साल पहले दिल्ली में पैदा हुईं सफीना की जिंदगी आम हिन्दुस्तानी लड़कियों से बिल्कुल मुख्तलिफ थी, क्योंकि उनकी मां का नाम उषा और पिता का यूसुफ हुसैन है। दरअसल, उषा और यूसुफ लखनऊ में यूनिवर्सिटी की पढ़ाई के दिनों में मिले। उनमें प्यार हुआ और वे शादी करके एक हो गए। सोचिए, 21वीं सदी के तीसरे दशक में खड़े भारतीय समाजों को जब अंतरजातीय विवाह भी गवारा नहीं, तो साढ़े पांच दशक पहले के हिन्दुस्तान में अंतरधार्मिक विवाह के लिए कैसे हालात रहे होंगे। एक तरफ, तिवारी, त्रिपाठी और त्रिवेदी उपनामों वाला खानदान था, तो दूसरी तरफ, हसन, हुसैन, असगरी और जाफरी का कुनबा। कहां, वे इस दंपति को कुबूल कर पाते?



लिहाजा, उषा और यूसुफ को दिल्ली के एक जनता फ्लैट में पनाह मिली। वहीं सफीना पैदा हुईं। जाहिर है, ऐसी मिश्र पृष्ठभूमि के बच्चे उन दिनों बहुत कम थे, इसलिए सफीना का बचपन पड़ोस की फुसफुसाहटों और तंज-तानों के बीच गुजरा। सामाजिक-पारिवारिक लानत-मलामत ने माता-पिता के आपसी रिश्ते को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया था। उनके बीच बढ़ता तनाव विलगाव की हद तक चला गया। इन सबका बुरा असर सफीना पर पड़ना ही था। 12वीं के बाद उन्हें पढ़ाई छोड़नी पड़ी। वह आगे पढ़ना चाहती थीं, मगर हालात इसकी इजाजत नहीं दे रहे थे। 12वीं पास किए तीन साल बीत चुके थे। जो भी देखता, वह यही कहता कि शादी करके इसे विदा करो, अब क्या बाकी है इसके लिए?

मगर बुआ माहे हसन अलग थीं। वह सफीना के माता-पिता, दोनों की बेहद करीबी भी थीं। एक दिन उन्होंने परिवार से कहा, इस बच्ची ने बहुत कुछ सहा है, इसको मुझे दे दो। सफीना की जिंदगी में वह ऐसा पल था, मानो वह डूबती जा रही थीं और किसी फरिश्ते ने उन्हें अपनी उंगली थमा दी हो। बुआ के साथ सफीना लंदन चली आईं। वहां न सिर्फ बुआ का पूरा साथ मिला, बल्कि आगे पढ़ने की सहूलियतें भी मिलीं। उनकी बदौलत सफीना को प्रतिष्ठित 'लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स' में दाखिला मिल गया। एलएसई से अर्थशास्त्र में स्नातक करने के बाद एक नई सफीना बाहर निकली थीं- आत्मविश्वास से भरपूर।

सिलिकॉन वैली के एक स्टार्टअप से नौकरी का प्रस्ताव मिलते ही वह अमेरिका चली गईं। कई महीने बीत गए थे, मगर सफीना को अपने काम से संतोष नहीं मिल पा रहा था। किसी ने उन्हें एक स्थानीय गैर-लाभकारी संस्था के बारे में बताया। सप्ताह में एक दिन वह वहां स्वयंसेवा करने लगीं। उन्हें अब अपनी जिंदगी के मायने समझ में आने लगे थे। करीब नौ महीने बाद स्टार्टअप कंपनी से इस्तीफा देकर वह सैन फ्रांसिस्को की गैर-लाभकारी संस्था 'चाइल्ड फैमिली हेल्थ इंटरनेशनल' से जुड़ गईं। साल 1998 से 2004 तक उन्होंने वहां कार्यकारी निदेशक और सीईओ के रूप में काम किया।

सफीना उन दिनों जब-जब अपनी जिंदगी पर गौर करतीं, उन्हें यही एहसास होता कि सिर्फ तालीम की दौलत से उनके जीवन को यह विस्तार मिला है। क्या उनकी ही तरह पढ़ाई और करियर से दूर कर दी गई लड़कियों-औरतों को एक और मौका नहीं मिलना चाहिए? इस सवाल ने उनके भीतर एक बवंडर-सा पैदा कर दिया और 2005 में वह मुंबई चली आईं। तब तक पिता यूसुफ हुसैन भी बॉलीवुड में मकबूल हो चुके थे और मुंबई में ही रहने लगे थे। बहरहाल, सफीना ने केंद्र सरकार के आला अधिकारियों से संपर्क किया और पूछा, अगर मुझे लड़कियों की शिक्षा पर काम करना हो, तो कहां जाना चाहिए? अफसरों ने गंभीर लैंगिक अंतर वाले 26 जिलों की एक सूची दी, जिनमें से नौ अकेले राजस्थान में थे।

साल 2007 में गैर-लाभकारी संस्था 'एजुकेट गर्ल्स' की नींव रखने के साथ सफीना ने पाली जिले के पचास गांवों में काम करना शुरू कर दिया। वह जानती थीं कि राजस्थान के आदिवासी इलाकों में जाकर अगर सीधे माता-पिता से वह कहेंगी कि वे अपनी बेटियों को फिर से स्कूल भेजें, तो यह कामयाब नहीं होने वाला। इसलिए उन्होंने पहले गांव-गांव में 'टीम बालिका' बनाई, जिसमें स्थानीय पढ़े-लिखे लड़के-लड़कियों को शामिल किया गया, ताकि वे लक्षित परिवारों के साथ भरोसे का रिश्ता कायम कर सकें। फिर उनकी संस्था ने राज्य सरकार के साथ मिलकर बेटियों को स्कूल से पुनः जोड़ना शुरू कर दिया।

आज सफीना की संस्था राजस्थान के अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के 29,000 गांवों में राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है, ताकि बेटियां शिक्षा से वंचित न रह जाएं। उनकी संस्था में 3,000 लोग नियमित रूप से कार्यरत हैं, जबकि 18,000 नौजवान वॉलंटियर के तौर पर जुड़े हैं। बीते 18 सालों में इन राज्यों की लगभग 20 लाख बच्चियों को स्कूलों से फिर से जोड़कर सफीना की संस्था ने उनकी जिंदगी को रोशन किया है। इसलिए पिछले दिनों जब इस संस्था को रेमन मैगसायसाय अवॉर्ड के लिए चुना गया, तो सचमुच सफीना हुसैन पर गर्व हो आया!

# कार्यों का भौतिक निरीक्षण को टीम गठित, सिस्टम को हल्के में लेने वाले नपेंगे




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने ड्रिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में हुए कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, डीएमएफटी के तहत कार्यरत सरकारी एजेंसियों तथा पीएमयू टीम के सदस्य आदि उपस्थित थे।

**02 दिनों में समरी रिपोर्ट तैयार करें एजेंसी**

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कार्यरत सभी एजेंसियों (तेनुघाट डैम प्रमंडल, सिविल सर्जन, जिला अभियंता, विद्युत प्रमंडल, भवन प्रमंडल, विशेष प्रमंडल, एनआरईपी, पीएचईडी, आरईओ आदि) को स्पष्ट किया कि 02 दिनों में किए गए सम्पूर्ण कार्य-प्रक्रिया की समरी रिपोर्ट तैयार कर एजेंसियां उपलब्ध कराएं। जिसमें नीविदा की प्रक्रिया, कार्य अवधि, कार्य की स्थिति/प्रगति आदि का स्पष्ट उल्लेख हो। इस रिपोर्ट को समेकित कर डीएमएफटी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, ताकि जिले में पारदर्शिता सुनिश्चित हो और जनता को विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सके।

उपायुक्त ने कहा कि जो एजेंसी अगले 02 दिनों में हुए कार्यों की समरी रिपोर्ट जिला को उपलब्ध नहीं कराएंगे। संबंधित एजेंसी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपस्थित पीएमयू टीम को राज्य द्वारा निर्धारित ऑडिट एजेंसी से रेगुलर ऑडिट कराने को कहा।

**भौतिक निरीक्षण के लिए टीम गठित करें**

उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित विशेष कार्य पदाधिकारी सह एसी मो. मुमताज अंसारी को निर्देश दिया कि डीएमएफटी के तहत अब तक हुए कार्यों का फिल्ड स्तर पर भौतिक निरीक्षण करने के लिए अलग झ अलग टीम गठित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि जो अधिकारी/कर्मी सिस्टम को हल्के में लेंगे, वे नपेंगे। उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**हमारा गांव –हमारे लोग अभियान के तहत निरीक्षण**

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि हमारा गांव झ हमारे लोग अभियान के तहत आगामी शनिवार को जिले के वरीय पदाधिकारी विभिन्न प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों का दौरा करेंगे। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड संधारण, पंजी पुस्तकों एवं सभी अभिलेखों की गहन जांच की जाएगी, ताकि प्रशासनिक कार्यों की पारदर्शिता एवं शुचिता बनी रहे।

**समयबद्धता और पारदर्शिता पर दिया बल**

उपायुक्त ने सभी एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे कार्य की प्रगति रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराएं और निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्यों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी फंड से होने वाले सभी विकास कार्यों में जनता का विश्वास कायम रखना, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिले के विकास कार्यों को पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारना हमारी साझा जिम्मेदारी है।

## चास निगम क्षेत्र में पेयजलापूर्ति सुचारू करने को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास नगर निगम क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त एवं सुदृढ़ करने को लेकर मंगलवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर नगर आयुक्त चास संजीव कुमार, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल एस बी तिवारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

**वाटर ट्रीटमेंट प्लांट हेतु डेडिकेटेड विद्युत आपूर्ति का निर्देश**

बैठक में उपायुक्त ने विशेष रूप से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) चास को डेडिकेटेड विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने में आ रही समस्याओं पर विस्तार से समीक्षा की। जिस पर कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल चास द्वारा बताया गया कि सब स्टेशन का कार्य पूरा है, 33 केवी का लाइन दुग्धा से ले जाने के लिए रेलवे से एनओसी नहीं मिल रहा है, इससे परेशानी हो रही है। मौके पर ही उपायुक्त ने पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्रा से बात कर समस्या पर चर्चा की। जिस पर उन्होंने अपनी ओर से जल्द कार्रवाई की बात कहीं। बैठक में उपायुक्त ने पुनः कार्यपालक अभियंता को रेलवे पोर्टल पर आन लाइन अप्लाई करने एवं बैठक में उपस्थित रेलवे प्रतिनिधियों से दो दिनों में प्रक्रिया को पूरा करते हुए एनओसी निर्गत करने की बात कहीं।

उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता चास को एनओसी प्राप्त होने के साथ ही रविवार से इस दिशा में कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि विजया दशमी तक हर हाल में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) चास को डेडिकेटेड विद्युत आपूर्ति सेवा से जोड़ देना है। इसमें किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। ताकि नगर क्षेत्र में जलापूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित हो सके।छूटे हुए मोहल्लों व कॉलोनियों तक पेयजल आपूर्ति उपायुक्त ने कार्यरत एजेंसियों जुडको एवं अन्य को निर्देश दिया कि वह इस दौरान अब तक छूटे हुए कॉलोनियों/मोहल्लों तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य शीघ्र पूरा करें। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र की जनता पेयजल सुविधा से वंचित नहीं रहे।

**नदी संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण पर दिया जोर**

बैठक में उपायुक्त ने अपर नगर आयुक्त को यह सुनिश्चित करने को कहा कि गरगा नदी में शहर का गंदा पानी सीधे नहीं जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि केवल फिल्टर और शोधन के बाद ही नदी में जल का प्रवाह हो। इसके अतिरिक्त, उन्होंने नदियों के किनारे पौधरोपण कर उन्हें सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के दिशा में भी निगम प्रबंधन को प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया।

## अपराधियों ने रेलवे साइडिंग में की ताबड़तोड़ फायरिंग, ट्रैक्टर चालक घायल



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बांधडीह रेलवे साइडिंग में सोमवार को बड़ी आपराधिक वारदात सामने आई। ट्रैक्टर चालक जादू साहिस को अज्ञात अपराधियों ने उस समय निशाना बनाया जब वह मिट्टी लेकर रेलवे साइडिंग परिसर में पहुंचा। दो बाइक पर सवार अपराधियों ने अचानक उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की और चार गोलियां मारकर फरार हो गए। गोली चालक के पेट, कमर और पैर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने पांच खोखा बरामद किया है। साथ ही घटनास्थल से एक पर्चा भी मिला है, जिसकी जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इधर, गोलीबारी की इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। बताया जाता है कि पिछले छह महीने से बांधडीह रेलवे साइडिंग में रेलवे द्वारा बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वारदात के समय भी यही कार्य जारी था। पुलिस मामले को रंगदारी से भी जोड़कर देख रही है और हर पहलू पर छानबीन कर रही है। फिलहाल पुलिस ने इलाके में गश्त तेज कर दी है और अपराधियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद होने का संकेत दिया है।

## गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक खुटरी में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, के एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, रांची द्वारा आज गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, कॉलेज, जैनामोड़ में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान बोकारो जिले के स्थानीय युवाओं तथा भावी उद्यमियों को भारत सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं जानकारी प्राप्त किया। गौरव कुमार सहायक निदेशक एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, रांची ने कार्यक्रम में भारत सरकार के एम एस एम ई मंत्रालय के योजनाओं में प्रकाश डाला। अतिथि के रूप में किशोर रजक जिला उद्यमी समन्वयक ( मुख्यमंत्री कुटीर उद्योग बोर्ड) शशि भूषण(प्रेसिडेंट, एम एस एम ई एंटरप्रेन्योरश एसोसिएशन), राजेश प्रसाद (निदेशक संकल्प फाउंडेशन), कुंदन उपाध्याय ( स्टेट प्रेसिडेंट, जे एस टी बी ई ए) उपस्थित थे। किशोर रजक जिला उद्यमी समन्वयक ( मुख्यमंत्री कुटीर उद्योग बोर्ड) ने झारखंड सरकार के एम एस एम ई के योजनाओं के बारे में बताया। अतिथियों ने प्रतिभागियों को भारत सरकार एवं झारखंड सरकार द्वारा उद्यमियों के विकास हेतु उपलब्ध योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजसेवी ऋतु अग्रवाल की असामयिक निधन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चेंबर के सचिव एवं रोटरी क्लब चास के पूर्व सचिव मुकेश अग्रवाल की धर्मपत्नी 50 वर्षीय रितु अग्रवाल का आकस्मिक देहावसान हो गया। यह दुखद खबर सुनते ही समाज में शोक की लहर दौड़ गई। रितु अग्रवाल सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहती थी और बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया करतीं थीं। सामाजिक कार्यों में उनकी गहरी रुची थी। रोटरी क्लब चास, मारवाड़ी महिला समिति सहित वे कई संस्थानों में सक्रिय थी। बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने इस दुखद अवसर पर पहुंच कर मुकेश अग्रवाल एवं उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। भाजपा नेत्री डॉ परिंदा सिंह ने भी सांत्वना दी और परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर, सचिव श्वेता रस्तोगी, चेंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी,संजय बैद, राजकुमार जायसवाल, नरेंद्र सिंह, विनोद चोपड़ा, सिद्धार्थ पारख, प्रकाश केजरीवाल, विजय अग्रवाल, श्रमिक नेता संग्राम सिंह आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया।

### मध्य विद्यालय ऊपर अंकुरा में साइकिल वितरण



**बरवाअड्डा (धनबाद)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साइकिल वितरण योजना' के माध्यम से सरकार ने शिक्षा और उन्नति का पहिया को गति देने का काम किया है। यह योजना न केवल बच्चों के लिए आसान आवागमन सुनिश्चित कर रही है बल्कि उन्हें बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर भी कर रही है। उन्नति का पहिया साइकिल वितरण योजना झारखंड के हर बच्चे के सपनों को पंख दे रही है। गोबिंदपुर प्रखंड खरनी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में साइकिल वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य रूप से जिला परिषद स्वाती कुमारी उपस्थित हुई वही कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक किशोर कुमार ने किया जिसके उपरांत जिला परिषद स्वाति कुमारी ने छात्र एवं छात्राओ को उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की ओर बच्चो को कहा की आप ही हामरे देश के उज्जवल भविष्य हो खूब पढ़ो ओर मेहनत करो.मौके पर स्वाति कुमरी ने छात्र एवं छात्राओं को साईकिल वितरण किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक किशोर कुमार,दिलीप चौधरी नयन मिश्रा, अनिल महथा चंदन कुमार, वीरेंद्र रवानी, सुनील कुम्हार, सागर रॉय आदि उपस्थित थे।

### जनता दरबार में ऑन स्पॉट कई मामलों का किया निष्पादन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 45 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, अनुमंडल कार्यालय चास/बेरमो, अंचल कार्यालय चास/नावाडीह, बीएसएल, जिला समाज कल्याण विभाग, वन प्रमंडल, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### उपायुक्त के फर्जी फेसबुक अकाउंट - वाट्स एप नंबर को लेकर प्राथमिकी दर्ज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन बोकारो द्वारा उपायुक्त अजय नाथ झा के नाम से बनाए गए फर्जी फेसबुक अकाउंट एवं वाट्स एप नंबर के मामले को गंभीरता से लेते हुए विधि सम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बाबत बी.एस.सिटी थाना में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी (कांड संख्या 197/08.09.25 ) तथा चास थाना में चास प्रखंड विकास पदाधिकारी (कांड संख्या 127/06.09.25) द्वारा दिए गए आवेदन पर अलगझ्अलग प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। दर्ज मामले में कहा गया है कि उपायुक्त बोकारो के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट/वाट्स एप नंबर बनाकर आम लोगों को ठगने और भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फर्जी फेसबुक अकाउंट - वाट्स एप नंबर बनाने वाले ठगों पर अविलंब कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। वर्तमान में पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## प्रमुख चौक चौराहों के सुंदरीकरण को लेकर बैठक



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के प्रमुख चौक चौराहों के सौंदर्यकरण एवं पुनर्विकास को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी चौक चौराहों के सौंदर्यकरण के साथ उसके एप्रोच रोड को भी सुंदर बनाना है। हर चौक पर सीसीटीवी कैमरा, ट्राफिक सिग्नल लगाने के लिए स्थल के साथ यूटिलिटी कॉरिडोर का निर्माण करना है। उन्होंने सभी चौक पर एक समान साइन बोर्ड लगाने, होर्डिंग को सड़क से दूर करने, इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले लगाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कम रखरखाव, बेहतर स्थायित्व तथा सुगम यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सौंदर्यकरण करना है। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक ने वाहनों के सुरक्षित आवागमन के लिए चौक पर बेहतर दृश्यता रखने, चौक के चारों ओर स्टेनलेस स्टील ग्रिल से घेर घेराबंदी कर-के उसे आकर्षक बनाने, हर चौक के लिए अलग थीम निर्धारित करने व एकसमान होलोग्राम लगाने का सुझाव दिया। बैठक में सिटी सेंटर, मेमको मोड़, बिरसा चौक, रणधीर वर्मा चौक, पूजा टॉकीज, श्रमिक चौक, जेपी चौक बैंक मोड़, सूर्यदेव सिंह चौक, पॉलिटेक्निक जंक्शन बेकारबांध सहित अन्य चौक चौराहों पर गोल चक्कर और द्वीप का सौंदर्यीकरण, स्पष्ट सड़क चिह्न, पार्किंग के साथ लैंडस्केप, बोलार्ड के साथ फुटपाथ, स्मार्ट ट्रैफिक पोस्ट, रेलिंग और लैंडस्केपिंग के साथ मध्य रेखा पर पेंटिंग, ग्रीन कॉरिडोर, बिलबोर्ड प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट, जेबरा क्रॉसिंग, फुटपाथ सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

## पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए ही चैकिंग अभियान चलाती है : सिविल डिफेंस



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंदनकियारी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में सिविल डिफेंस के ओर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं यातायात नियमों तथा प्राथमिक चिकित्सा का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर चंदनकियारी थाना प्रभारी सूरज कुमार एवं सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन डॉक्टर एस पी वर्मा तथा डॉ पूजा एवं विद्यालय की प्राचार्या अनीता कुमारी उपस्थित थी। इस अवसर पर थाना प्रभारी सूरज कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा एफआईआर एवं बाल अपराध न हो इस बारे मे विस्तार से जानकारी दी। वहीं सिविल डिफेंस के जय प्रकाश सिंह ने यातायात नियमों को विस्तार से बताया और कहा की बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले लोग पुलिस को देख कर इधर उधर भागने लगते हैं, जिसके कारण भी दुर्घटनाएं होती है, जबकि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए चैकिंग अभियान चलाती है ताकि आप सुरक्षित रहें। आपके सर मे ही आपका ब्रेन होता है इसे ही बचाना है। वहीं डॉक्टर पूजा ने दुर्घटना में चेहरे पर लगने वाले चोट ईलाज के बारे मे तथा आए दिन हो रहे बच्चियों पर तेजाब से हमला से बचने के उपाय तथा ईलाज बताया। वहीं यातायात पुलिस पदाधिकारी संजय कच्छप ने हेलमेट नहीं लगाने वाले को एवं चार पहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट नही लगाने वाले के लिए निर्धारित दंड से अवगत कराया। राज्य प्रशिक्षण पदाधिकारी सह डिविजनल वार्डन डॉ एस पी वर्मा ने सिविल डिफेंस सिस्टम के कार्य प्रणाली को समझाते हुए सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को ईलाज करने के गुर सिखाए, जिसमें मुख्य रूप से रक्त प्रवाह को रोकने तथा नियंत्रित करने के उपाय को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा के पदाधिकारी श्री मदन मोहन झा ने विद्यालय परिवार के सदस्यों को इस संस्था जे जुड़कर मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से सिविल डिफेंस, चास के गगन बाउरी एवं विद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

## बैठक में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों को डीसी ने पूछा स्पष्टीकरण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने डीएमएफटी के तहत कार्यरत विभिन्न एजेंसियों झ पीएमयू टीम के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में विभिन्न एजेंसियों के कार्यपालक अभियंता झ वरीय पदाधिकारी के बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने को लेकर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं चलेगा। बैठक में संबंधित एजेंसियों के सहायक एवं कनीय अभियंता/प्रतिनिधि उपस्थित थे। उपायुक्त ने बैठक में अनुपस्थित कार्यपालक अभियंता तेनुघाट डैम, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता जिला परिषद, कार्यपालक अभियंता आरईओ, कार्यपालक अभियंता एनआरईपी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी तेनुघाट, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विशेष प्रमंडल, कार्यपालक दंडाधिकारी फुसरो नगर परिषद, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल चास, डीपीएम जेएसएलपीएस आदि से अनुपस्थित रहने का स्पष्टीकरण पूछा है। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब देने एवं जब तक संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता है सभी का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया है। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि वह कभी किसी भी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर सकते हैं। सभी पदाधिकारी झ कर्मी अपने कार्यालय की व्यवस्था को दुरूस्त रखें। सभी तरह की पंजी को अद्यतन करें, सप्ताह भर से ज्यादा अगर कोई पंजी अपडेट नहीं पाई जाती है, तो संबंधित पदाधिकारी/कर्मी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## विवि सीनेट सदस्य का किया स्वागत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जैनामोड़ स्थित भारतीय जानता पार्टी किसान मोर्चा कार्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता एवं वर्तमान में विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के सीनेट सदस्य रंजीत राय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के सीनेट सदस्य राजेश शाह ,भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हजारीबाग विभाग के पूर्व विभाग संयोजक रंजय भारती का धनबाद जाने के क्रम में अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। जिसमे मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री अर्जुन सिंह उपस्थित रहे साथ ही अभाविप जरीडीह नगर इकाई के अनेक कार्यकता उपस्थित रहे जिसमें अभाविप के पूर्व प्रांत एस एफ डी प्रमुख विवेक पाठक ,पूर्व जिला संयोजक मंजीत सिंह,जरीडीह नगर मंत्री शिवम सिंह,विक्रम सिंह ,राज कुमार ,अजय कुमार पाल गोविन्द महतो इत्यादि उपस्थित रहे ।

## बोकारो स्टील प्लांट में कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल में ठेकेदारों के बीच सुरक्षा के महत्व को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कॉन्ट्रैक्टर सेफ्टी मैनेजमेंट की एलिमेंट स्टीयरिंग कमेटी एवं कॉन्ट्रैक्टर मीट के अंतर्गत एक विशेष सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 09 सितम्बर 2025 को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य सभागार में किया गया. इस कार्यक्रम का आयोजन बीएसएल के सुरक्षा अभियंत्रण विभाग द्वारा किया गया जिसमें संयंत्र के विभिन्न विभागों के लगभग 35 ठेकेदारों ने भाग लिया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) श्री बी.के. सरतापे उपस्थित थे. इस अवसर पर महाप्रबंधक-प्रभारी (सुरक्षा) श्री आनंद रौतेला, उप महाप्रबंधक (सुरक्षा) श्री कुमार रजनीश, सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) श्री ए.डी. रामटेके एवं उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री एस.के. दत्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरूआत में उप महाप्रबंधक (सुरक्षा) श्री कुमार रजनीश ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रुपरेखा से सभी को अवगत कराया. तत्पश्चात मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) श्री बी.के. सरतापे ने सभी प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई तथा अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है. हम सभी की जिम्मेदारी है कि स्वयं के साथ-साथ अपने सहकर्मियों की भी सुरक्षा सुनिश्चित करें. इस अवसर पर सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) श्री ए.डी. रामटेके ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कार्यस्थल पर संभावित जोखिमों की पहचान, निवारक उपाय, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के अनिवार्य उपयोग एवं सुरक्षित कार्य पद्धतियों जैसे विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी साझा की. यह कार्यक्रम बीएसएल की ठेकेदारों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सुरक्षा संस्कृति को और सुदृढ़ करने तथा अपने हितधारकों के लिए सुरक्षित एवं स्वस्थ कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है.

**एक ऱनए सफर की शुरूआतर कार्यक्रम का आयोजन**

बोकारो स्टील प्लांट से सितम्बर '2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 27 कार्मिकों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से आज दिनाँक 09 सितम्बर को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के द्वारा "एक नए सफर की शुरूआत" कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया. डॉ साकेत मिश्रा , ए सी एम ओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन तथा योग गुरु श्री के बी मिश्रा ने योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली के बारे में बताया. उप महा प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) श्री अनुपम शी ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन तथा नगर प्रशासन विभाग से श्री जितेंद्र कुमार, सहायक महाप्रबंधक ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी. पंजाब नेशनल बैंक सेक्टर 04 के ब्राँच हेड श्री दीपक कुमार लोहानी तथा उनकी टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनो को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी. सुश्री अनीता झा (मानव संसाधनअंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

## द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया अपना पहला फ्लेक्सी कैप फंड

**मुंबई, एजेंसी।** द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड (पैन्टोमैथ ग्रुप की कंपनी) ने आज अपने पहले फ्लेक्सी कैप फंड के लॉन्च की घोषणा की। यह न्यू फंड ऑफर लार्ज, मिड और स्मॉल कैप शेयरों में अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार किया गया है। द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड का विश्वास है कि निवेश में फुर्ती, वैज्ञानिक अनुशासन और डिस्ट्रीब्यूटर-प्रथम मॉडल सबसे अहम हैं। द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड संस्थागत स्तर के शोध, प्राइवेट इक्विटी जैसी जांच-पड़ताल और आम निवेशकों के लिए आसान पहुँच का एक अनोखा मेल प्रस्तुत




करता है। यह फ्लेक्सी कैप फंड असली फुर्ती दिखाने के लिए तैयार है, जहाँ बाज़ार की स्थिति, वैल्यूएशन और बाहरी हालात के आधार पर लार्ज, मिड और स्मॉल कैप शेयरों में डायनेमिक आवंटन किया जाएगा।

द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड की फाउंडर और एमडी मधु लूनावत ने कहा, यह सिर्फ नाम भर की लचीलापन नहीं है। हम प्राइवेट इक्विटी जैसी गहराई से जांच करते हैं और उसी स्तर की मेहनत पब्लिक मार्केट्स में लाते हैं। हमारी कोशिश है कि कंपनियों और सेक्टर्स का गहराई से मूल्यांकन कर, सही समय पर सही जगह निवेश किया जाए। हमारा लक्ष्य है विश्वास, स्पष्टता और जवाबदेही के साथ लंबी अवधि की संपत्ति बनाना।

यह फंड दो स्व-विकसित निवेश फ्रेमवर्क्स पर आधारित है।

सीआईओ - इक्विटी, अपर्णा शंकर ने कहा, हमारा दर्शन अनुशासन और फुर्ती का संगम है। चेंज और ईडीजीई जैसे फ्रेमवर्क्स को प्राइवेट इक्विटी-स्टाइल चेक्स के साथ जोड़कर, हम नियंत्रित जोखिम के साथ लगातार बेहतर रिटर्न देने का लक्ष्य रखते हैं ङ्क निवेश का यही सही तरीका है। चीफ स्ट्रेटेजी ऑफिसर, देबाशीष मोहंती ने कहा, हम मानते हैं कि भारत की म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री की रीढ़ हमारे डिस्ट्रीब्यूटर हैं। हमारा उद्देश्य है उन्हें संस्थागत स्तर के उत्पाद देना, जो गहरे शोध और मज़बूत जोखिम प्रबंधन से समर्थित हों, और साथ ही बेहतरीन निष्पादन और पारदर्शी सेवा सुनिश्चित करना।

## हिंद कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने बनाया सौर ऊर्जा से संचालित प्रज्ञान रोवर की प्रतिकृति

**भोपाल।** नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम उठाते हुए हिंद कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, नवीन नगर, भोपाल ने रोबोफ्यूजन एआई प्रा. लि. के सहयोग से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। निदेशक श्री जी.पी. शर्मा के मार्गदर्शन में छात्रों ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत प्रज्ञान रोवर की एक कार्यशील प्रतिकृति सफलतापूर्वक तैयार की है। यह रोवर सौर ऊर्जा से संचालित होता है और तापमान, वायु प्रदूषण स्तर , नमी, धुएँ आदि जैसे रियल-टाइम डेटा सीधे मोबाइल उपकरणों पर भेजने में सक्षम है। उच्च सटीकता से निर्मित यह रोवर पहाड़ी क्षेत्रों, पथरीली सतहों और रेतीले इलाकों में भी प्रभावी ढंग से काम कर सकता है, जो इसे वास्तविक अन्वेषण रोवर्स के समान अनुकूलन क्षमता प्रदान करता है। यह पहल विद्यालय की उस दृष्टि को दर्शाती है, जिसके तहत शिक्षा को व्यावहारिक नवाचार से जोड़ा जा रहा है। छात्र ब्लूटूथ तकनीक, रिमोट-कंट्रोल तकनीक, होम ऑटोमेशन और ट्रैफिक लाइट सिस्टम जैसे क्षेत्रों में भी गहरी रुचि दिखा रहे हैं और व्यवहारिक अनुभव प्राप्त कर अपनी तकनीकी नींव मजबूत कर रहे हैं।

# बीमा प्रीमियम क्या सचमुच सस्ता होगा GST

## कटौती का पूरा लाभ नहीं मिलने की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आने वाली 22 सितंबर से हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसियों पर जीएसटी पूरी तरह खत्म हो रहा है। पहले इन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता था, जो अब शून्य हो जाएगा। इस कदम को आम ग्राहकों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है, लेकिन सवाल उठ रहे हैं कि क्या प्रीमियम सचमुच सस्ता होगा। इस पर विशेषज्ञों का कहना है कि ग्राहकों को पूरा 18 प्रतिशत का फायदा नहीं मिलेगा, लेकिन अनुमान है कि प्रीमियम में 12-15 प्रतिशत तक राहत जरूर मिलेगी।

**यहां फंसा है पेच-** विशेषज्ञों का कहना है कि जीएसटी शून्य होने से ग्राहकों का प्रीमियम खर्च सीधे घटेगा और बीमा कंपनियों को यह लाभ ग्राहकों तक पहुंचाना ही होगा। हालांकि, अब कंपनियों के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। पहले वे एजेंट कमीशन और दूसरे सेवाओं पर दिए गए जीएसटी को कर छूट (आईटीसी) के रूप में समायोजित कर लेती थीं, लेकिन अब कर शून्य होने से यह सुविधा समाप्त हो गई है और कंपनियों को यह खर्च खुद उठाना पड़ेगा। माना जा रहा है कि इस खर्च और लागत की भरपाई के लिए कंपनियां आधार प्रीमियम 3-8 प्रतिशत तक बढ़ा सकती हैं।




**क्या है आईटीसी-** आईटीसी को आसान भाषा में समझें तो यह एक प्रकार से कर छूट जैसा ही होता है। अभी बीमा कंपनियां इस्तेमाल की गई सेवाओं पर जीएसटी छूट (आईटीसी) का दावा करती हैं। इसमें दफ्तर, वितरक का कमीशन, प्रचार और अन्य परिचालन खर्च शामिल हैं, लेकिन आईटीसी न मिलने से कंपनियों की लागत बढ़ेगी। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ तपन सिंघल के मुताबिक, हेल्थ इंश्योरेंस में आईटीसी नुकसान 3-8 प्रतिशत हो सकती है। अगर यह ग्राहकों पर डाली गई, तो ग्राहकों को कुल राहत 12-15 प्रतिशत ही मिलेगी।

**ऐसे समझें प्रीमियम पर असर-** मान लीजिए किसी पॉलिसी का प्रीमियम 100 रुपये है। पहले इस पर 18 प्रतिशत जीएसटी जोड़कर ग्राहक से 118 रुपये वसूला जाता था।

### पुरानी और नई पॉलिसीधारकों के लिए नियम

**1. एक साथ प्रीमियम चुकाया है तो..** जिन पॉलिसीधारकों ने 2, 3 या 5 साल का प्रीमियम पहले ही भर दिया है, उन्हें पिछली तारीख से जीएसटी छूट का फायदा मिलने की संभावना कम है। यानी रिफंड नहीं मिलेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रीमियम जिस दिन भरा जाता है, उस दिन लागू टैक्स ही जमा करना होता है। चूंकि पहले 'शून्य जीएसटी दर' लागू नहीं थी, इसलिए पीछे जाकर फायदा नहीं मिल सकता। हालांकि, इस संबंध में सरकार की अधिसूचना का इंतजार करना होगा।

**2. 22 से पहले प्रीमियम तिथि है तो...** जिनकी पॉलिसी का नवीनीकरण 22 सितंबर से पहले होना है, वे प्रीमियम भरने में देरी करके फायदा नहीं उठा पाएंगे। पॉलिसी दस्तावेज में नवीनीकरण की तारीख वही रहेगी और उस हिसाब से जीएसटी का भुगतान करना होगा।

**3. अगर पॉलिसी रद्द करना चाहते हैं-** कुछ लोग सोच रहे हैं कि पॉलिसी रद्द करके 22 सितम्बर के बाद दोबारा खरीद लें, लेकिन विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि ऐसा करना जोखिम भरा है। बीच में अगर कोई नई बीमारी या स्वास्थ्य समस्या आ गई तो दोबारा बीमा लेना मुश्किल हो सकता है।

**4. नई पॉलिसी पर भी लाभ-** केवल उन पॉलिसियों पर नया नियम लागू होगा, जो 22 सितंबर के बाद खरीदी जाएंगी या जिनकी नवीनीकरण तिथि इसके बाद है।

## एचडीएफसी बैंक ने 10,000 से ज़्यादा ऑफ़र के साथ अपना वार्षिक शॉपिंग बोनान्ज़ा फेस्टिव ट्रीट्स 2025 किया लॉन्च

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक ने अपने वार्षिक फेस्टिव ट्रीट्स 2025 अभियान की शुरुआत की घोषणा की है, जो देश में शॉपिंग सीज़न की शुरुआत का आधार तैयार करता है। यह अखिल भारतीय बोनान्ज़ा कार्ड, लोन, पेज़ैप और ईज़ीईएमआई पर 10,000 से ज़्यादा ऑफ़र लेकर आ रहा है, जिससे ग्राहकों के लिए त्योहारी खरीदारी ज़्यादा किफ़ायती और फ़ायदेमंद हो गई है। बैंक के पास एक्सप्रेस पर्सनल लोन, बिजनेस लोन, कार लोन, टू-व्हीलर लोन, होम लोन, गोल्ड लोन, एग्री लोन, कमर्शियल व्हीकल्स, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, सेविंग अकाउंट, पेजैप, सिक्योरिटीज पर लोन, प्रॉपर्टी पर लोन जैसे कई उत्पादों पर कई ऑफर हैं। उपभोक्ताओं को एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और ईज़ीईएमआई ऑन कार्ड्स के जरिए की गई खरीदारी पर त्योहारी खरीदारी पर 50,000 रुपये तक की बचत करने का मौका मिलेगा। बैंक ने जिन प्रमुख ब्रांडों के साथ साझेदारी की है उनमें एलजी भी शामिल है जो ग्राहकों को ईज़ीईएमआई ऑन कार्ड्स के साथ 50,000 रुपये कैशबैक के रूप में प्राप्त करने में सक्षम बनाता है और गूगल पिक्सल एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और ईज़ीईएमआई ऑन कार्ड्स के साथ 10,000 रुपये तक कैशबैक देता है। फेस्टिव ट्रीट्स ऑफर कई उत्पादों पर लागू हैं उसके बाद गणेश चतुर्थी, नवरात्रि, दुर्गा पूजा और फिर दिवाली। इस दृष्टिकोण से यह सुनिश्चित होता है कि ऑफ़र समय पर हों और सभी राज्यों के ग्राहकों के लिए प्रासंगिक हों। एचडीएफसी बैंक इस त्योहारी अभियान के लिए अपनी 9,499 शाखाओं, 21,251 एटीएम और छह लाख से ज़्यादा मर्चेंट व डीलर टचपॉइंट्स के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाएगा। बैंक की योजना ग्राहकों तक इन ऑफर्स को पहुँचाने के लिए रिटेल सेंटर्स, आवासीय परिसरों और कार्यालयों में 37,000 से ज़्यादा ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन करने की है। एचडीएफसी बैंक के कंट्री हेड - पेमेंट्स, लायबिलिटी प्रोडक्ट्स, कंज्यूमर फाइनेंस एंड मार्केटिंग, श्री पराग राव ने कहा, जैसे-जैसे देश त्योहारों की खुशियों में डूब रहा है, हम अपने उपभोक्ताओं के लिए ढेरों ऑफर लेकर आ रहे हैं जो उन्हें वास्तविक मूल्य प्रदान करते हैं और उन्हें हमारे कार्ड्स, लोन्स, पेज़ैप और ईज़ीईएमआई की सुविधा के माध्यम से स्मार्ट तरीके से खर्च करते हुए जश्न मनाने में सक्षम बनाते हैं।

## सैमसंगने नए डिजाइन किये गये स-पेन और बेहतरीन सैमसंग डीईएक्स अनुभव के साथ लॉन्च की गैलेक्सी टैबएस11 सीरीज

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने आज गैलेक्सी टैब एस11 अल्ट्रा और गैलेक्सी टैब एस11 अल्ट्रा और गैलेक्सी टैब एस11 को लॉन्च किया है। ये दोनों टैबलेट अब तक का सबसे इंटेलीजेंट और एडवांस्ड टैबलेट अनुभव देते हैं। गैलेक्सी टैब एस11 सीरीज़ चलते-फिरते आसानी से काम करने के लिए बनाई गई है, और इसमें शक्तिशाली हार्डवेयर का बड़ी स्क्रीन के लिए बेहतरीन अनुभवों के साथ संयोजन किया गया है।

गैलेक्सी टैब एस11 अल्ट्रा अब तक का सबसे पतला गैलेक्सी टैब है। यह परफॉर्मेंस से समझौता किये बगैर एक प्रीमियम टैबलेट का नया अनुभव देता है। गैलेक्सी टैब एस11 अल्ट्रा केवल 5.1 द्व्ब्व पतला है, और इसका वजन महज 692 ग्राम है। जबकि इसके पूर्ववर्ती फोन का वजन 718 ग्राम और मोटाई 5.5 एमएम थी।

**एडवांस्ड एआई के साथ रोज़मर्रा के कार्यों को शक्ति देना -** वन यूआई 8 के साथ, गैलेक्सी टैब एस11 सीरीज़ मल्टीमॉडल एआई को सबसे आगे लाती है - यह समझता है कि यूजर क्या टाइप करते हैं, बोलते हैं और देखते हैं, और वास्तविक समय में उपयोगी सुझाव देकर जवाब देती है। ये उपकरण किसी भी कार्य में काम करने, रचनात्मकता दिखाने और प्रवाह बनाए रखने का एक अधिक सहज तरीका प्रदान करते हैं। गैलेक्सी टैब एस11 सीरीज़ जेमिनी लाइव के साथ आती है जोकि रीयल-टाइम स्क्रीन शेयरिंग और विजुअल इनपुट को इनेबल करता है, ताकि यूजर जेमिनी के साथ स्वाभाविक बातचीत कर सकें कि वे क्या देख रहे हैं। चाहे वह स्क्रीन पर कंटेंट हो या कोई वस्तु जिसे उपयोगकर्ता कैमरे से दिखाना चाहता हो जेमिनी लाइव संदर्भ आधारित सवालों और रिक्वेस्ट को समझ सकता है।

# टाटा मोटर्सने लॉन्च किया ऑल-न्यू एलपीटी 812, मुनाफे में नए मानक स्थापित किये

### भारत का पहला 4-टायर ट्रक जिसकी पेलोड क्षमता 5 टन है, शहरी दुलाई को कर रहा है फिर से परिभाषित

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने आज इंटरमीडिएट, लाइट और मीडियम कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में ऑल-न्यू टाटा एलपीटी 812 को लॉन्च किया है।यह अपनी उच्च पेलोड क्षमता के साथ गाड़ी के मालिकों को अधिक मुनाफा दिलाएगा और संचालन लागत में नए मानक स्थापित करेगा। अपनी उच्च पेलोड क्षमता के साथ, टाटा एलपीटी 812 फ्लीट मालिकों के लिए अधिक मुनाफ़े का भरोसा देता है।

फैक्ट्री-फिटेड एयर-कंडीशनिंग से लैस, एलपीटी 812 भारत का पहला 4-टायर ट्रक है जिसमें 5 टन की रेटेड पेलोड क्षमता है, जो शहरी सड़कों पर बेहतरीन संचालन के साथ अधिक पेलोड की सुविधा देता है। टाटा मोटर्स के प्रमाणित एलपीटी प्लेटफॉर्म पर निर्मित यह ट्रक 6-टायर




वाहन की मजबूती को 4-टायर ट्रक की दक्षता, फुर्ती और कम रखरखाव लागत के साथ जोड़ता है। विभिन्न लोड बॉडी विकल्पों के साथ यह वाहन औद्योगिक सामान, बाजार भार, फल-सब्ज़ी और कूरियर सहित कई क्षेत्रों में उपयुक्त है।

इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, श्री राजेश कौल, वाइस प्रेसिडेंट और ट्रक बिज़नेस हेड - टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स, ने कहा, टाटा एलपीटी 812 का लॉन्च इस सेगमेंट में ग्राहकों की लाभप्रदता के लिए एक नया मानक स्थापित करता है। यह अनूठा ट्रक न केवल बढ़ती उत्पादकता की जरूरतों को पूरा करता है, बल्कि बेहतर ईंधन दक्षता, संचालन में सहजता और अधिकतम अपटाइम भी प्रदान करता है।

### फंड्स इंडिया ने ?20,000 करोड़ का एयूएम पार किया, भारत का पसंदीदा वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म बनने का लक्ष्य

**चेन्नई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी डिजिटल वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म्स में गिने जाने वाले, फंड्सइंडिया ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने का ऐलान किया है, जिसके मुताबिक इस प्लेटफॉर्म का एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) ?20,000 करोड़ के पार चला गया है। यह उपलब्धि एक ऐसे भरोसेमंद फिनटेक लीडर के रूप में कंपनी की मार्केट में बेहद मजबूत स्थिति को रेखांकित करती है, जो बड़े पैमाने पर निवेशक-केंद्रित समाधान प्रदान कर रही है। फंड्सइंडिया का विकास पथ रिटेल निवेशकों, पार्टनर इकोसिस्टम और प्रायवेट वेल्थ क्लाइंट्स के लगातार हो रहे विस्तार को दर्शाता है, जिसके चलते वेल्थ मैनेजमेंट के क्षेत्र में कंपनी की स्थिति मजबूत हुई है। गहन शोध क्षमताओं और निवेशकों के स्थायी भरोसे की बदौलत, फंड्सइंडिया ने व्यक्तिगत मार्गदर्शन के साथ प्रौद्योगिकी-संचालित सुविधाएं जोड़ी हुई हैं, जिनके दम पर यह एक ऐसे फुल-सर्विस वेल्थ मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित होने के लिए प्रतिबद्ध है, जो वेल्थ मैनेजमेंट के व्यापक समाधान चाहने वाले हर निवेशक का पसंदीदा प्लेटफॉर्म बने।

## कृपालु मेटल्स लिमिटेड का आईपीओ 11 सितंबर को होगा बंद, कंपनी अगले चरण के विस्तार पर केंद्रित

**मुंबई, एजेंसी।** कृपालु मेटल्स लिमिटेड पीतल और तांबे से बने विभिन्न उत्पादों की एक तेजी से बढ़ती निर्माता कंपनी है। कंपनी का आईपीओ 08 सितंबर 2025 को खुला, जिसके माध्यम से वह 13.48 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखती है। यह इश्यू पूरी तरह से नया इश्यू है, जिसमें लगभग 0.19 करोड़ शेयर जारी किए गए हैं, जिनकी कुल कीमत 13.48 करोड़ रुपये है। इस आईपीओ का उद्देश्य उत्पादन क्षमता बढ़ाना, कार्यशील पूंजी को मजबूत करना और सामान्य कॉर्पोरेट आवश्यकताओं को पूरा करना है। कृपालु मेटल्स लिमिटेड का आईपीओ 11 सितंबर 2025 को बंद होगा और शेयरों के आवंटन की प्रक्रिया 12 सितंबर 2025 को पूरी होने की उम्मीद है। कंपनी का यह आईपीओ बीएसई एसएमई पर सूचीबद्ध होगा। कृपालु मेटल्स लिमिटेड के आईपीओ का प्रति शेयर मूल्य 72.00 तय किया गया है। इस ऑफर के बुक रनिंग लीड मैनेजर फिनशोर मैनेजमेंट सर्विसेज लिमिटेड हैं, जबकि केमियो कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड रजिस्ट्रार के रूप में नियुक्त है। कंपनी का मार्केट मेकर अनंत सिक्योरिटीज है। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कंपनी 581.05 लाख का निवेश उन्नत संयंत्र और मशीनरी पर करेगी, ताकि अपने उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार कर सके और पीतल एवं तांबे के उत्पादों की उत्पादन क्षमता बढ़ा सके।

### सीबीएम इंडिया और एसबीआई फाउंडेशन ने मध्य प्रदेश में 200 दिव्यांग बच्चों को सशक्त बनाने हेतु

# नई परियोजना की शुरुआत की




**भोपाल।** सीबीएम इंडिया ने एसबीआई फाउंडेशन के साथ साझेदारी में एक नई तीन वर्षीय परियोजना की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य नर्मदापुरम ज़िले के 200 दिव्यांग बच्चों को शैक्षिक और चिकित्सीय सहयोग प्रदान करना है। इस परियोजना का औपचारिक शुभारंभ, 7 सितम्बर 2025 को नर्मदापुरम में किया गया है।

यह परियोजना सीबीएम इंडिया द्वारा एसबीआई फाउंडेशन के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर पर्सन्स विद डिसएबिलिटीज़ के तहत लागू की जा रही है, जो फाउंडेशन के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। यह नर्मदापुरम और बाबई खंडों में लागू होगी, जिन्हें इस क्षेत्र में देखी गई आवश्यकताओं के आधार पर चुना गया है। यद्यपि कई दिव्यांग बच्चे स्कूलों में नामांकित हैं, लेकिन सहायक उपकरण, चिकित्सीय सेवाओं और समावेशी शिक्षा वातावरण तक उनकी पहुँच अभी भी सीमित है। परिवारों के पास अक्सर उपलब्ध सहयोग के बारे में जानकारी की कमी होती है और आर्थिक सीमाएँ उन्हें निजी देखभाल प्राप्त करने से रोकती हैं। सीबीएम इंडिया पहले से ही इन दोनों खंडों में स्थानीय समुदायों के साथ अपने पूर्व पहलों के माध्यम से सक्रिय उपस्थिति दर्ज कर चुका है।

इन ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए परियोजना के तहत दो समावेशी चिकित्सीय केंद्र स्थापित किए गए हैं – नर्मदापुरम में एक विस्तारित केंद्र और बाबई में एक नया केंद्र। इन केंद्रों में शारीरिक चिकित्सा (फिजियोथेरेपी), व्यावसायिक चिकित्सा (ऑक्यूपेशनल थेरेपी) और वाक् चिकित्सा (स्पीच थेरेपी) सहित विभिन्न सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, प्रत्येक बच्चे के लिए विस्तृत मूल्यांकन कर व्यक्तिगत हस्तक्षेप योजना बनाई जाएगी। जिन बच्चों के लिए यात्रा करना संभव नहीं होगा, उनके लिए चिकित्सक और विशेष शिक्षक घर पर जाकर गतिशीलता, संवाद और दैनिक जीवन कौशल में सहयोग देंगे। परियोजना के अंतर्गत 200 अनुकूलित सहायक उपकरण जैसे मस्तिष्क पक्षाघात हेतु विशेष कुर्सी (सेरेब्रल पाल्सी चेयर), सुधारात्मक उपकरण (ऑर्थोटिक्स) और चलने का सहारा (वॉकर) भी वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर संजय प्रकाश, प्रबंध निदेशक, एसबीआई फाउंडेशन ने कहा- यह परियोजना उन बच्चों तक व्यावहारिक सहयोग पहुँचाने के बारे में है, जिनके जीवन में इसका वास्तविक परिवर्तनकारी प्रभाव हो सकता है। श्री सोनी थॉमस, कार्यकारी निदेशक, सीबीएम इंडिया ने कहा कई ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांग बच्चों को चिकित्सीय सेवाओं और शैक्षिक सहयोग की सीमित पहुँच है। दूरी, खर्च और प्रशिक्षित पेशेवरों की कमी के कारण परिवार समय पर देखभाल प्राप्त नहीं कर पाते। इस पहल के माध्यम से हम इस स्थिति को बदलने का प्रयास कर रहे हैं, सेवाओं को घर-घर तक पहुँचाकर, देखभालकर्ताओं को सहयोग देकर और स्थानीय क्षमता का विकास करके।

## गैलेक्सी मेडिकेयर लिमिटेड का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** गैलेक्सी मेडिकेयर लिमिटेड (कंपनी, गैलेक्सी), जो मेडिकल डिवाइसेज़, प्लास्टर ऑफ पेरिस बैंडेज़ और सर्जिकल ड्रेसिंग्स की निर्माता, व्यापारी और निर्यातक है, अपनी आईपीओ (इनिशिअल पब्लिक ऑफरिंग) 10 सितंबर 2025 को खोलने जा रही है। इस आईपीओ के माध्यम से कंपनी ?22.31 करोड़ (ऊपरी प्राइस बैंड पर) जुटाने का लक्ष्य रखती है। शेयरों को एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किया जाएगा। इस इश्यू का आकार 41,32,000 इक्विटी शेयरों का है, जिनका फेस वैल्यू ?10 प्रति शेयर है, और प्राइस बैंड ?51 से ?54 प्रति शेयर निर्धारित किया गया है।

गैलेक्सी मेडिकेयर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री दिलीप कुमार दास ने कहा, हेल्थकेयर और मेडिकल डिवाइसेज़ उद्योग में हमारे तीन दशकों से अधिक के सफर को गुणवत्ता, नवाचार और ग्राहकों के विश्वास की प्रतिबद्धता ने आगे बढ़ाया है। गैलेक्सी मेडिकेयर लिमिटेड ने अपने प्रमुख ब्रांडों, कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरिंग, संस्थागत बिक्री, निर्यात और व्यापार सहित कई व्यवसायिक क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को लगातार मजबूत किया है। मेडिकल डिवाइसेज़, प्लास्टर ऑफ पेरिस बैंडेज़ और सर्जिकल ड्रेसिंग्स के 27 पंजीकृत ट्रेडमार्क के तहत विपणन किए जाने वाले विविध पोर्टफोलियो के साथ, हमने भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एक मजबूत प्रतिष्ठा स्थापित की है।

आगामी आईपीओ हमें भुवनेश्वर सुविधा में उन्नत मशीनरी की खरीद के माध्यम से हमारी उत्पादन क्षमता को मजबूत करने में सक्षम बनाएगा, जिससे हमारी उत्पादन दक्षता और उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार होगा। इसके अतिरिक्त, प्राप्त धनराशि हमारे कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं का समर्थन करेगी, जिससे हम बढ़ती मांग को पूरा कर सकेंगे और अपने संस्थागत तथा निर्यात व्यवसाय का और विस्तार कर सकेंगे। हमें विश्वास है कि यह कदम हमें स्थायी विकास के लिए तैयार करेगा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सार्थक योगदान देगा, जो घरेलू और वैश्विक दोनों स्वास्थ्य आवश्यकताओं का समर्थन करेगा।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 09-09-2025 21:57 Page 1



# फिरौती के लिए बुजुर्ग दंपत्ति को बनाया बंधक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड में एक वृद्ध दंपति को बंधक बनाकर फिरौती मांगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस की बहादुरी और फुर्ती से न सिर्फ दंपति को सुरक्षित बचाया गया, बल्कि इस अपराध में शामिल कई अपराधियों को भी धर दबोचा गया। पुलिस अब इस गैंग के नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है। यह घटना रामगढ़ के कुजू ओपी क्षेत्र में लोहा गेट स्थित शनि मंदिर के पास हुई। सोमवार रात करीब 8 बजे लगभग 8 नकाबपोश अपराधी नंदकिशोर सिंह (70 वर्ष) और उनकी पत्नी राजवंशी देवी (65 वर्ष) के घर में घुस आए। अपराधियों ने करीब दो घंटे तक जमकर लूटपाट की और दंपति को पलंग से रस्सी से बांध दिया। उन्होंने लगभग 17 हजार रुपये नकद, ढाई लाख रुपये के जेवरात, एक स्कूटी और मोबाइल फोन लूट लिए।

लूट के बाद अपराधियों ने धारदार हथियारों के बल पर दंपति को अगवा कर लिया और उन्हें पास के सीसीएल कुजू कोलियरी ओबी डंप में बंधक बनाकर रखा। वहीं से, उन्होंने नंदकिशोर सिंह के मोबाइल से उनके बेटे और कोयला व्यवसायी मनोज सिंह को फोन किया और 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी। उन्होंने धमकी दी कि अगर रकम हजारीबाग के कनहरी हिल पर तुरंत नहीं पहुंचाई गई, तो वे दंपति को जान से मार देंगे।

मनोज सिंह ने तुरंत फिरौती देने की हामी भरी और साथ ही कुजू ओपी पुलिस को इसकी सूचना दी। कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने तुरंत रामगढ़ एसपी अजय कुमार को जानकारी दी। एसपी के निर्देश पर, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई, जिसमें कुजू ओपी प्रभारी, अख्तर अली, अभिनव कुमार, मांडू थाना प्रभारी सदानंद कुमार और वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार शामिल थे।

पुलिस टीम मनोज सिंह के साथ, फिरौती की रकम वाला बैग लेकर कनहरी हिल पहुंची और पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली। जैसे ही अपराधियों ने बैग लिया, पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सात संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया और लूटी गई स्कूटी भी बरामद कर ली। अपने साथियों की गिरफ्तारी और पुलिस का दबाव बढ़ता देख, बाकी अपराधी घबरा गए। उन्होंने मंगलवार सुबह करीब 4 बजे, कुजू कोलियरी में बंधक बनाए गए दंपति को छोड़कर फरार हो गए।

कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सात संदिग्धों से पूछताछ चल रही है। साथ ही, बाकी अपराधियों को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मामले का जल्द ही खुलासा कर सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इस घटना के पीछे कोयला व्यवसायी मनोज सिंह के पुराने लेनदेन को लेकर विवाद होने की भी चर्चा है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रही है। वहीं, इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# पेट्रोल पंप पर ताबड़तोड़ फायरिंग

▶ बाल-बाल बचे संचालक ▶ बाइक पर सवार थे अपराधी ▶ पुलिस कर ही छानबीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगंज।** राजगंज थाना क्षेत्र के चालीबंगला स्थित बीबीडी पेट्रोल पंप पर मंगलवार दोपहर करीब 2:50 बजे बेखौफ अपराधियों ने हमला कर दिया। तीन की संख्या में आए नकाबपोश अपराधियों ने पंप परिसर में ताबड़तोड़ तीन राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दी।

मिली जानकारी के अनुसार लाल शर्ट पहने एक नकाबपोश अपराधी पैदल ही पंप पर पहुंचा और सीधे केस काउंटर पर फायरिंग शुरू कर दी।

पहली गोली केस काउंटर के शीशे को भेदते हुए अंदर जा लगी, जबकि दूसरी गोली संचालक के केबिन के दरवाजे पर लगी। इसके बाद वह अपराधी पंप के बाहर एक पल्सर बाइक पर इंतजार कर रहे अपने दो अन्य साथियों के साथ बैठकर मौके से फरार हो गया।

भागते समय उन्होंने हवा में तीसरी गोली भी चलाई, जिसका खोखा पंप परिसर में खड़ी एक टैंकर के पास मिला। पंप के मैनेजर शंभू प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि वे केस काउंटर में ही बैठे थे, तभी अपराधियों ने उन पर निशाना साधकर फायरिंग की।

गनीमत रही कि गोली उन्हें नहीं लगी और उनकी जान बच गई। पंप के मालिक बीरबल मंडल ने



तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

पुलिस पंप में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। इस घटना से पूरे राजगंज क्षेत्र के व्यापारियों में डर का माहौल बन गया है। यह घटना एक बार फिर क्षेत्र की बिगड़ती कानून व्यवस्था को उजागर करती है। पूर्व में भी अपराधियों ने कई वारदातों को अंजाम दिया है, जिनमें गोविंदम आटा फैक्ट्री के एक कर्मी के साथ लूटपाट, रेणुका इस्पात और पारसनाथ फ्लूस के पार्टनर के बेटे का अपहरण, जेवरात की दुकानों में चोरी और राहगीरों के साथ लूटपाट की कई घटनाएं शामिल हैं। लगातार हो रहे इन अपराधों से स्थानीय लोगों और व्यापारियों के बीच सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं।

# बालू घाटों की नीलामी पर लगी रोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया पर झारखंड हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। अदालत ने यह आदेश पेसा एक्ट को लागू न किए जाने के संदर्भ में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से इस मामले में जवाब तलब करते हुए यह स्पष्ट करने को कहा है कि पूर्व में दिए गए कोर्ट के आदेश का अब तक पालन क्यों नहीं किया गया।




यह मामला झारखंड के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में संसाधनों की नीलामी और स्थानीय स्वशासन के अधिकारों से जुड़ा हुआ है।

संविधान की पांचवीं अनुसूची के तहत आदिवासी क्षेत्रों में पेसा एक्ट लागू किया जाना अनिवार्य है, जो ग्राम सभाओं को खनिज और अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण का अधिकार देता है। हालांकि, याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि झारखंड सरकार ने अब तक पूरी तरह से पेसा एक्ट को लागू नहीं किया है और बिना ग्राम सभाओं की सहमति के बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी।मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने सुनवाई के दौरान इस पर गंभीर चिंता जताई और स्पष्ट किया कि जब तक राज्य सरकार पेसा कानून के तहत निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन नहीं करती, तब तक बालू घाटों की नीलामी नहीं की जा सकती।

अदालत ने राज्य सरकार से यह भी पूछा है कि पहले जारी आदेशों को अब तक क्यों नहीं माना गया और किन कारणों से पेसा एक्ट को लागू करने में देरी हो रही है।

राज्य में बालू घाटों की नीलामी को लेकर पहले से ही जनजातीय समुदायों और सामाजिक संगठनों में असंतोष व्याप्त है।कई जिलों में ग्राम सभाओं ने प्रस्ताव पारित कर बालू घाटों की नीलामी का विरोध किया था। स्थानीय संगठनों का कहना है कि यह नीलामी आदिवासी अधिकारों का सीधा उल्लंघन है।

इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख तय करते हुए कोर्ट ने सरकार से ठोस जवाब मांगा है। अब यह देखना होगा कि राज्य सरकार पेसा कानून के क्रियान्वयन को लेकर क्या कदम उठाती है।

# गर्भवती होने पर गुरू ने शिष्या को निकाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** पढ़ने-लिखने का सपना लिए एक 13 साल की किशोरी को उसके घर से दुमका के गोपीकांदर लाया गया। लेकिन, वहां उसका सपना हकीकत नहीं बना, बल्कि उसे यौन शोषण का शिकार बनाया गया। एक 45 साल के शख्स ने पहले किशोरी को अपनी हवस का शिकार बनाया और बाद में जब वह गर्भवती हो गई, तो उसे दवा देकर गर्भपात कराया और घर से बाहर निकाल दिया। शिकायत के बाद इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना झारखंड के गोपीकांदर की है। पांच साल पहले 45 साल का संतोष मुर्मू पाकुड़ गया। वहां उसने एक महिला से कहा कि वह उसकी 13 साल की बेटी को अपने साथ ले जाकर घर के काम के अलावा पढ़ाएगा भी।

पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि 12 अक्टूबर 2024 को संतोष ने उनकी बेटी को खाना देने के बहाने अपने कमरे में बुलाया। जैसे ही वह अंदर गई, उसने दरवाजा बंद कर दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

उसने किशोरी को धमकी दी कि अगर वह किसी को भी इस बारे में बताएगी तो वह उसे जान से मार देगा। इस धमकी की वजह से वह लगातार किशोरी का यौन शोषण करता रहा।

जब किशोरी को पता चला कि वह तीन महीने की गर्भवती है, तो उसने यह बात संतोष को बताई। इसके बाद संतोष ने बाहर से दवा लाकर उसे जबरदस्ती खिला दी, जिससे उसका गर्भपात हो गया।

पांच सितंबर को उसने पीड़िता को डरा-धमका कर अपने घर से भगा दिया। घर पहुंचने के बाद किशोरी ने सारी बात अपनी मां को बताई।

इसके बाद पीड़िता अपनी मां के साथ गोपीकांदर थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी संतोष मुर्मू को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# अब घर-घर जाकर बच्चों की खोज-खबर लेंगे गुरुजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** वर्तमान शैक्षणिक सत्र में नामांकन के बाद कौन-कौन बच्चे स्कूल से बाहर रह गए हैं, उनकी पहचान के लिए शिशु पंजी को अपडेट करने की प्रक्रिया अक्टूबर से शुरू होगी।

इसके तहत सभी श्रेणी के विद्यालयों के शिक्षक घर-घर जाकर सर्वे करेंगे और शिशु पंजी को अपडेट करेंगे। इससे पहले सभी गांव और टोले की हैबिटेशन मैंपिंग होगी।

इससे यह पता चलेगा कि किसी विद्यालय के अंतर्गत कौन-कौन से गांव या टोले आएंगे। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिया है। प्रत्येक वर्ष विद्यालय स्तर पर शिशु पंजी सर्वे का कार्य कराया जाता है।

समग्र शिक्षा अभियान की वार्षिक कार्य योजना एवं बजट (2026-27) के निर्माण के लिए 03-18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की संख्या, विद्यालयों में उनका नामांकन, ड्राप आउट होने वाले बच्चे तथा अनामांकित रह गए बच्चों की संख्या को लेकर रिपोर्ट तैयार की जानी है।

प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ सरकारी विद्यालयों/गैर सरकारी सहायता प्राप्त/अल्पसंख्यक/सरकारी सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालयों एवं मदरसा शिक्षकों की जिम्मेदारी तय की गई है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में शिशु पंजी के अपडेट करने का कार्य प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक कक्षा वाले सभी सरकारी विद्यालयों के सभी शिक्षकों द्वारा किया जाएगा।

इसे लेकर प्रत्येक विद्यालय को समीपवर्ती सभी टोला/गांव से संबद्ध (टैग) किया जाएगा। शिशु पंजी अपडेट करने के लिए हैबिटेशन मैपिंग करने की जिम्मेदारी प्रखंड के बीईईओ/ अवर विद्यालय निरीक्षक एवं आउट आफ स्कूल प्रभारी, बीपीओ की होगी।

संबंधित प्रखंड के बीईईओ एवं बीपीओ अपनी देख-रेख में बीआरपी तथा सीआरपी द्वारा प्रखंड के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालयवार गांव, टोला, मोहल्ला को संबद्ध किया जाएगा।

विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं संबंधित सीआरपी अपने विद्यालय के सभी सरकारी शिक्षकों, पारा शिक्षकों को गांव, टोला के घरों के साथ संबद्ध करेंगे। इसमें लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों तथा शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

शिशु पंजी अपडेट करने के लिए टोला टैगिंग पोषक क्षेत्र के हिसाब से नहीं बल्कि घर-घर सर्वे के लिए घरों की संख्या एवं विद्यालय में शिक्षकों की संख्या के आधार पर की जाएगी।

# उच्चस्तरीय बैठक में मानगो को पुलिस अनुमंडल का दर्जा देने की स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के घनी आबादी वाले मानगो इलाके को जल्द ही नया पुलिस अनुमंडल का दर्जा मिलेगा। सोमवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में हुई एक उच्चस्तरीय समिति की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई।

इस फैसले का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाना और कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करना है।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव अलका तिवारी ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता को यह भी निर्देश दिया कि राज्य के सभी जिलों में विधि-व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए मौजूदा जरूरतों का व्यापक आकलन किया जाए।



उन्होंने कहा, इस आकलन से हमें जिलों के अपराध ग्राफ, उसके बदलते ट्रेंड और वर्तमान में उपलब्ध संसाधनों की स्पष्ट जानकारी मिलेगी। इससे भविष्य में अपराधों की रोकथाम के लिए संसाधनों का बेहतर और प्रभावी ढंग से आवंटन सुनिश्चित हो सकेगा।

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में बताया गया कि पूर्वी सिंहभूम जिले में वर्तमान में जमशेदपुर (मुख्यालय) और पटमदा नामक दो पुलिस अनुमंडल हैं।

हालांकि, मानगो, आजादनगर और ओलीडीह के क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से जनसंख्या घनत्व में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ती आबादी के साथ-साथ इन इलाकों में आर्थिक अपराध, नशीले पदार्थों (नारकोटिक्स) से जुड़े मामले और अन्य गंभीर आपराधिक घटनाओं में भी वृद्धि दर्ज की जा रही थी।

गृह सचिव वंदना डाडेल ने बैठक में बताया कि इन क्षेत्रों में विविध प्रकृति के अपराधों पर नकेल कसने के लिए एक समर्पित पुलिस अनुमंडल की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। यह नया अनुमंडल बेहतर पुलिसिंग और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि मानगो पुलिस अनुमंडल का गठन जमशेदपुर (मुख्यालय) और पटमदा पुलिस अनुमंडल के कुछ हिस्सों को मिलाकर किया जाएगा।

इसमें मानगो और आजादनगर के उत्क्रमित थानों के अलावा ओलीडीह आउट पोस्ट (ओपी) को शामिल किया जाएगा। इस पुनर्गठन से मौजूदा अनुमंडलों पर काम का बोझ कम होगा और पुलिसिंग को अधिक केंद्रित और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

उच्चस्तरीय समिति की इस महत्वपूर्ण बैठक में वित्त सचिव प्रशांत कुमार और कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो ने भी अपने-अपने विभागों से संबंधित पक्ष रखे और प्रस्ताव को अपना अनुमोदन प्रदान किया।

बैठक में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर, ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन और आइजी नरेंद्र कुमार सिंह समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# तीन लोगों को पुलिस ने दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** चतरा जिला पुलिस ने हंटरगंज थाना क्षेत्र के कोसमाता लेजनवा रोड पर रविवार की शाम व्यापारी बनकर अवैध कारतूस की खेप ले जा रहे नाबालिग समेत दो अंतर्राज्यीय अपराधियों को दबोच लिया।

पकड़े गए अपराधियों के पास से एके-47 की 393 चक्र जिंदा गोली, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान बिहार के गया जिले के लुदुआ थाना क्षेत्र के कुठीलवा गांव निवासी महेंद्र पासवान का पुत्र रोशन कुमार व एक नाबालिग के रूप में हुई है।

पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता कर मामले का खुलासा किया। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो युवक मोटरसाइकिल से हंटरगंज थाना क्षेत्र के कोस्माही लेंजवा रोड की ओर जा रहा है और वहां गोली की सप्लाई करने वाला है।

# सड़क पार करने के दौरान दुर्घटना में मासूम की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिले के सोनाजोड़ी में सोमवार को हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। सोनाजोड़ी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के पास सड़क पार कर रही सात वर्षीय सना खातून को चिप्स लदा तेज रफ्तार हाईवा ने कुचल दिया। मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान सोनाजोड़ी निवासी रियाज अंसारी की पुत्री के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सना अनाथ थी और उसकी परवरिश परिवार के अन्य सदस्य कर रहे थे। हादसे से आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतर आए और मुख्य मार्ग को घंटों जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण आए दिन ऐसे हादसे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शाम 6 बजे के बाद इस मार्ग पर भारी वाहनों की नो-एंट्री लागू रहती है, लेकिन बावजूद इसके ओवरलोडेड ट्रक और हाईवा तेज रफ्तार से गुजरते हैं। ग्रामीण रहमान अंसारी ने बताया कि सोनाजोड़ी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में लगभग 500 बच्चे पढ़ते हैं और उन्हें रोज इसी सड़क को पार करना पड़ता है। बावजूद इसके स्कूल के सामने न तो स्पीड ब्रेकर है और न ही कोई अन्य सुरक्षा व्यवस्था। यही स्थिति सोनाजोड़ी सदर अस्पताल के पास भी है।ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि जब तक स्कूल और अस्पताल के पास स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए जाते, उनका सड़क जाम आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने दोषी वाहन चालक और परिवहन विभाग पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। यह हादसा प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है और उन ग्रामीणों की पीड़ा सामने लाता है, जो बार-बार ऐसे हादसों से जूझ रहे हैं।

# हत्या से उबले ग्रामीण

## थाना गेट पर किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गावां।** दो महिलाओं की हुई हत्या से गावां का माहौल गरम हो गया है। लोग इस घटना से काफी आक्रोशित हैं। इसके विरोध में मृत महिलाओं के स्वजन और ग्रामीणों मंगलवार सुबह से शवों के साथ थाना गेट के समक्ष प्रदर्शन कर रहे हैं।

स्वजन का आरोप है कि गावां थाना पुलिस ने खोजबीन के लिए पैसे की मांग की थी, नहीं देने पर खोजबीन में लापरवाही बरती गई है। स्वजन आरोपित को खुद से सजा देने के लिए उग्र हो रहे हैं।

बता दें कि थाना क्षेत्र के निमाडीह निवासी संतोष रविदास की 32 वर्षीय पत्नी रिंकी देवी और धर्मेंद्र यादव की 25 वर्षीय पत्नी सोनी देवी गुरुवार को गोलगो जंगल से जानवर के लिए पत्ता लाने गई थीं। तब से दोनों लापता थीं। इसके बाद गावां थाना में दोनों महिलाओं के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद से पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई थी।

सोमवार को गदर पंचायत के महजपुर निवासी दशरथ चौधरी के 25 वर्षीय पुत्र श्रीकांत चौधरी को शक के आधार पर हिरासत में लिया गया। आरोपित की निशानदेही पर ही गोलगो जंगल से दोनों महिलाओं का शव बरामद हुआ है।

बताया गया कि दोनों महिलाओं की गला घोंट कर हत्या की गई है। घर से चार किलोमीटर दूर जंगल में दोनों का शव सड़ीगली अवस्था में पुलिस को मिला।

श्रीकांत चौधरी और सोनी देवी के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। उन्हें कुछ माह पूर्व स्वजन ने रंगे हाथ पकड़ा था। इसके बाद पंचायत हुई और 1.8 लाख रुपया का जुमार्ना भी लगाया गया था। इसके बावजूद दोनों के बीच प्रेम संबंध बरकार था।

मामले का खुलासा कॉल डिटेल्स के आधार पर हुआ है। सोमवार को सोनी देवी की मां ने गावां थाना में बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई और श्रीकांत चौधरी पर हत्या करने की आशंका जाहिर की।

पुलिस ने सोनी देवी का मोबाइल फोन लेकर कॉल डिटेल्स खंगाला। इसके बाद श्रीकांत चौधरी को गिरफ्त में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। आरोपित की निशानदेही पर निमाडीह से चार किलोमीटर दूर जंगल के नाले से दोनों का शव बरामद किया।

श्रीकांत ने दोनों की हत्या की बात स्वीकार की है। बताया कि पहले एक को जंगल में ले जाकर गला घोंट कर मार दिया, वहीं दूसरी महिला को 50 मीटर दूर जंगल में गला घोंट कर मार दिया। लापता होने की सूचना के बाद सोनी का पति दिल्ली से दो दिन पूर्व गांव आया है। वहीं रिंकू देवी का पति किसी मामले को लेकर जेल में बंद है।

# मुखिया की सूचना पर तस्करी के लिए ले जा रहे 19 मवेशी जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरवाडीह (लातेहार)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के सरईडीह-पोखरी मार्ग से बीती देर शाम तस्करी के लिए ले जा रहे 19 पशुओं को केचकी मुखिया बुद्धेश्वर सिंह की सूचना पर जब्त करने में बरवाडीह पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। इसबारे में थाना प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि केचकी मुखिया बुद्धेश्वर ने उन्हें मोबाईल पर कुछ पेशेवर पशु-तस्करों द्वारा सरईडीह-केचकी मार्ग पर अवैध रूप से करीब एक सौ की संख्या में पशुओं को ले जाने की सूचना दी थी।

इसी के आधार पर पुलिस ने बीती शाम पोखरी कर्बला के पास से कुल 19 पशुओं को पोखरी पंचायत के उप मुखिया सुल्तान अहमद और पूर्व जिप सदस्य अब्दुल मन्नान अंसारी की मौजूदगी में जब्त किया है। वहीं थाना प्रभारी ने अन्य पशुओं के अंधेरे में भाग जाने की बात कही गई।

जब्त पशुओं को पशु चिकित्सक डॉ सुरेश कुमार और एआई कर्मी विवेक कुमार द्वारा स्वास्थ्य जांच कराने के बाद पोखरीकला के हुसैन अंसारी को जिम्मेनामा पर सौंप दिए जाने की बात बताई।

इधर पशु के कारोबारी ग्राम चांदो थाना चैनपुर (पलामू) के साजिद अंसारी और तीन अन्य ने मुखिया पर 20 हजार रु रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है कहा नहीं देने पर पुलिस से पकड़वा देंगे।

वहीं, जब्त किए सभी पशु चांदो के कारोबारी नूर मोहम्मद के होने की बात बताते उसे सतबरवा के साप्ताहिक बाजार में बेचने के लिए ले जाने की बात बताई। इधर मुखिया बुद्धेश्वर सिंह ने अपने ऊपर रंगदारी मांगने के संबंधी लगाए आरोप को पशु-तस्करों का सुनियोजित साजिश बताया है।

मालूम हो कि इसके पूर्व भी बरवाडीह पुलिस को केचकी फॉरेस्ट चेकपोस्ट और बेतला के तुरी टोला से तस्करी के पशुओं को जब्त करने में कई बार कामयाबी मिली है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: एडीएल-एमईसीएच-रिपेयर-सीएबीएसी-आरएसपी, दिनांक 04.09.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (डीजल), पूर्व रेलवे, अण्डाल, पश्चिम बर्द्धमान-713321 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **केस सं. एडीएल-एमईसीएच-रिपेयर-सीएबीएसी-आरएसपी। कार्य का नाम :** डीएलएस अण्डाल के एचएचपी लोकोमोटिव के ड्राइवर कैब के लिए एयर कंडीशनिंग इक्विपमेंट की मरम्मत (02 वर्षों की वारंटी/डिफेक्ट लायबिलिटी अवधि के दौरान शेड्यूल मेन्टेनेंस और मरम्मत कार्य)। **निविदा लागत:** रु. 33,93,680/-, **बयाना राशि:** रु. 67,900/-, **निविदा कागजात की लागत:** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि:** 24 माह। **निविदा के बंद होने और खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 25.09.2025 को 10.30 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-182/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा प्रणाली के लिए संक्षिप्त निविदा सूचना सं. 01एचडब्ल्यूएचसीओएनII ऑफ 2025-26 (निविदा सं. 01एचडब्ल्यूएचसीओएनII ऑफ 2025-26), (दो पैकेट प्रणाली में खुली निविदा), दिनांक 05.09.2025,** उप मुख्य अभियंता/निर्माण/II/पूर्व रेलवे/हावड़ा, 371, तेलकल घाट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभव रखने वाले वित्तीय एवं अपेक्षित साधन सम्पन्न ख्यातिप्राप्त ठेकेदारों से ई-निविदा प्रणाली के लिए खुली निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** लिलुआ वर्कशॉप में वैगन धारण क्षमता बढ़ाने के लिए लिलुआ ट्रैफिक यार्ड के विस्तार के लिए निर्माण एवं प्रावधान। **अनुमानित मूल्य:** रु. 14,89,38,596.62, **बयाना राशि:** रु. 8,94,700/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **समापन अवधि:** 08 (आठ) माह। **खुलने की तिथि:** दिनांक 25.09.2025। निविदा सूचना, कागजात एवं समय-समय पर जारी संशोधनी के साथ अपेक्षित पात्रता मानदंड इत्यादि का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई भी मैनुअल प्रस्ताव यदि प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं सरसरी तौर पर रद्द कर दिया जाएगा।

CON-36/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# भारत एशिया कप के लिए फेवरिट है? सवाल पर पाकिस्तानी कप्तान का अजीब जवाब, सूर्या ने चौंका दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप आज यानी कि 9 सितंबर से शुरू हो रहा है। पहले मैच में अफगानिस्तान का सामना हॉन्ग कॉन्ग की टीम से हो रहा है। वहीं टीम इंडिया अपने अभियान की शुरुआत 10 तारीख से यूएई के खिलाफ करने वाली है। इसके बाद 14 सितंबर को भारतीय टीम का सामना पाकिस्तान से होने वाला है। ये इस टूर्नामेंट का सबसे हाईवोल्टेज मुकाबला होने वाला है। इससे पहले ये कयास लगातार लगाए जा रहे हैं भारत और पाकिस्तान की टीम में से कौन सी टीम बाजी मारने वाली है। एशिया कप 2025 की शुरुआत से पहले भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव और पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया। उनके साथ 6 अन्य टीमों के कप्तान भी थे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में एशिया कप को लेकर कई सवाल पूछे गए। खासकर भारत को लेकर एक सवाल पर सूर्यकुमार यादव का जवाब चर्चा में रहा। भारत को टी20 वर्ल्ड कप जीतने के कारण टूर्नामेंट का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। लेकिन सूर्यकुमार ने इस बात पर हैरानी जताई कि ये बात किसने कही। वहीं सलमान आगा ने कहा कि टी20 में कोई भी टीम फेवरेट नहीं होती। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक रिपोर्टर ने सूर्यकुमार और सलमान से पूछा कि



भारत को सबसे मजबूत टीम माना जा रहा है इस पर उनकी क्या राय है। सूर्यकुमार यादव ने तुरंत सवाल किया, किसने बोला। मैंने तो नहीं सुना। अगर आपकी तैयारी अच्छी है तो आप मैदान पर आत्मविश्वास से उतरते हैं। हां हम काफी समय बाद खेल रहे हैं लेकिन हम 3-4 दिन पहले यहां आ गए थे। हमने टीम के रूप में अच्छा समय बिताया। हम इस टूर्नामेंट के लिए उत्सुक हैं। सूर्यकुमार का ये जवाब सुनकर सब लोग हैरान रह गए। पाकिस्तान के कप्तान सलमान से भी यही सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा कि टी20 क्रिकेट में कोई भी टीम फेवरेट नहीं होती। उन्होंने कहा कि खेल के स्वरूप के कारण ऐसा है। सलमान ने कहा, टी20 क्रिकेट में मुझे नहीं लगता कि कोई भी फेवरेट है। किसी खास दिन आपको अच्छा क्रिकेट खेलना होता है। यह एक तेज गति वाला खेल है। कुछ ओवरों में खेल बदल सकता है।

हाल ही में पाकिस्तान ने यूएई और अफगानिस्तान के साथ एक त्रिकोणीय सीरीज खेली थी। पाकिस्तान ने ये सीरीज जीती थी। इस सीरीज से पहले सलमान ने कहा था कि अगर पाकिस्तान एशिया कप नहीं जीतता है तो त्रिकोणीय सीरीज जीतने का कोई मतलब नहीं है।

# मोर्केल ने एशिया कप से पहले कुलदीप की जमकर तारीफ की

**कहा- वह एक बहुत ही पेशेवर एथलीट**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने एशिया कप 2025 के शुरुआती मैच से पहले कुलदीप यादव की प्रशंसा की। कुलदीप ने पिछले साल टी20 विश्व कप फाइनल के बाद से सबसे छोटे प्रारूप टी20 में मेन इन ब्लू के लिए नहीं खेला। उन्हें आगामी महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए टीम की 15 सदस्यीय टीम में चुना गया है।

बाएं हाथ के स्पिनर को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भी टीम में चुना गया था। लेकिन किसी भी मैच में उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया। कुलदीप उम्मीद करेंगे कि एशिया कप में ऐसा न हो खासकर इसलिए क्योंकि टूर्नामेंट यूएई में हो रहा है और वहां की परिस्थितियां तेज गेंदबाजों की तुलना में स्पिनरों के लिए ज्यादा अनुकूल हैं।



मोर्केल ने कहा, मुझे लगता है कि वह एक बेहद पेशेवर खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड में खेलने के बाद से उनका रवैया ऐसा ही है। जहां उन्हें बहुत कम खेलने का मौका मिला और अब भी वह वही खिलाड़ी हैं जो ओवर डालते हैं। उन्होंने आगे कहा, और मेरे लिए कुलदीप जैसा कि मैंने कहा उसने अपने करियर में बहुत सारे ओवर फेंके हैं। वह जानता है कि टी20 और सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिए खुद को तैयार करने के लिए उसे क्या करना है और जैसा कि मैंने कहा हम केवल वही नियंत्रित कर सकते हैं जो हम अभी नियंत्रित कर सकते हैं और वह है जब हम अभी प्रशिक्षण करते हैं और जब हमारे सत्र होते हैं तो यह केंद्रित होता है इसके पीछे एक उद्देश्य होता है और हमारे पास लक्ष्य होते हैं।

कुलदीप हाल ही में दलीप ट्रॉफी में सेंट्रल जोन के लिए खेलते हुए नजर आए। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ प्लेऑफ में हिस्सा लिया था। लेकिन दोनों पारियों में प्रभावित करने में नाकाम रहे। 30 वर्षीय इस गेंदबाज ने मैच के दौरान 32 ओवर फेंके और कोई विकेट नहीं ले पाए।

# Asia Cup 2025:




| खिलाफ | मैच | जीते | हारे | टाई | बेनतीजा |
|---|---|---|---|---|---|
| श्रीलंका | 32 | 21 | 9 | 1 | 1 |
| बांग्लादेश | 17 | 16 | 1 | 0 | 0 |
| पाकिस्तान | 13 | 9 | 3 | 1 | 0 |
| अफगानिस्तान | 9 | 7 | 0 | 1 | 1 |
| हांगकांग | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |

## एशिया कप टी20 में सिर्फ दो टीमों के खिलाफ हारा है भारत, 80 प्रतिशत मैच जीते

**दुबई, एजेंसी।** भारत का रिकॉर्ड इस टूर्नामेंट में बेहद प्रभावशाली रहा है। एशिया कप टी20 का यह तीसरा संस्करण होगा। एशिया कप 2025 की तैयारियों ने क्रिकेट फैंस का उत्साह चरम पर पहुंचा दिया है। टूर्नामेंट का आगाज आज से होने जा रहा है और इसका फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। इस बार एशिया कप टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, जिसकी सबसे बड़ी वजह अगले साल होने वाला आईसीसी टी20 विश्व कप है। यही परंपरा एशिया कप में रही है कि अगले बड़े आईसीसी टूर्नामेंट के मुताबिक इसका फॉर्मेट तय किया जाता है।

भारत का रिकॉर्ड इस टूर्नामेंट में बेहद प्रभावशाली रहा है। एशिया कप टी20 का यह तीसरा संस्करण होगा। पहला संस्करण 2016 में खेला गया था, जब महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने खिताब अपने नाम किया। इसके बाद 2022 में यह टूर्नामेंट दूसरी बार टी20 फॉर्मेट में खेला गया था, जिसे श्रीलंका ने जीता। भारत अब तक एशिया कप टी20 में कुल 10 मैच खेल चुका है, जिनमें से 8 में टीम इंडिया ने जीत दर्ज की है। दो मुकाबलों में उसे हार झेलनी पड़ी है और ये दोनों हार 2022 में पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ आई थीं।

### इनके खिलाफ भारत एशिया कप टी20 में खेल चुका

एशिया कप 2025 में कुल आठ टीमें खेल रही हैं। इनमें से अन्य छह टीमों के खिलाफ भारत 2016 और 2022 में एशिया कप टी20 में खेल चुका है। भारत ने बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, श्रीलंका, हॉन्गकॉन्ग और यूएई जैसी टीमों के खिलाफ मैदान संभाला है। ओमान के खिलाफ भारत पहली बार इस टूर्नामेंट में उतरेगा। भारत ने एशिया कप टी20 के अब तक खेले गए मैचों में बांग्लादेश के खिलाफ दो में से दोनों मुकाबले जीते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम ने तीन मैच खेले हैं, जिनमें दो में जीत मिली जबकि एक में हार झेलनी पड़ी। अफगानिस्तान के खिलाफ भारत ने एक मैच खेला और उसे भी जीता। हॉन्गकॉन्ग और यूएई के खिलाफ खेले गए एक-एक मैच में भी भारत विजयी रहा। श्रीलंका के खिलाफ टीम इंडिया ने दो मुकाबले खेले हैं, जिनमें से एक जीता और एक हारा।

## पाकिस्तानी गेंदबाज उस्मान शिनवारी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के 31 वर्षीय तेज गेंदबाज उस्मान खान शिनवारी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान के लिए कुल 34 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले इस क्रिकेटर ने दिसंबर 2019 में आखिरी बार पाकिस्तान की ओर से खेला था।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उस्मान खान शिनवारी ने साल 2013 में पाकिस्तान की तरफ से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू किया। टी20 फॉर्मेट के डेब्यू के बाद उन्हें वनडे और टेस्ट क्रिकेट में खेलने का मौका भी मिला। शिनवारी ने पाकिस्तान की ओर से 17 वनडे मैच खेले, जिसमें 18.61 की औसत के साथ 34 शिकार किए। वहीं, 16 टी20 मुकाबलों में इस गेंदबाज ने 13 विकेट निकाले। इस तेज गेंदबाज ने दिसंबर 2019 में इकलौता टेस्ट मैच खेला। श्रीलंका के खिलाफ रावलपिंडी में आयोजित इस मुकाबले में शिनवारी ने 54 रन देकर सिर्फ एक ही विकेट अपने नाम किया था। इसके तुरंत बाद वह टीम से बाहर हो गए और अपना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट भी खो दिया।



शिनवारी एसीसी पुरुष वनडे एशिया कप 2018 में पाकिस्तानी टीम का हिस्सा थे। अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज को अपने छोटे से कार्यकाल में ही कई बार पीठ की चोट का सामना करना पड़ा, जिसने उनके लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के रास्ते बंद कर दिए। वनडे फॉर्मेट में शिनवारी श्रीलंका के खिलाफ दो मुकाबलों में पांच शिकार कर चुके हैं। उन्होंने साल 2017 में शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में 34 रन देकर पांच विकेट हासिल किए थे। इसके बाद साल 2019 में कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में 51 रन देकर पांच विकेट निकाले। बाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज साल 2021 में रेड बॉल फॉर्मेट से संन्यास का ऐलान कर चुका था। साल 2013 में डिपार्टमेंटल टी20 कप के फाइनल में किशोर शिनवारी ने सभी का ध्यान खींचा था। उन्होंने अपनी सीम और स्विंग के साथ 3.1 ओवरों में महज नौ रन देकर पांच विकेट हासिल किए थे। मिस्बाह-उल-हक की अगुवाई वाली एसएनजीपीएल टीम को इस मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था।

## टोनाली ने विश्व कप क्वालिफाइंग मैच में इटली को दिलाई जीत, इस्राइल को दी शिकस्त

**डेब्रेसेन (हंगरी), एजेंसी।** इटली ने अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। सैंड्रो टोनाली के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से इटली ने यूरोपीय फ़ुटबॉल विश्व कप क्वालीफाइंग में सोमवार को इस्राइल के खिलाफ नौ गोल वाले रोमांचक मुकाबले में 5-4 से जीत हासिल की। इस तरह से इटली ने अगले साल उत्तरी अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। जून में नॉर्वे से 3-0 की हार के बाद इटली का क्वालिफिकेशन अभियान मुश्किल में पड़ गया था। उसकी मुश्किल तब और बढ़ गई थी जब तटस्थ स्थल हंगरी में खेले गए मैच में इस्राइल ने दो गोल की बढ़त हासिल कर ली थी। इटली ने मोइज कीन के दो गोल की मदद से बराबरी की। इसके बाद 59वें मिनट में माटेओ पोलिटानो ने माटेओ रेटेगुई ने इटली को बढ़त दिलाई और जियाकोमो रास्पाडोरी ने चौथा गोल किया।

## स्पेन में समंदर किनारे स्टोइनिस ने की सगाई, मंगेतर सारा को इस तरह किया प्रपोज

**मेलबर्न, एजेंसी।** स्टोइनिस ने स्पेन के तट पर एक रोमांटिक अंदाज में नाव पर बैठकर सारा को प्रपोज किया। इस सरप्राइज प्रपोजल के बाद दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गईं। ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने अपनी जिंदगी का नया अध्याय शुरू कर दिया है। उन्होंने अपनी लंबे समय की पार्टनर सारा जारनुक से तीन सितंबर 2025 को सगाई कर ली। इस खास मौके का खुलासा सारा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर किया। उन्होंने कुछ खूबसूरत तस्वीरें साझा कीं और लिखा, मैंने अपनी जिंदगी का सबसे आसान हां कहा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्टोइनिस ने स्पेन के तट पर एक रोमांटिक अंदाज में नाव पर बैठकर सारा को प्रपोज किया। इस सरप्राइज प्रपोजल के बाद दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गईं और फैन्स उन्हें ढेरों शुभकामनाएं देने लगे। स्टोइनिस और सारा जारनुक का रिश्ता किसी से छिपा नहीं है। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। सारा को अक्सर स्टेडियम में स्टोइनिस को सपोर्ट करते हुए देखा गया है। वहीं, दोनों ने सोशल मीडिया पर भी कई बार साथ में तस्वीरें साझा की हैं। सारा पेशे से एक ऑस्ट्रेलियन मॉडल और फैशन डिजाइनर हैं और अपने स्टाइल व ग्लैमर के लिए जानी जाती हैं। मार्कस स्टोइनिस का यह साल कई मायनों में खास रहा है।



## 10 सितंबर का ऐतिहासिक दिन, जब रियो पैरालंपिक में दो भारतीयों ने लहराया तिरंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय खेल जगत के लिए 10 सितंबर यादगार है। इसी दिन रियो पैरालंपिक के एक ही इवेंट में भारत के दो खिलाड़ियों ने पदक जीते थे।

यह बात साल 2016 की है। मौका रियो पैरालंपिक का है। 10 सितंबर के दिन मरियप्पन थंगावेलु ने पुरुषों की ऊंची कूद के टी42 इवेंट में 1.89 मीटर की जंप के साथ नया पैरालंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए देश के लिए गोल्ड जीता। इसी के साथ मरियप्पन ऊंची कूद में पैरालंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बने। 28 जून 1995 को सलेम स्थित एक छोटे से गांव में जन्मे मरियप्पन बेहद गरीब परिवार से थे। छह बच्चों के सिर से पिता का साया उठ चुका था। ऐसे में मां दिहाड़ी मजदूरी करने के अलावा सब्जी बेचकर किसी तरह परिवार का पेट भरती।



जब मरियप्पन महज पांच साल के थे, तब एक हादसे ने उनकी जिंदगी ही बदल दी। नशे में धुत एक बस ड्राइवर ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसके चलते उनके दाहिने पैर का घुटना कुचल गया। इसी हादसे ने मरियप्पन को लकड़ी के सहारे चलने को मजबूर कर दिया। मरियप्पन को खेल बहुत पसंद था। एक शिक्षक ने उन्हें ऊंची कूद के लिए प्रेरित किया और स्थानीय प्रतियोगिताओं में मरियप्पन ने खुद को साबित कर दिया। साल 2015 में सत्यनारायण ने उन्हें बेंगलुरु स्थित अपने ट्रेनिंग कैंप में शामिल किया और उनके मार्गदर्शन में इस खिलाड़ी ने देश के लिए पदक जीता।

मरियप्पन को साल 2017 में पद्म श्री और अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। साल 2020 में उन्हें मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार से नावाजा गया। जिस इवेंट में मरियप्पन थंगावेलु ने गोल्ड जीता, उसी इवेंट में वरुण सिंह भाटी ने 1.86 मीटर की कूद के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। यह व्यक्तिगत तौर पर उनका सर्वश्रेष्ठ था। 13 फरवरी 1995 को ग्रेटर नोएडा में जन्मे वरुण भाटी का पहला प्यार बास्केटबॉल था, लेकिन पोलियो के चलते वह इस खेल में अपने करियर को आगे नहीं बढ़ा सके।

वरुण भाटी खेलों में देश का नाम रोशन करना चाहते थे। ऐसे में उन्हें कोच ने ऊंची

## अनन्या और दिव्यांशी की जोड़ी का दमदार प्रदर्शन, स्टार कंटेंडर में अंडर-15 युगल खिताब जीता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनन्या और दिव्यांशी ने अपना धैर्य बरकरार रखते हुए चीन की जोड़ी के खिलाफ 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से जीत दर्ज की। अनन्या मुरलीधरन और दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में झाओ वैंगकी और ल्यु झिलिंग की चीन की जोड़ी को हराकर डब्ल्यूटीटी युवा स्टार कंटेंडर टेबल टेनिस टूर्नामेंट में अंडर-15 लड़कियों के युगल वर्ग का खिताब जीता। कड़े मुकाबले में अनन्या और दिव्यांशी ने अपना धैर्य बरकरार रखते हुए चीन की जोड़ी के खिलाफ 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से जीत दर्ज की। दबाव को झेलने और तनावपूर्ण क्षणों में आक्रामक जवाब देने की क्षमता भारतीय जोड़ी को पोडियम पर शीर्ष स्थान दिलाने में निर्णायक साबित हुई। इससे पहले सेमीफाइनल में इस जोड़ी ने हमवतन रियाना भूटा और अंकोलिका चक्रवर्ती को 3-1 (11-2, 10-12, 11-3, 11-6) से हराया था। रियाना और अंकोलिका को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।भारत के लिए पीबी अभिनंद और ऋत्विक गुप्ता ने क्रमशः अंडर-19 और अंडर-15 बालक एकल वर्ग में रजत पदक जीते। अभिनंद जापान के इवैडा शुंटो के खिलाफ सीधे गेम में 0-3 (6-11, 7-11, 8-11) से हार गए जबकि ऋत्विक को भी खिताबी मुकाबले में कोरिया के ली सेयुंगसू के खिलाफ 0-3 (8-11, 5-11, 8-11) से शिकस्त झेलनी पड़ी। अंडर-19 मिश्रित युगल में अभिनंद और सिंड्रेला दास की जोड़ी जबकि अंडर-15 बालक युगल में ऋत्विक और साहिल रावत की जोड़ी ने कांस्य पदक जीते। टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने कुल छह पदक जीते।

## डब्ल्यूडब्ल्यूई ने निकाला बाहर तो भड़क गया रेसलर, दे डाली ये धमकी, अब होगा बवाल डब्ल्यूडब्ल्यूई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई ने हाल के दिनों में कई रेसलर्स को रिलीज किया है। जिसमें से एक नाम स्टार रेसलर कैरियन क्रॉस का भी है। उन्हें रिलीज किए जाने के बाद उन्होंने एक पॉडकास्ट में चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि डब्ल्यूडब्ल्यूई ने उन्हें रिलीज करके एक बड़ी गलती की है। डब्ल्यूडब्ल्यूई ने पिछले महीने उनका कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने के बाद उसे रिन्यू नहीं किया जिसके बाद क्रॉस ने कंपनी छोड़ दी। 2022 में ट्रिपल एच के कार्यकाल में दोबारा साइन करने के बाद उनका तीन साल का कॉन्ट्रैक्ट समाप्त हो गया था। भले ही क्रॉस का मेन रोस्टर पर सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा हो, लेकिन इस साल रेसलमेनिया के दौरान वह डब्ल्यूडब्ल्यूई फैंस के बीच बहुत लोकप्रिय हो गए थे। उनकी कहानी सामी जेन और बाद में यूनाइटेड स्टेट्स चैंपियन के साथ चली, जिसमें समरस्लैम में एक बड़ा मैच भी शामिल था। हाल ही में उन्होंने रेसलिंग लाइफ पॉडकास्ट पर बात की। कैरियन क्रॉस ने कहा कि यह बहुत अच्छा था। जब आपको कोई क्रिएटिव डायरेक्शन मिलता है और वह दर्शकों को पसंद आता है, तो ऐसा लगता है कि आपने अपना मिशन पूरा कर लिया। आपको खुद चुनते हैं, भले ही आपके लिए कोई योजना न बनाई गई हो और वे कहते हैं, यह हमारा आदमी है, तो यह बहुत मायने रखता है। मुझे नहीं लगता कि मेरे साथ ऐसा पहले कभी हुआ था।

## ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की तिकड़ी में अभी काफी क्रिकेट बची है: हेजलवुड

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि आगामी एशेज श्रृंखला में उनकी, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की खतरनाक तेज गेंदबाजी तिकड़ी आखरी बार एक साथ खेलते हुए दिखेगी। उन्होंने कहा कि तीनों तेज गेंदबाजों में अभी काफी क्रिकेट बची हुई है और वह कम से कम दो साल और खेल सकते हैं। इन तीनों तेज गेंदबाजों की उम्र 35 वर्ष के आसपास है। कमिंस कमर में खिंचाव की चोट से जूझ रहे हैं तथा स्टार्क ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है जिसके कारण माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी इतिहास के एक युग का अंत निकट है। हेजलवुड स्वयं चोटों से जूझ रहे हैं लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि तीनों गेंदबाजों में से कोई भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहा है। हेजलवुड ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम अभी कुछ कहने की स्थिति में हैं। हर कोई टेस्ट क्रिकेट को पसंद करता है और अगले दो वर्ष में काफी टेस्ट मैच खेले जाने हैं। उन्होंने कहा, 'अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का एक और चक्र होना बाकी है। इसलिए केवल एशेज ही नहीं टेस्ट क्रिकेट में अगले दो साल में काफी रोमांचक मैच होने वाले हैं और मुझे लगता है कि हर कोई इनका हिस्सा बनना चाहता है। हमारे पास टेस्ट क्रिकेट को देने के लिए अभी काफी कुछ बचा है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के सीएम सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के मशहूर मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज और मुख्यमंत्री सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मंगलवार सुबह एक धमकी भरा ईमेल मिला। ईमेल में दावा किया गया कि एमएएमसी में दोपहर 2:45 बजे और छ्रू सचिवालय में 3:30 बजे विस्फोट होगा। इस खबर ने प्रशासन को तुरंत हरकत में ला दिया और दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सुबह जैसे ही यह धमकी भरा ईमेल सामने आया, दिल्ली पुलिस और संबंधित एजेंसियों ने तुरंत मानक संचालन प्रक्रिया के तहत कार्रवाई शुरू कर दी। बम डिटेक्शन और डिस्पोजल टीमें मौके पर पहुंचीं और एमएएमसी के साथ-साथ छ्रूसचिवालय में गहन तलाशी शुरू की। दोनों जगहों पर मौजूद लोगों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कदम उठाए गए।पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती जांच में यह ईमेल पहले आए कुछ फर्जी धमकी भरे मेल्स से मिलता-जुलता लग रहा है। संदेह है कि यह मेल किसी अन्य राज्य के लिए भेजा गया हो सकता है, लेकिन प्रशासन कोई जोखिम नहीं ले रहा। हर संभावित खतरे को गंभीरता से लेते हुए जांच की जा रही है। पुलिस और प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमें स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। जनता से अनुरोध है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराएं नहीं। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, नई जानकारी सामने आती रहेगी। हालांकि प्रारंभिक जांच में यह धमकी फर्जी लग रही है, लेकिन दिल्ली पुलिस इसे हल्के में नहीं ले रही। हाल के वर्षों में देशभर में कई बार इस तरह के फर्जी बम धमकी वाले ईमेल सामने आए हैं, जो ज्यादातर अफवाह या शरारत के तौर पर निकले। फिर भी, दिल्ली जैसे संवेदनशील शहर में ऐसी किसी भी धमकी को गंभीरता से लिया जाता है।

### लोगों को मेरा नाम-फोटो यूज करने से रोकें; ऐश्वर्या राय बच्चन की दिल्ली हाईकोर्ट से गुहार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट से अपनी तस्वीरों और नाम के अनधिकृत इस्तेमाल पर रोक लगाने की गुहार है। उन्होंने आरोप लगाया है कि बिना अनुमति के उनकी तस्वीरों का इस्तेमाल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है, जिसमें एआई-जनरेटेड सामग्री भी शामिल है। ऐश्वर्या राय बच्चन ने हाईकोर्ट से उनके व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा करने और लोगों को अनधिकृत रूप से उनके नाम, तस्वीरों और एआई निर्मित अश्लील सामग्री का उपयोग करने से रोकने का आग्रह किया। इस पर जस्टिस तेजस करिया ने मौखिक रूप से संकेत दिया कि वह प्रतिवादियों को चेतावनी देते हुए एक अंतरिम आदेश पारित करेंगे। ऐश्वर्या राय बच्चन के वकील संदीप सेठी ने कहा कि अभिनेत्री अपने प्रचार और व्यक्तिगत अधिकारों का इस्तेमाल करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि कुछ पूरी तरह से फर्जी अंतरंग तस्वीरें इंटरनेट पर प्रसारित की जा रही हैं। ये सभी तस्वीरें ढ्ढ द्वारा बनाई गई हैं। सेठी ने दलील दी, '' उनकी (ऐश्वर्या राय बच्चन) फोटो, पसंद या व्यक्तित्व का उपयोग करने का आरोपियों के पास कोई अधिकार नहीं हो सकता। एक सज्जन केवल मेरे नाम और चेहरे से पैसे बना रहे हैं।'' वकील सेठी ने कहा, '' उनका नाम और पसंद किसी की यौन इच्छाओं की पूर्ति के लिए इस्तेमाल की जा रही है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।''

ऐश्वर्या की ओर से पैरवी करने वाले वकीलों में प्रवीन आनंद और ध्रुव आनंद भी शामिल हैं। हाईकोर्ट ने इस मामले को आगे की कार्यवाही के लिए 7 नवंबर को जॉइंट रजिस्ट्रार के समक्ष और 15 जनवरी 2026 को अदालत के समक्ष सूचीबद्ध किया।

### दिल्ली-एनसीआर में बादलों की लुकाछिपी के बीच बारिश से राहत का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के साथ ही एनसीआर के अलग-अलग हिस्सों में इस हफ्ते यानी अगले 6 दिनों तक मौसम साफ रहने का अनुमान है। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली के साथ ही एनसीआर के अलग-अलग हिस्सों में बादलों की छिटपुट आवाजाही देखी जा सकती है। कुल मिलाकर इस हफ्ते दिल्ली के साथ ही एनसीआर के इलाकों में बारिश नहीं होने का अनुमान है। हालांकि आज कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान दिल्ली के साथ ही एनसीआर के अलग-अलग हिस्सों में बादलों की छिटपुट आवाजाही जारी रहने का अनुमान जताया है। दोपहर के बाद, शाम या रात के समय दिल्ली एनसीआर में कुछ स्थानों पर हल्की से लेकर बहुत हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान 10 से 15 किलोमीटर की स्पीड से हवाएं चल सकती हैं।मौसम विभाग ने बरवाला, जिंद, आदमपुर, हिसार, गोहाना, हांसी, सिवानी, महम, तोशाम, भिवानी (हरियाणा), दौराला, मेरठ, मोदीनगर, किठौर, गढ़मुक्तेश्वर (यूपी) में अलग-अलग स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने 10 से लेकर 15 सितंबर तक दिल्ली के साथ ही एनसीआर के अलग-अलग हिस्सों में छिटपुट बादलों की आवाजाही देखे जाने का अनुमान जताया है।

# पश्चिम विरोधी गठबंधन में शामिल नहीं होगा भारत, मोदी ने दिया संदेश

### चीन विशेषज्ञ ने बताई वजह



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हालिया कूटनीतिक कदमों के जरिए यह स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अब चीन और रूस के नेतृत्व वाले पश्चिम विरोधी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेगा। यह दावा अमेरिकी-चीन संबंधों के एक प्रमुख विशेषज्ञ गॉर्डन चांग ने किया है। चांग ने कहा कि पीएम मोदी की हाल की बहुपक्षीय बैठकों में चुनिंदा भागीदारी दर्शाती है कि भारत बेहद सावधानीपूर्वक कूटनीतिक संतुलन की रणनीति अपना रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में भारत को लेकर अपने सख्त बयानों से पीछे हटते हुए नरमी दिखाई है। इससे संकेत मिलता है कि बीते कुछ महीनों से चले आ रहे व्यापार और तेल आयात को लेकर तनावपूर्ण रिश्तों में अब सुधार हो रहा है। हाल ही में ट्रंप ने अपने बयान में कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी के साथ बहुत अच्छे संबंध रखता हूं, जैसा कि आप जानते हैं। मोदी हमेशा मेरे अच्छे दोस्त रहेंगे। इसे नई दिल्ली को आश्वस्त करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। ट्रंप ने पहले भारत के रूस से तेल खरीदने पर नाराजगी जताई थी और भारत पर 50 फीसदी का भारी भरकम टैरिफ लगाया है।

चांग ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी बात को थोड़ा पीछे खींच लिया है और उन्हें ऐसा करना भी चाहिए, क्योंकि हमने भारत को चीन के हाथों नहीं खोया है। गॉर्डन चांग ने प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीतिक रणनीति का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मोदी ने हालिया बहुपक्षीय मंचों पर यह संदेश दिया कि भारत फिलहाल चीन, रूस, उत्तर कोरिया और ईरान द्वारा बनाए जा रहे एंटी-वेस्टर्न ब्लॉक का हिस्सा नहीं बनना चाहता।

चांग ने प्रधानमंत्री मोदी की हाल की कूटनीतिक गतिविधियों की ओर ध्यान खींचा। उन्होंने कहा कि मोदी ने 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन के तियानजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित कई नेताओं से उच्चस्तरीय बातचीत की। हालांकि, पीएम मोदी ने 3 सितंबर को बीजिंग में आयोजित भव्य सैन्य परेड में हिस्सा नहीं लिया और वे एससीओ सम्मेलन समाप्त होने के बाद ही स्वदेश लौट आए। इसके विपरीत, रूस, उत्तर कोरिया, पाकिस्तान और ईरान के नेता उस आयोजन में शामिल हुए, जिसे चीन ने अपनी सैन्य ताकत के प्रदर्शन के रूप में पेश किया।

# भारत में वापस आएगा टिकटॉक? केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिया जवाब




**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत और चीन के संबंधों में पीएम मोदी की चीन यात्रा के बाद गर्म जोशी देखने को मिली है। ऐसे में इस बात की अटकलें लगाई जा रही थी कि क्या सरकार चीनी एप पर लगाई गई पाबंदी को भी हटा देगी। हालांकि सरकार के सूत्रों की तरफ से इस बात को साफ किया गया कि केंद्र ऐसा कुछ करने के बारे में नहीं सोच रहा है। अब केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सरकार का पक्ष आधिकारिक रूप से साफ करते हुए कहा है कि सरकार की चीनी एप टिकटॉक पर से बैन हटाने की कोई योजना नहीं है।

मनी कंट्रोल को दिए एक इंटरव्यू में केंद्रीय मंत्री ने इन अफवाहों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि इस मुद्दे पर सरकार के भीतर अभी तक कोई चर्चा नहीं हुई है। इतना ही नहीं टिकटॉक की मूल कंपनी बाइट डांस के भारत में वापसी की अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि हमें अभी तक किसी भी ओर से कोई प्रस्ताव नहीं मिला है।

दरअसल, चीनी एप टिकटॉक के वापस आने की अटकलें हवा में शुरू नहीं हुई है। अमेरिका के साथ भारत के तनाव पूर्ण संबंध चीन के तिनजियान में पीएम मोदी का पहुंचना और शी जिनपिंग के साथ बातचीत करना इससे भारत और चीन के रिश्तों में एक बार फिर से गर्मजोशी की शुरुआत माना जा रहा था। इसी बीच पिछले महीने भारत में इंटरनेट पर किसी ग्लिच के कारण टिकटॉक की वेबसाइट एक बार फिर से दिखाई देने लगी। इसके बाद अटकलों ने जोर पकड़ लिया कि क्या सरकार ने इसे वापस लाने की योजना बना ली है। हालांकि अब केंद्र सरकार और अधिकारियों की तरफ से इस मुद्दे को साफ कर दिया गया है कि ऐसी कोई योजना नहीं है।

आपको बता दें भारत में जून 2020 में चीन के साथ तनाव पूर्ण प्रतिबंधों के चलते चीन के 59 एप पर बैन लगा दिया था। सरकार का आरोप था कि यह एप राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं। भारत सरकार के बैन के बाद गूगल, एप्पल समेत अन्य प्ले स्टोर ने भी भारत में इसे अपने प्लेटफार्म से हटा दिया था। जनवरी 2021 में सरकार ने इस प्रतिबंध को स्थाई कर दिया था। जिस समय टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाया गया उस वक्त उसका सबसे बड़ा यूजर बेस भारत ही था। उस समय पर टिकटॉक पर करीब 20 करोड़ भारतीय लोग थे।

# ब्रिटिश सांसद ने कहा- बलात्कारी पाकिस्तानियों को बाहर निकालो

### एलन मस्क का समर्थन



**लंदन, एजेंसी।**
ब्रिटेन में इन दिनों पाकिस्तानी मूल के बलात्कारियों और अपराधियों को लेकर तीखी बहस देखने को मिल रही है। एक सांसद ने ब्रिटिश सरकार से मांग करते हुए कहा है कि सभी पाकिस्तानी अपराधियों को देश से बाहर निकाला जाना चाहिए। ग्रेट यारमाउथ से सांसद रूपर्ट लोव ने कहा है कि किसी भी पाकिस्तानी को वीजा नहीं देना चाहिए। रूपर्ट ने पिछले लंबे समय से ब्रिटेन में आने वाले पाकिस्तानी मूल के लोगों के खिलाफ अभियान छेड़ा हुआ है।

उन्होंने हाल ही में एक जांच रिपोर्ट शेयर की थी जिससे ब्रिटेन में सनसनी फैल गई। सांसद ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि देशभर में ऐसे 85 इलाके हैं, जहां पाकिस्तानी बलात्कारियों का गैंग सक्रिय है और भोली-भाली बच्चियों को शिकार बनाता रहा है। निर्दलीय सांसद रूपर्ट लोव द्वारा की गई इस जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि इन बलात्कार गिरोह में मुख्यतः पाकिस्तानी मूल के पुरुष शामिल हैं और ये घिनौनी हरकतों को अंजाम देने में दशकों से सक्रिय हैं। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने भी रूपर्ट लोव की जांच का समर्थन करते हुए ब्रिटिश सरकार पर निशाना साधा था।

पाकिस्तानियों पर क्या बोले रुपर्ट लोव?

रुपर्ट लोव ब्रिटेन की संसद में एक प्रभावशाली आवाज हैं। अब उन्होंने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अगर सरकार अपनी निर्वासन की धमकियों को गंभीरता से ले रही है, तो पाकिस्तान से शुरूआत करें। जब तक वे निर्वासित बलात्कारी/अपराधी को स्वीकार नहीं कर लेते, तब तक पाकिस्तान को एक भी वीजा जारी न करें। इसके साथ ही, पाकिस्तान को भेजी जाने वाली विदेशी सहायता की पाई-पाई को बंद करें। यह बहुत मुश्किल काम नहीं है। इस बयान का संदर्भ ब्रिटेन की नई गृह मंत्री शबाना महमूद की हालिया घोषणा से जुड़ा है। दरअसल शबाना महमूद खुद पाकिस्तानी मूल की मुस्लिम सांसद हैं और कुछ दिन पहले ही उन्हें ब्रिटेन का नया गृह मंत्री नियुक्त किया गया है। उन्होंने हाल ही में कहा था कि वे उन देशों के खिलाफ वीजा निलंबन जैसे सख्त कदम उठाएंगी, जो अपने अवैध और अपराधी नागरिकों को वापस लेने से इनकार करते हैं। इसके अलावा, सांसद ने ब्रिटेन में हलाल मीट पर भी बैन लगाने की मांग की है। उन्होंने इसे एक राष्ट्रीय घोटाला बताया। उन्होंने कहा कि रिस्टोर ब्रिटेन को ऐसी रिपोर्टें मिल रही हैं कि सार्वजनिक क्षेत्र में, यहां तक कि सैन्य विभागों में भी केवल हलाल मांस परोसा जा रहा है। हमारी जांच अभी शुरू ही हुई है। उन्होंने लिखा, रिस्टोर ब्रिटेन टीम ने छात्रों को केवल हलाल मांस परोसने के बारे में स्कूलों से संपर्क किया है, जो निराशाजनक संख्या में हैं।

# उत्तर कोरिया में नए आईसीबीएम रॉकेट इंजन का परीक्षण, किम जोंग उन भी रहे मौजूद



**सियोल, एजेंसी।**
दुनियाभर के कई देशों मे चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच उत्तर कोरिया से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक नए इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) इंजन के परीक्षण का निरीक्षण किया। यह इंजन ठोस ईंधन से चलता है और 1,971 किलोन्यूटन की ताकत पैदा करता है, जो पिछले मॉडलों से कहीं ज्यादा शक्तिशाली है। मामले में उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के मुताबिक, यह इस इंजन का नौवां और अंतिम ग्राउंड टेस्ट था। इसे कार्बन फाइबर से बनाया गया है और इसका इस्तेमाल भविष्य के मिसाइल सिस्टम जैसे ह्वासोंग-20 में किया जाएगा।

ये नया इंजन ठोस ईंधन से चलता है, जिसे छिपाना और तुरंत लॉन्च करना आसान होता है, जबकि पुराने मिसाइलें तरल ईंधन पर आधारित थीं, जिन्हें तैयार करने में ज्यादा वक्त लगता था। ऐसे में इस नए इंजन उत्तर कोरिया की मिसाइल तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमता में तेजी आएगी। कुल मिलाकर उत्तर कोरिया पहले ही ऐसी मिसाइलें टेस्ट कर चुका है जो अमेरिका तक पहुंच सकती हैं, लेकिन अब किम मल्टी-वारहेड सिस्टम बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, जिससे मिसाइल डिफेंस सिस्टम को चकमा देना आसान होगा। परीक्षण के बाद किम जोंग उन ने इसे आंखें खोल देने वाली प्रगति बताया। साथ ही कहा कि यह उत्तर कोरिया की परमाणु ताकत को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव है। बता दें कि 2019 में अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता विफल होने के बाद से किम ने बार-बार मिसाइल परीक्षण कर अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन किया है। ऐसे में विशेषज्ञों का मानना है कि किम का मकसद अमेरिका पर दबाव बनाना है ताकि उसे परमाणु शक्ति के रूप में मान्यता मिले और उसे आर्थिक व रणनीतिक छूट मिल सके।

## ये हमारी राजधानी पर भयानक आतंकी हमला, यरुशलम गोलीबारी पर इस्राइल की कड़ी प्रतिक्रिया

**तेल अवीव, एजेंसी।**
इस्राइल ने यरुशलम गोलीबारी की निंदा करते हुए, इसे अपनी राजधानी पर भयावह आतंकी हमला करार दिया। इस्राइली सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि ऐसी घटनाएं उनके देश में पहले हुए अत्याचारों की याद दिलाती हैं। दो फलस्तीनी हमलावरों ने सोमवार को यरुशलम के एक व्यस्त चौराहे पर गोलीबारी की, जिसमें छह इस्राइली नागरिकों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हैं। हमले के तुरंत बाद ही दोनों हमलावरों को ढेर कर दिया गया।

इस्राइल के वित्त मंत्रालय में महालेखाकार याली रोथेनबर्ग ने कहा, जहां गोलीबारी हुई, मैं उस बस स्टॉप को जानता हूं, और मेरे एक कर्मचारी की मां उस हमले में मारी गई हैं। याली रोथेनबर्ग इस समय भारत के दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए एक चेतावनी है कि हम उन चरमपंथियों से बचें, जो ये अमानवीय कृत्य करते हैं, जो हमारी हर चीज का विरोध करते हैं। इस्राइल में और भारत में भी, हम इस तरह के रिश्ते में भागीदार हैं। जब हम इन चीजों को देखते हैं, तो हमें इस्राइल में हाल ही में और लगभग दो साल पहले हुए अत्याचारों की याद आती है। मानवता की भलाई के लिए, हमारा इससे लड़ने का आह्वान है। रोथेनबर्ग वर्तमान में इस्राइली वित्त मंत्री बेजेल स्मोट्रिच के नेतृत्व में एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होकर भारत का दौरा कर रहे हैं। भारत और इस्राइल के बीच पारस्परिक निवेश और आर्थिक सहयोग बढ़ाने को लेकर समझौता हुआ है।

# रेप केस में ट्रंप को बहुत बड़ा झटका, 83 मिलियन डॉलर के हर्जाने का फैसला बरकरार



**वाशिंगटन, एजेंसी।**
न्यूयॉर्क स्थित 2 यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स ने सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका दिया। अदालत ने ट्रंप की उस अपील को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने पत्रकार और लेखिका ई. जीन कैरोल को दिए गए 83.3 मिलियन डॉलर (करीब 693 करोड़ रुपये) के हर्जाने को रद्द करने की मांग की थी।

81 वर्षीय ई. जीन कैरोल इले मैगजीन की पूर्व कॉलमिस्ट रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि 1990 के दशक में ट्रंप ने न्यूयॉर्क के एक डिपार्टमेंट स्टोर के ड्रेसिंग रूम में उनका रेप किया था। ट्रंप ने इन आरोपों को 2019 में नकार दिया था और एक रिपोर्टर से कहा था कि कैरोल मेरे टाइप की नहीं हैं और उन्होंने अपनी किताब बेचने के लिए यह कहानी गढ़ी है।

तीन न्यायाधीशों की पीठ ने अपने आदेश में कहा, जूरी द्वारा दिए गए हर्जाने का फैसला इस मामले की असाधारण और गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए उचित है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि ट्रंप इस मामले में राष्ट्रपति पद की इम्युनिटी (छूट) का दावा नहीं कर सकते। ट्रंप ने तर्क दिया कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के 2024 के फैसले के अनुसार उन्हें व्यापक क्रिमिनल इम्युनिटी मिली है, जो सिविल मुकदमों पर भी लागू होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 2019 में उनके बयान राष्ट्रपति के आधिकारिक कर्तव्यों का हिस्सा थे और यदि इस पर इम्युनिटी नहीं दी गई तो कार्यपालिका शाखा कमजोर हो जाएगी। लेकिन कोर्ट ने इन सभी दलीलों को खारिज कर दिया।

अब तक की कार्यवाही

मई 2023 में एक अन्य जूरी ने ट्रंप को 5 मिलियन डॉलर (लगभग 42 करोड़ रुपये) हर्जाना देने का आदेश दिया था।

# एक जोन-एक ऑपरेटर मास्टर प्लान? जिससे दिल्ली में यमुना को मिलेगा नया जीवन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
गंदगी और सीवर सिस्टम की समस्याओं से जूझ रही राजधानी दिल्ली अब एक बड़े बदलाव की ओर बढ़ रही है। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने सीवर मास्टरप्लान 2043 की रूपरेखा तैयार करने की कवायद शुरू कर दी है, जो अगले दो दशकों तक दिल्ली की सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने का रोडमैप होगा। इस योजना के तहत एक्सपर्ट्स और परामर्शदाता कंपनियों को नियुक्त करने के लिए टेंडर जारी किए गए हैं, जो सर्वे, गैप एनालिसिस और मौजूदा 2031 मास्टरप्लान की समीक्षा करेंगे।

जल बोर्ड ने दिल्ली के विशाल सीवर नेटवर्क को चार जोन में बांटकर एक जोन-एक ऑपरेटर मॉडल अपनाने का फैसला किया है। प्रत्येक जोन की जिम्मेदारी एक निजी एजेंसी को सौंपी जाएगी। अभी तक सीवर लाइनों की मरम्मत, शिफ्टिंग और अपग्रेडेशन का काम छोटे-छोटे ठेकों के जरिए टुकड़ों में हो रहा था। जलबोर्ड के एक अधिकारी ने बताया, अलग-अलग ठेकेदार अलग-अलग हिस्सों पर काम करते हैं, जिससे देरी और जवाबदेही की कमी रहती है। नया मॉडल इसे तेज और पारदर्शी बनाएगा।

यह नया ढांचा न केवल काम को सुव्यवस्थित करेगा, बल्कि जवाबदेही भी सुनिश्चित करेगा। जलबोर्ड का लक्ष्य है कि इस मॉडल से सीवर प्रणाली की दक्षता बढ़े और यमुना में अनट्रीटेड सीवेज का प्रवाह कम हो।



यमुना की सेहत सुधारने की बड़ी योजना इस मास्टरप्लान का सबसे बड़ा लक्ष्य है यमुना नदी को प्रदूषण से मुक्त करना। दिल्ली की 10,720 किलोमीटर लंबी सीवर लाइनों और 38 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) के बावजूद, इस मानसून में बुरारी, रोहिणी और बेला रोड जैसे इलाकों में सीवर का बैकफ्लो देखने को मिला। जल बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, नया मास्टरप्लान सीवर पंपिंग स्टेशनों की कमी को दूर करेगा और ड्रोन-आधारित टोपोग्राफिक मैपिंग जैसे आधुनिक तरीकों से सटीक सर्वे किए जाएंगे।

2031 के मास्टरप्लान में सभी घरों को सीवर नेटवर्क से जोड़ने और यमुना में अनट्रीटेड सीवेज का शून्य प्रवाह सुनिश्चित करने का लक्ष्य था, लेकिन अभी तक केवल 83प्रतिशत आबादी ही इससे जुड़ पाई है। अनधिकृत कॉलोनियों में प्रगति धीमी रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 2031 के लक्ष्य पूरे नहीं हो सके। नया प्लान इन कमियों को दूर करेगा और 2043 तक एक मजबूत ढांचा तैयार करेगा। दिल्ली में हर दिन लगभग 990 मिलियन गैलन गंदा पानी उत्पन्न होता है।

# कार्यों का भौतिक निरीक्षण को टीम गठित, सिस्टम को हल्के में लेने वाले नपेंगे





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने ड्रिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में हुए कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, डीएमएफटी के तहत कार्यरत सरकारी एजेंसियों तथा पीएमयू टीम के सदस्य आदि उपस्थित थे।

**02 दिनों में समरी रिपोर्ट तैयार करें एजेंसी**

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कार्यरत सभी एजेंसियों (तेनुघाट डैम प्रमंडल, सिविल सर्जन, जिला अभियंता, विद्युत प्रमंडल, भवन प्रमंडल, विशेष प्रमंडल, एनआरईपी, पीएचईडी, आरईओ आदि) को स्पष्ट किया कि 02 दिनों में किए गए सम्पूर्ण कार्य-प्रक्रिया की समरी रिपोर्ट तैयार कर एजेंसियां उपलब्ध कराएं। जिसमें नीविदा की प्रक्रिया, कार्य अवधि, कार्य की स्थिति/प्रगति आदि का स्पष्ट उल्लेख हो। इस रिपोर्ट को समेकित कर डीएमएफटी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, ताकि जिले में पारदर्शिता सुनिश्चित हो और जनता को विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सके।

उपायुक्त ने कहा कि जो एजेंसी अगले 02 दिनों में हुए कार्यों की समरी रिपोर्ट जिला को उपलब्ध नहीं कराएंगे। संबंधित एजेंसी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपस्थित पीएमयू टीम को राज्य द्वारा निर्धारित ऑडिट एजेंसी से रेगुलर ऑडिट कराने को कहा।

**भौतिक निरीक्षण के लिए टीम गठित करें**

उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित विशेष कार्य पदाधिकारी सह एसी मो. मुमताज अंसारी को निर्देश दिया कि डीएमएफटी के तहत अब तक हुए कार्यों का फिल्ड स्तर पर भौतिक निरीक्षण करने के लिए अलग झ अलग टीम गठित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि जो अधिकारी/कर्मी सिस्टम को हल्के में लेंगे, वे नपेंगे। उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**हमारा गांव –हमारे लोग अभियान के तहत निरीक्षण**

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि हमारा गांव झ हमारे लोग अभियान के तहत आगामी शनिवार को जिले के वरीय पदाधिकारी विभिन्न प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों का दौरा करेंगे। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड संधारण, पंजी पुस्तकों एवं सभी अभिलेखों की गहन जांच की जाएगी, ताकि प्रशासनिक कार्यों की पारदर्शिता एवं शुचिता बनी रहे।

**समयबद्धता और पारदर्शिता पर दिया बल**

उपायुक्त ने सभी एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे कार्य की प्रगति रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराएं और निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्यों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि डीएमएफटी फंड से होने वाले सभी विकास कार्यों में जनता का विश्वास कायम रखना, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिले के विकास कार्यों को पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारना हमारी साझा जिम्मेदारी है।

## चास निगम क्षेत्र में पेयजलापूर्ति सुचारू करने को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास नगर निगम क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त एवं सुदृढ़ करने को लेकर मंगलवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर नगर आयुक्त चास संजीव कुमार, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल एस बी तिवारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, पूर्व मध्य रेलवे धनबाद मंडल के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

**वाटर ट्रीटमेंट प्लांट हेतु डेडिकेटेड विद्युत आपूर्ति का निर्देश**

बैठक में उपायुक्त ने विशेष रूप से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) चास को डेडिकेटेड विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने में आ रही समस्याओं पर विस्तार से समीक्षा की। जिस पर कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल चास द्वारा बताया गया कि सब स्टेशन का कार्य पूरा है, 33 केवी का लाइन दुग्धा से ले जाने के लिए रेलवे से एनओसी नहीं मिल रहा है, इससे परेशानी हो रही है। मौके पर ही उपायुक्त ने पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्रा से बात कर समस्या पर चर्चा की। जिस पर उन्होंने अपनी ओर से जल्द कार्रवाई की बात कहीं। बैठक में उपायुक्त ने पुनः कार्यपालक अभियंता को रेलवे पोर्टल पर आन लाइन अप्लाई करने एवं बैठक में उपस्थित रेलवे प्रतिनिधियों से दो दिनों में प्रक्रिया को पूरा करते हुए एनओसी निर्गत करने की बात कहीं।

उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता चास को एनओसी प्राप्त होने के साथ ही रविवार से इस दिशा में कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि विजया दशमी तक हर हाल में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) चास को डेडिकेटेड विद्युत आपूर्ति सेवा से जोड़ देना है। इसमें किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। ताकि नगर क्षेत्र में जलापूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित हो सके।छूटे हुए मोहल्लों व कॉलोनियों तक पेयजल आपूर्ति उपायुक्त ने कार्यरत एजेंसियों जुडको एवं अन्य को निर्देश दिया कि वह इस दौरान अब तक छूटे हुए कॉलोनियों/मोहल्लों तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य शीघ्र पूरा करें। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र की जनता पेयजल सुविधा से वंचित नहीं रहे।

**नदी संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण पर दिया जोर**

बैठक में उपायुक्त ने अपर नगर आयुक्त को यह सुनिश्चित करने को कहा कि गरगा नदी में शहर का गंदा पानी सीधे नहीं जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि केवल फिल्टर और शोधन के बाद ही नदी में जल का प्रवाह हो। इसके अतिरिक्त, उन्होंने नदियों के किनारे पौधरोपण कर उन्हें सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के दिशा में भी निगम प्रबंधन को प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया।

## अपराधियों ने रेलवे साइडिंग में की ताबड़तोड़ फायरिंग, ट्रैक्टर चालक घायल



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बांधडीह रेलवे साइडिंग में सोमवार को बड़ी आपराधिक वारदात सामने आई। ट्रैक्टर चालक जादू साहिस को अज्ञात अपराधियों ने उस समय निशाना बनाया जब वह मिट्टी लेकर रेलवे साइडिंग परिसर में पहुंचा। दो बाइक पर सवार अपराधियों ने अचानक उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की और चार गोलियां मारकर फरार हो गए। गोली चालक के पेट, कमर और पैर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने पांच खोखा बरामद किया है। साथ ही घटनास्थल से एक पर्चा भी मिला है, जिसकी जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इधर, गोलीबारी की इस वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। बताया जाता है कि पिछले छह महीने से बांधडीह रेलवे साइडिंग में रेलवे द्वारा बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वारदात के समय भी यही कार्य जारी था। पुलिस मामले को रंगदारी से भी जोड़कर देख रही है और हर पहलू पर छानबीन कर रही है। फिलहाल पुलिस ने इलाके में गश्त तेज कर दी है और अपराधियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इस घटना ने एक बार फिर जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद होने का संकेत दिया है।

## गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक खुटरी में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, के एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, रांची द्वारा आज गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, कॉलेज, जैनामोड़ में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान बोकारो जिले के स्थानीय युवाओं तथा भावी उद्यमियों को भारत सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं जानकारी प्राप्त किया। गौरव कुमार सहायक निदेशक एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, रांची ने कार्यक्रम में भारत सरकार के एम एस एम ई मंत्रालय के योजनाओं में प्रकाश डाला। अतिथि के रूप में किशोर रजक जिला उद्यमी समन्वयक (मुख्यमंत्री कुटीर उद्योग बोर्ड) शशि भूषण(प्रेसिडेंट, एम एस एम ई एंटरप्रेन्योरश एसोसिएशन), राजेश प्रसाद (निदेशक संकल्प फाउंडेशन), कुंदन उपाध्याय ( स्टेट प्रेसिडेंट, जे एस टी बी ई ए) उपस्थित थे। किशोर रजक जिला उद्यमी समन्वयक ( मुख्यमंत्री कुटीर उद्योग बोर्ड) ने झारखंड सरकार के एम एस एम ई के योजनाओं के बारे में बताया। अतिथियों ने प्रतिभागियों को भारत सरकार एवं झारखंड सरकार द्वारा उद्यमियों के विकास हेतु उपलब्ध योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजसेवी ऋतु अग्रवाल का असामयिक निधन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चेंबर के सचिव एवं रोटरी क्लब चास के पूर्व सचिव मुकेश अग्रवाल की धर्मपत्नी 50 वर्षीय रितु अग्रवाल का आकस्मिक देहावसान हो गया। यह दुखद खबर सुनते ही समाज में शोक की लहर दौड़ गई। रितु अग्रवाल सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहती थी और बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया करतीं थीं। सामाजिक कार्यों में उनकी गहरी रुची थी। रोटरी क्लब चास, मारवाड़ी महिला समिति सहित वे कई संस्थानों में सक्रिय थी। बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने इस दुखद अवसर पर पहुंच कर मुकेश अग्रवाल एवं उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। भाजपा नेत्री डॉ परिंदा सिंह ने भी सांत्वना दी और परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर, सचिव श्वेता रस्तोगी, चेंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी,संजय बैद, राजकुमार जायसवाल, नरेंद्र सिंह, विनोद चोपड़ा, सिद्धार्थ पारख, प्रकाश केजरीवाल, विजय अग्रवाल, श्रमिक नेता संग्राम सिंह आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया।

### मध्य विद्यालय ऊपर अंकुरा में साइकिल वितरण

**बरवाअड्डा (धनबाद)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साइकिल वितरण योजना' के माध्यम से सरकार ने शिक्षा और उन्नति का पहिया को गति देने का काम किया है। यह योजना न केवल बच्चों के लिए आसान आवागमन सुनिश्चित कर रही है बल्कि उन्हें बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर भी कर रही है। उन्नति का पहिया साइकिल वितरण योजना झारखंड के हर बच्चे के सपनों को पंख दे रही है। गोबिंदपुर प्रखंड खरनी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में साइकिल वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य रूप से जिला परिषद स्वाती कुमारी उपस्थित हुई वही कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक किशोर कुमार ने किया जिसके उपरांत जिला परिषद स्वाति कुमारी ने छात्र एवं छात्राओ को उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की ओर बच्चो को कहा की आप ही हामरे देश के उज्जवल भविष्य हो खूब पढ़ो ओर मेहनत करो.मौके पर स्वाति कुमरी ने छात्र एवं छात्राओं को साईकिल वितरण किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक किशोर कुमार,दिलीप चौधरी नयन मिश्रा, अनिल महथा चंदन कुमार, वीरेंद्र रवानी, सुनील कुम्हार, सागर रॉय आदि उपस्थित थे।



### जनता दरबार में ऑन स्पॉट कई मामलों का किया निष्पादन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 45 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, अनुमंडल कार्यालय चास/बेरमो, अंचल कार्यालय चास/नावाडीह, बीएसएल, जिला समाज कल्याण विभाग, वन प्रमंडल, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियुष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



### उपायुक्त के फर्जी फेसबुक अकाउंट - व्हाट्सप नंबर को लेकर प्राथमिकी दर्ज

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रशासन बोकारो द्वारा उपायुक्त अजय नाथ झा के नाम से बनाए गए फर्जी फेसबुक अकाउंट एवं वाट्स एप नंबर के मामले को गंभीरता से लेते हुए विधि सम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बाबत बी.एस.सिटी थाना में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी (कांड संख्या 197/08.09.25 ) तथा चास थाना में चास प्रखंड विकास पदाधिकारी (कांड संख्या 127/06.09.25) द्वारा दिए गए आवेदन पर अलगझअलग प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। दर्ज मामले में कहा गया है कि उपायुक्त बोकारो के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट/वाट्स एप नंबर बनाकर आम लोगों को ठगने और भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फर्जी फेसबुक अकाउंट - वाट्स एप नंबर बनाने वाले ठगों पर अविलंब कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। वर्तमान में पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## प्रमुख चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण को लेकर बैठक



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के प्रमुख चौक चौराहों के सौंदर्यकरण एवं पुनर्विकास को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी चौक चौराहों के सौंदर्यकरण के साथ उसके एप्रोच रोड को भी सुंदर बनाना है। हर चौक पर सीसीटीवी कैमरा, ट्राफिक सिग्नल लगाने के लिए स्थल के साथ यूटिलिटी कॉरिडोर का निर्माण करना है। उन्होंने सभी चौक पर एक समान साइन बोर्ड लगाने, होर्डिंग को सड़क से दूर करने, इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले लगाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कम रखरखाव, बेहतर स्थायित्व तथा सुगम यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सौंदर्यकरण करना है। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक ने वाहनों के सुरक्षित आवागमन के लिए चौक पर बेहतर दृश्यता रखने, चौक के चारों ओर स्टेनलेस स्टील ग्रिल से घेर घेराबंदी कर-के उसे आकर्षक बनाने, हर चौक के लिए अलग थीम निर्धारित करने व एकसमान होलोग्राम लगाने का सुझाव दिया। बैठक में सिटी सेंटर, मेमको मोड़, बिरसा चौक, रणधीर वर्मा चौक, पूजा टॉकीज, श्रमिक चौक, जेपी चौक बैंक मोड़, सूर्यदेव सिंह चौक, पॉलिटेक्निक जंक्शन बेकारबांध सहित अन्य चौक चौराहों पर गोल चक्कर और द्वीप का सौंदर्यीकरण, स्पष्ट सड़क चिह्न, पार्किंग के साथ लैंडस्केप, बोलार्ड के साथ फुटपाथ, स्मार्ट ट्रैफिक पोस्ट, रेलिंग और लैंडस्केपिंग के साथ मध्य रेखा पर पेंटिंग, ग्रीन कॉरिडोर, बिलबोर्ड प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट, जेबरा क्रॉसिंग, फुटपाथ सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

## पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए ही चेकिंग अभियान चलाती है : सिविल डिफेंस



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंदनकियारी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में सिविल डिफेंस के ओर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं यातायात नियमों तथा प्राथमिक चिकित्सा का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर चंदनकियारी थाना प्रभारी सूरज कुमार एवं सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन डॉक्टर एस पी वर्मा तथा डॉ पूजा एवं विद्यालय की प्राचार्या अनीता कुमारी उपस्थित थी। इस अवसर पर थाना प्रभारी सूरज कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा एफआईआर एवं बाल अपराध न हो इस बारे मे विस्तार से जानकारी दी। वहीं सिविल डिफेंस के जय प्रकाश सिंह ने यातायात नियमों को विस्तार से बताया और कहा की बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले लोग पुलिस को देख कर इधर उधर भागने लगते हैं, जिसके कारण भी दुर्घटनाएं होती है, जबकि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए चैकिंग अभियान चलाती है ताकि आप सुरक्षित रहें। आपके सर मे ही आपका ब्रेन होता है इसे ही बचाना है। वहीं डॉक्टर पूजा ने दुर्घटना में चेहरे पर लगने वाले चोट ईलाज के बारे मे तथा आए दिन हो रहे बच्चियों पर तेजाब से हमला से बचने के उपाय तथा ईलाज बताया। वहीं यातायात पुलिस पदाधिकारी संजय कच्छप ने हेलमेट नहीं लगाने वाले को एवं चार पहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट नही लगाने वाले के लिए निर्धारित दंड से अवगत कराया। राज्य प्रशिक्षण पदाधिकारी सह डिविजनल वार्डन डॉ एस पी वर्मा ने सिविल डिफेंस सिस्टम के कार्य प्रणाली को समझाते हुए सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को ईलाज करने के गुर सिखाए, जिसमें मुख्य रूप से रक्त प्रवाह को रोकने तथा नियंत्रित करने के उपाय को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा के पदाधिकारी श्री मदन मोहन झा ने विद्यालय परिवार के सदस्यों को इस संस्था जे जुड़कर मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से सिविल डिफेंस, चास के गगन बाउरी एवं विद्यालय परिवार का सहयोग रहा।

## बैठक में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों से डीसी ने मांगा स्पष्टीकरण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा ने डीएमएफटी के तहत कार्यरत विभिन्न एजेंसियों झ पीएमयू टीम के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में विभिन्न एजेंसियों के कार्यपालक अभियंता झ वरीय पदाधिकारी के बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने को लेकर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं चलेगा। बैठक में संबंधित एजेंसियों के सहायक एवं कनीय अभियंता/प्रतिनिधि उपस्थित थे। उपायुक्त ने बैठक में अनुपस्थित कार्यपालक अभियंता तेनुघाट डैम, सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता जिला परिषद, कार्यपालक अभियंता आरईओ, कार्यपालक अभियंता एनआरईपी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी तेनुघाट, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विशेष प्रमंडल, कार्यपालक दंडाधिकारी फुसरो नगर परिषद, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल चास, डीपीएम जेएसएलपीएस आदि से अनुपस्थित रहने का स्पष्टीकरण पूछा है। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब देने एवं जब तक संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता है सभी का वेतन अगले आदेश तक स्थगित करने का संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया है। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि वह कभी किसी भी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर सकते हैं। सभी पदाधिकारी झ कर्मी अपने कार्यालय की व्यवस्था को दुरूस्त रखें। सभी तरह की पंजी को अद्यतन करें, सप्ताह भर से ज्यादा अगर कोई पंजी अपडेट नहीं पाई जाती है, तो संबंधित पदाधिकारी/कर्मी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## विवि सीनेट सदस्य का किया स्वागत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जैनामोड़ स्थित भारतीय जानता पार्टी किसान मोर्चा कार्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता एवं वर्तमान में विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के सीनेट सदस्य रंजीत राय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के सीनेट सदस्य राजेश शाह ,भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हजारीबाग विभाग के पूर्व विभाग संयोजक रंजय भारती का धनबाद जाने के क्रम में अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। जिसमे मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री अर्जुन सिंह उपस्थित रहे साथ ही अभाविप जरीडीह नगर इकाई के अनेक कार्यकता उपस्थित रहे जिसमें अभाविप के पूर्व प्रांत एस एफ डी प्रमुख विवेक पाठक ,पूर्व जिला संयोजक मंजीत सिंह,जरीडीह नगर मंत्री शिवम सिंह,विक्रम सिंह ,राज कुमार ,अजय कुमार पाल गोविन्द महतो इत्यादि उपस्थित रहे ।

## बोकारो स्टील प्लांट में कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल में ठेकेदारों के बीच सुरक्षा के महत्व को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कॉन्ट्रैक्टर सेफ्टी मैनेजमेंट की एलिमेंट स्टीयरिंग कमेटी एवं कॉन्ट्रैक्टर मीट के अंतर्गत एक विशेष सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 09 सितम्बर 2025 को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य सभागार में किया गया. इस कार्यक्रम का आयोजन बीएसएल के सुरक्षा अभियंत्रण विभाग द्वारा किया गया जिसमें संयंत्र के विभिन्न विभागों के लगभग 35 ठेकेदारों ने भाग लिया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) श्री बी.के. सरतापे उपस्थित थे. इस अवसर पर महाप्रबंधक-प्रभारी (सुरक्षा) श्री आनंद रौतेला, उप महाप्रबंधक (सुरक्षा) श्री कुमार रजनीश, सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) श्री ए.डी. रामटेके एवं उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री एस.के. दत्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरूआत में उप महाप्रबंधक (सुरक्षा) श्री कुमार रजनीश ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रुपरेखा से सभी को अवगत कराया. तत्पश्चात मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) श्री बी.के. सरतापे ने सभी प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई तथा अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है. हम सभी की जिम्मेदारी है कि स्वयं के साथ-साथ अपने सहकर्मियों की भी सुरक्षा सुनिश्चित करें. इस अवसर पर सहायक प्रबंधक (सुरक्षा) श्री ए.डी. रामटेके ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कार्यस्थल पर संभावित जोखिमों की पहचान, निवारक उपाय, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के अनिवार्य उपयोग एवं सुरक्षित कार्य पद्धतियों जैसे विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी साझा की. यह कार्यक्रम बीएसएल की ठेकेदारों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सुरक्षा संस्कृति को और सुदृढ़ करने तथा अपने हितधारकों के लिए सुरक्षित एवं स्वस्थ कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है.

**एक ₹नए सफर की शुरूआत₹ कार्यक्रम का आयोजन**

बोकारो स्टील प्लांट से सितम्बर '2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 27 कार्मिकों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृत्ति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से आज दिनाँक 09 सितम्बर को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के द्वारा "एक नए सफर की शुरूआत" कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया. डॉ साकेत मिश्रा , ए सी एम ओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन तथा योग गुरु श्री के बी मिश्रा ने योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन शैली के बारे में बताया. उप महा प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) श्री अनुपम शी ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन तथा नगर प्रशासन विभाग से श्री जितेंद्र कुमार, सहायक महाप्रबंधक ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी. पंजाब नेशनल बैंक सेक्टर 04 के ब्राँच हेड श्री दीपक कुमार लोहानी तथा उनकी टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनो को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी. सुश्री अनीता झा (मानव संसाधनअंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com